सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 25 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 25, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 330 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और सेंसेक्स में 330 अंक और निफ्टी में 113 अंक की गिरावट दर्ज की गई। } 14

विज्ञान से लाभदायक व्यवसाय बन जाती है कृषि

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विज्ञान के सहकारी क्षेत्र का हिस्सा बनने पर कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन जाती है और मजबूत सहकारी क्षेत्र सही मायने में आत्मनिर्भर होने का संकेत देता है। } 16

गणतंत्र दिवस परेड का हुआ पूर्वाभ्यास

राजधानी लखनऊ में गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान टैंक से सलामी देता सेना का जवान

पूर्व सरकारों ने की जातिवाद व परिवारवाद की राजनीति : योगी

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए कहा कि जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों ने जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्तियों का उत्थान नहीं किया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। आदित्यनाथ की जनसभा के कुछ घंटे पहले ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि भाजपा राज में पक्षपात की उल्टी गणित : जो पीडीए समाज संख्या में 90 प्रतिशत हैं, अयोध्या में प्रशासनिक नियुक्तियों में उस पीडीए समाज की हिस्सेदारी केवल 20 प्रतिशत के करीब है। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा जिनकी संख्या 10 प्रतिशत है उन प्रभुत्ववादियों की प्रशासनिक पदों पर 80 प्रतिशत नियुक्तियां की गई हैं। और कुछ नहीं कहना है। सपा के पीडीए का आशय पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पलटवार करते कहा, जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्तियों का उत्थान नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मांगा वोट

भारत को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभायेगा यूपी

❍ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने उप्र दिवस समारोह का उद्घाटन किया ❍ छह लोगों को मिला उप्र गौरव सम्मान

योगी सरकार आने से यूपी में हुआ 180 डिग्री का परिवर्तन : धनखड़

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि उनके आने से यूपी में 180 डिग्री परिवर्तन हो गया। धनखड़ ने कहा कि एक मामले में सीएम योगी कटघरे में हैं क्योंकि उन्होंने अपराध पर करारा प्रहार किया है और राज्य की कानून व्यवस्था बेहतर कर दी है। उपराष्ट्रपति शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दिवस के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महाकुम्भ के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। वह 1 फरवरी को परिवार के साथ कुम्भ में डुबकी लगायेंगे। वहां राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लूंगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यूपी के लोगों को अब विकास का चस्का लग गया। विकसित भारत में सबसे बड़ी आहुति यूपी को देनी है और आने वाले वक्त में यूपी देश का नंबर एक राज्य बनेगा। यूपी दिवस के मौके पर जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के पोर्टल को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यूपी में सुखद वातावरण और अनलिमिटेड पोटेंशियल है। मुख्यमंत्री युवा योजना बहुत अच्छी है और सरल भी है। यूपी की पहचान विकास की रफ्तार है। सीएम योगी ने चमत्कार कर दिया। यूपी की पहचान पहले कानून-व्यवस्था की चिंता वाली थी। लगता था कि यूपी किसी चक्रव्यूह में फंसा है लेकिन मुख्यमंत्री राज्य को इससे बाहर निकाल ले आए। उन्होंने कहा कि लगातार दो बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले योगी पहले नेता हैं। जगदीप धनखड़ ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को गणेश प्रतिमा देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी

राज्य को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का लें संकल्प : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो पावर्टी' लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश में सर्वेक्षण चल रहा है। हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष जब हम उत्तर प्रदेश दिवस मनाएं तब हर गरीब के पास सिर छिपाने के लिए छत हो, जमीन का पट्टा हो, आयुष्मान कार्ड और पेंशन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश के छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। यह श्रद्धालु यहां से देशभर में एकता का संदेश लेकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

अमूल दूध के दाम एक रुपये घटे

नयी दिल्ली। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने देश भर में दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि, कीमतों में यह कटौती केवल एक लीटर वाले पैकेट पर की गई है। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा हमने समूचे भारत में एक लीटर वाले पैकेट की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। उन्होंने कहा इसका मकसद उपभोक्ताओं को दूध के बड़े पैकेट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। दिल्ली में अमूल गोल्ड दूध की कीमत 68 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 67 रुपये कर दी गई है, जबकि अमूल ताजा की कीमत अब 56 रुपये प्रति लीटर से घटकर 55 रुपये हो जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीसीएमएमएफ का कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपये हो गया। मेहता ने पहले कहा था कि सहकारी समिति को मजबूत मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद है।

मध्य प्रदेश के 17 शहरों में शराब की दुकानें बंद

खरगोन (मप्र)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण 17 शहरों में शराब की दुकानें बंद करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि खरगोन जिले के महेश्वर में मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। इन 17 शहरों में एक नगर निगम, छह नगर पालिकाएं, छह नगर परिषद और छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, राज्य में शराब की लत को खत्म करने के लिए पहले कदम के तौर पर 17 पवित्र शहरों में शराब की दुकानें बंद की जाएंगी। ये दुकानें किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित नहीं की जाएंगी। उज्जैन नगर निगम की सीमा में शराब की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी।

किन्नर अखाड़ा से जुड़ी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी

महाकुंभनगर। अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने आध्यात्मिक दुनिया में कदम रखते हुए शुक्रवार को किन्नर अखाड़े के अंतर्गत खुद का पिंडदान कर संन्यास ग्रहण कर लिया और शाम सात बजे के करीब उनका महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक किया जाएगा। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने बताया कि ममता कुलकर्णी ने आज गंगा तट पर अपना पिंडदान किया और शाम सात बजे उनका महामंडलेश्वर के पद पर पट्टाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को दीक्षा देंगी। टीना मां के अनुसार, ममता पिछले दो वर्षों से जूना अखाड़ा से जुड़ी रही हैं और दो-तीन महीने पहले वह किन्नर अखाड़े के संपर्क में आई थीं।

महाराष्ट्र : आयुध फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत

धमाके से गिरी छत के नीचे दबे कई कर्मचारी, बचाव कार्य जारी

एजेंसी

भंडारा (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। गडकरी ने संवाददाताओं से कहा, शुरुआती जानकारी के अनुसार, विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और सात लोगों के घायल होने की सूचना है।

इससे पहले, उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया था यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भंडारा जिले में एक आयुध कारखाने में विस्फोट और छत गिरने से एक कर्मी की मौत हो गई तथा कई अन्य मलबे में फंस गए। घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण इकाई की छत गिर गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि घटनास्थल पर 13 से 14 कर्मी फंस गए हैं। पुलिस एवं जिला अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित आयुध फैक्टरी के एलटीपी सेक्शन ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीबीआई ने क्रिप्टो पोंजी घोटाले का किया भंडाफोड़

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सात लोगों के खिलाफ 350 करोड़ रुपये के क्रिप्टो पोंजी घोटाले का मामला दर्ज करने के बाद इस सिलसिले में सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, रतलाम, वलसाड, पुडुक्कोट्टई और चित्तौड़गढ़ शहरों में स्थित सात अलग-अलग मॉड्यूल चला रहे थे, जो क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का वादा करके निवेशकों से पैसे लेते थे। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा इन पोंजी योजनाओं को अनेक सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा था। बैंक खातों के लेन-देन और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट्स के विश्लेषण से ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रीय खेलों को मिला आईओसी का साथ

मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों से ब्रांज स्पांसर बनी कंपनी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय खेलों के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का साथ उत्तराखंड को मिला है। आईओसी की ओर से आयोजन के लिए स्पॉन्सरशिप देने में अपनी सहमति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय खेलों को स्पोंसरशिप दिलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। उत्तराखंड को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की ओर से आधिकारिक पत्र प्राप्त हो गया है। इसके बाद, उत्तराखंड ने आईओसी को राष्ट्रीय खेलों का ब्रॉन्ज स्पॉन्सर बना दिया है। आयोजन के प्रचार-प्रसार में अब आईओसी भी नजर आएगा। यह स्पोसंरशिप कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद में आईओसी जल्द ही यह तय करेगा कि इस आयोजन के लिए उसकी स्पॉन्सरशिप का आकार क्या होगा। 28 जनवरी को जिस दिन राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन हो रहा है, उसी दिन आईओसी की बोर्ड बैठक भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ही स्पॉन्सरशिप के आकार पर निर्णय ले लिया जाएगा। बहरहाल, आईओसी ने स्पॉन्सरशिप के लिए प्रारंभिक सहमति दे दी है। राष्ट्रीय खेलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार-आईओसी का स्पॉन्सरशिप ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.

न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि है यूपी (पृष्ठ-02)

❍ 5 हजार महिला परिचालकों की संविदा पर होगी भर्ती (पृष्ठ-02)

❍ भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 623.98 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)

❍ ईएसआईसी ने जोड़े 16.07 लाख नये सदस्य (पृष्ठ-14)

❍ बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत की (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — डॉ. अखिलेश दास के सपनों को साकार कर रहे हैं विराज सागर दास

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने राजधानी में जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार करने के लिए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा लगातार राजधानी लखनऊ में सामाजिक कार्य तथा गरीबों, असहायों की मदद करने व भीषण सर्दी में अलाव की व्यवस्था कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है।

जाड़े की रातों में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से राहत दिलाने के लिए अलाव जलाने की जहां तक बात है, राजधानी लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन सदैव अपने पुनीत कार्यों के लिए लोकप्रिय रहा है। फाउंडेशन द्वारा इस भीषणसर्दी में आम जनता को निजात दिलाने के लिए लगातार राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा जलवाये गये अलाव में हाथ तापते लोग

शुक्रवार को डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की एक टीम ने जहां ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स ऑफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाया और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत पहुंचाने का काम किया, वहीं दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु

वक्फ विधेयक संबंधी संसदीय समिति की बैठक में हंगामा

एजेंसी

❍ 10 विपक्षी सदस्यों को किया गया निलंबित

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल 10 विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ विरोध जताने तथा प्रक्रियाओं को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाए जाने के बाद शुक्रवार को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे थे। पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की। समिति के अध्यक्ष पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, इसे दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया। निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक (तृणमूल कांग्रेस), मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), ए राजा और मोहम्मद ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ के आकाश में समुद्र मंथन का जीवंत चित्रण

सबसे बड़े ड्रोन शो का शुभारंभ, आज ड्रोन शो के माध्यम से संगम तट पर संस्कृति, अध्यात्म और तकनीकी संगम का अद्भुत नजारा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/महाकुंभनगर। 144 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में प्रदेश के सबसे बड़े ड्रोन शो का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने शुक्रवार देर शाम आकाश में समुद्र मंथन का जीवंत चित्रण देखा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित 2,500 ड्रोन का विशाल शो शनिवार और रविवार को भी दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आज मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को ड्रोन के माध्यम से भारतीय गौरवशाली संस्कृति, अध्यात्म और तकनीकी का अनूठा समन्वय देखने को मिला। आकाश नीली रोशनी से जगमगा उठा और रंग बिरंगे धार्मिक प्रतीकों की अद्भुत छटा प्रस्तुत की गयी।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ क्षेत्र सेक्टर-7 में ड्रोन शो का शुभारंभ शंख ध्वनि के साथ हुआ। महाकुंभ की गाथा को अनोखे रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने समुद्र मंथन के महाकाव्य को आकाश के विशाल कैनवास पर जीवंत होते देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में पर्यटन विभाग ने महाकुम्भ मेले को एक वैश्विक तीर्थ स्थल का रूप दिया है। भक्तजनों के लिए प्रयागराज में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं यातायात व्यवस्थाएं और महिला सुरक्षा की व्यवस्था उपलब्ध हैं।

जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के इस पवित्र अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान का महत्व अनमोल है। गंगा, यमुना और सरस्वती की मिलन स्थली में मनुष्य को आत्मा की शुद्धि का और भगवान के साथ एकाकार होने का अनुभव होता है। यहां का हर जल कण, समृद्धि, आस्था और तात्त्विक शक्ति से परिपूर्ण है। यहीं भक्तों को मोक्ष की राह मिलती है। 144 वर्षों में एक बार होने वाले आस्था के इस पर्व में आज देश-विदेश से करोड़ों भक्तजन सम्मिलित हैं।पर्यटन मंत्री ने बताया कि महाकुंभ के सांस्कृतिक और धार्मिक वैभव को उजागर करके, उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाया है। उत्तर प्रदेश आज न केवल भारत का आध्यात्मिक केंद्र है, बल्कि विज्ञान, तकनीक और सतत विकास में भी अग्रणी है। यूपी टूरिज्म की इसी नवीन सोच ने आज ड्रोन शो के माध्यम से प्रौद्योगिकी और परंपरा का यह अद्भुत संगम संभव किया है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत की प्राचीन परंपराओं को संरक्षित करने का पवित्र दायित्व उठाया है। परंपराओं की नींव पर खड़ा, आज का उत्तर प्रदेश आधुनिकता और नवाचार में भी भारत के अग्रणी राज्यों में से एक है। उ0प्र0 के कौशल एवं सामर्थ्य से आज का उप्र सशक्त, गर्वित और निर्भीक है। साथ ही आधुनिक तकनीकी एवं विकास की एक नई इबारत लिख रहा है।

मेला क्षेत्र में निकली स्वच्छता जागरूकता रैली

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 को दिव्य भव्य के साथ स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ बनाने का संकल्प यूपी की योगी सरकार ने लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर बनाये गये स्वच्छ कुम्भ कोष से लगभग 15000 स्वच्छताकर्मी और 1800 से अधिक गंगा सेवा दूत महाकुम्भ में पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ बना रहे हैं। इसके साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसी क्रम में महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें 200 से अधिक गंगा सेवादूत और स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया।

200 से अधिक गंगा सेवादूतों और स्वच्छता मित्रों ने लिया हिस्सा : स्वच्छ और स्वस्थ्य महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने की दिशा में मेला क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मेला प्राधिकरण की सैनिटेशन टीम ने निकाली, जिसमें 200 से अधिक गंगा सेवादूतों और स्वच्छता मित्रों ने भाग लिया। 'स्वच्छता जागरुकता रैली' का उद्देश्य

- **रैली ने आम जनमानस को दिया स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संदेश**
- **200 से अधिक गंगासेवा दूत और स्वच्छता कर्मियों ने निकाली स्वच्छता रैली**
- **महाकुम्भ में आये श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**
- **मेला क्षेत्र के जवाहर जीटी रोड से होते हुए संगम नोज पर समाप्त हुई रैली**

लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना और मेला क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाना था ' रैली मेला क्षेत्र सेक्टर 1 के काली मार्ग झ जवाहर लाल नेहरू मार्ग तिराहे से शुरू होकर लाल मार्ग ,त्रिवेणी मार्ग, संगम वापसी मार्ग ,अक्षय वट मार्ग होते हुए सेक्टर 3 के संगम नोज पर समाप्त हुई ।

स्वच्छता को लेकर किया गया जागरूक : स्वच्छता जागरूकता रैली में गंगा सेवा दूत स्वच्छता संदेश लिखे पोस्टर बैनर लिये चल रहे थे। साथ ही एक स्वर में स्वच्छता संदेशों के नारे लगा रहे थे। स्वच्छ महाकुम्भ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ में आम जन की सहभगिता बढ़ाने, शौचालयों व कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही महाकुम्भ मेले में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को प्रयोग न करने का भी संदेश दिया गया। रैली के संचालक एसडीएम आशुतोष ने बताया कि समय-समय पर मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टरों में इस तरह स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जा रही है जो श्रद्धालुओं को स्वच्छ महाकुम्भ अभियान में जुड़ने के लिये सकारात्मक रूप से प्रेरित करती है।

अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि है यूपी : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाकुंभनगर के कला कुंभ परिसर, सेक्टर-07 में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यक्रम को

- **उ.प्र. स्थापना दिवस विकास और विरासत की यात्रा में कला कुंभ का योगदान : केशव**

संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, अपनी सांस्कृतिक धरोहरों और समृद्ध परंपराओं के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस स्थापना दिवस की थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश राज्य की प्रगति को नई दिशा देने का संकल्प है।

कला कुंभ परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस भव्य आयोजन में प्रदेश की विविधता और समृद्ध परंपराओं को दशार्ते हुए संगोष्ठियां, रोड शो और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रदेशवासियों को एकता और प्रगति के लिए प्रेरित करता है। कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य के स्थापना दिवस पर आज पूरे प्रदेश में उत्साह और गर्व का माहौल है। अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित भारत की संकल्प यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह दिन प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकास यात्रा को सम्मानित करने का प्रतीक है।

महिला मुखिया के नाम ही आवंटित होंगे ग्रामीण पक्के आवास : उप मुख्यमंत्री

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत दिये जाने वाले पक्के आवास केवल महिला मुखिया के नाम ही स्वीकृति किये जाएं तथा जनपद स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा कर इसे सुनिश्चित कराया जाए, जो आवास पुरूष के नाम स्वीकृत हैं, उनके साथ महिला मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से आवास सॉफ्ट पर उपलब्ध विकल्प माध्यम से जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवासों का आवंटन महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से किया जा रहा है। महिला मुखिया के नाम आवास स्वीकृत किये जाने के पीछे उद्देश्य यह है कि उनके भीतर स्वामित्व का भाव आये तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम स्वीकृत आवास 40.14 प्रतिशत है तथा पति-पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृत आवास का प्रतिशत 51.74 है।

परिवहन निगम में 5 हजार संविदा महिला परिचालकों की होगी भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में लगभग 05 हजार महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जायेगा। महिला अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उप्र कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट की योग्यात के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्ताकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में

- **महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद वाले डिपो में रखा जायेगा: दयाशंकर सिंह**

प्राप्तकों पर 05 प्रतिशत का वेटेज भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला परिचालकों को संविदा चालकों/परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जायेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में नियुक्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परिचालक पद पर भर्ती के लिए 06 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी, एवं 04 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा। 06 फरवरी को नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर 17 फरवरी को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी, 20 फरवरी को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़ एवं 04 मार्च को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम-बांदा, प्रयागराज क्षेत्रों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के साथ-साथ निगम की बेवसाइट www.upsrtc.com पर ऑनलाइन ऐप्लीकेशन का क्षेत्रवार पृथक-पृथक लिंक भी प्रोवाइड कराया जाएगा। प्रमाणपत्रों का सत्यापन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जाएगा।

भाजपा संविधान पर हमला कर रही है : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम रेहरया, पोस्ट सोनौली, ब्लाक-बनीकोडर, विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद, जनपद बाराबंकी में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम जय बापू-जय भीम-जय संविधान के तहत संविधान

- **कांग्रेस ने बाराबंकी में आयोजित किया संविधान महासम्मेलन**

महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय बाराबंकी के सांसद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अब्दुल्ला शेर खां ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई।

इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जय बापू-जय भीम-जय संविधान कार्यक्रम जरूरत आज इसलिए पड़ी कि जबसे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से लगातार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर हमला किया जा रहा है। इनकी पहले दिन से मंशा रही है कि किसी तरह से संविधान को बदल कर आरएसएस की विचारधारा को लागू किया जाए। इन लोगों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान से नफरत है, बाबा साहब के आदर्शो से नफरत है। इसीलिए संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी कुंठा जाहिर करते हुए बाबा साहब का अपमान किया। श्री राय ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का यह बयान कहीं ना कहीं उनकी मानसिकता को उजागर करता है और यह दशार्ता है कि यह लोग कितना ज्यादा संविधान का विरोध करते हैं। इन लोगों को संविधान का अनादर करने से एवं उसको बदलने से रोकने के लिए हमें डट कर खड़े होना होगा और आने वाले चुनाव में इन्हें वोट की चोट से यह बताना होगा कि संविधान ही इस देश के मूल में है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आगे कहा कि देश और प्रदेश की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार समेत अन्य मूलभूत मुद्दों पर चर्चा चाहती है, इन मुद्दों पर कार्य चाहती है लेकिन बीजेपी सरकार बार-बार जनता को नफरत की आग में झोंक रही है।इस दौरान अपने सम्बोधन में सांसद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने कहा कि जननायक राहुल गांधी इस देश में सामाजिक न्याय एवं संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। वह महात्मा गांधी जी ने एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर जी के बताए गये रास्ते पर चलकर उनके आर्दशों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर अखिलेश यादव ने किया नमन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में आज समाजवादी आंदोलन के वरिष्ठ नेता, जननायक के नाम से लोकप्रिय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी की जयंती सादगी से मनायी गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कपूर्री ठाकुर ने डॉ.लोहिया, जय प्रकाश नारायण के साथ समाजवादी आंदोलन और सामाजिक न्याय की लड़ाई में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने बिहार में अति पिछड़ों को आरक्षण दिया था।

जननायक कपूर्री ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख थे राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद, महबूब अली सभापति लोकलेखा समिति, इं.यशवीर एवं अरविन्द कुमार

सिंह, आलोक तिवारी पूर्व सदस्य राज्यसभा सहित विधायकगण शाहिद मंजूर, रविदास मेहरोत्रा, लकी यादव, नादिरा सुल्ताना, प्रदीप यादव, ऊषा मौर्य, मनोज पारस, सचिन यादव, रामवृक्ष यादव पूर्व एमएलसी, संजय सविता विद्यार्थी, आलोक त्रिपाठी, एसके राय, विजयश्री गौतम, अतहर हुसैन, राशिद, अभिषेक दीक्षित तथा फैसल हुसैन, राजेश यादव, जिया चौधरी आदि अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

किसानों की जमीनों को जबरन अधिग्रहीत कर रही सरकार :अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया है। भाजपा के लोग जमीनों पर कब्जा कर रहे है। सरकार गरीबों और किसानों की जमीनों को कम कीमतों में जबरन अधिग्रहण कर भाजपाइयों को बेच रही है। अयोध्या से लेकर पूरे प्रदेश के किसान भाजपा की जमीन कब्जाने की नीति से पीड़ित है। किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार अपराधियों, माफियाओं को संरक्षण देती है। अपराधी सत्ता के संरक्षण में खुलेआम गरीबों पर अत्याचार कर रहे है। भाजपा सरकार विकास विरोधी और पीडीए विरोधी है। पीडीए के साथ भेदभाव करती है। पीडीए को हर जगह प्रताड़ित किया जा रहा है। अधिकारियों, कर्मचारियों को हर तरह से परेशान किया जा रहा है। इस सरकार ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया। महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। किसान, नौजवान महिलाएं त्रस्त है। मुख्यमंत्री जी के पास जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है। मुख्यमंत्री जी के पास झूठ और लफ्फाजी के अलावा कुछ नहीं है। नफरत और नकारात्मक राजनीति ही मुख्यमंत्री की पहचान है। वह पीडीए से घबराए हुए है। पीडीए के अधिकारियों, कर्मचारियों से नफरत करते है। मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा का कोई भान नहीं है। संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रहे है। जनता अब इनकी नकारात्मक राजनीति का अंत करने को तैयार है।

उत्तर प्रदेश की छह हस्तियों ने अदम्य इच्छाशक्ति व मेहनत से बनाया बड़ा मुकाम

उपराष्ट्रपति ने कृष्ण कान्त, हिमांशु गुप्ता, मनीष वर्मा, कृष्णा यादव, सुभाष देशवाल व जय सिंह को दिया उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

संजय धीमान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति जगदीद धनखड़ छह विशिष्ट लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के साथ 11 लाख रुपये की धनराशि दी तो सम्मानित होने वाले लोगों के चेहरे खिल उठे। अदम्य इच्छाशक्ति और मेहनत के दम पर जब उन्हें मंच पर बुलाया गया तो उन्हें लगा कि उनके किए गए कार्य को यूपी सरकार ने सिर आंखो पर उठा लिया है।

बुलंदशहर की उद्यमी कृष्णा यादव और रिटायर्ड कर्नल सुभाष देशवाल भी हैं। दोनों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और मेहनत के दम पर अपना कारोबार स्थापित किया। कृष्णा अचार के अपने उद्यम को आज इस मुकाम पर ले आई हैं कि सालाना टर्नओवर 5 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका , वहीं सुभाष की कंपनी अंग्रेजी गाजर की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनियों में से एक है। दिल्ली के नजफगढ़ की रहने वाली कृष्णा यादव ने एक छोटे से कमरे से अपने कारोबार की शुरूआत की थी। वह पढ़ी-लिखी नहीं हैं। इसके बाद भी उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल की है। कृष्णा यादव को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 2015 में नारी शक्ति सम्मान के लिए चुना गया था। आज वे 100 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार दे रही हैं।

रिटायर्ड कर्नल सुभाष देशवाल आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनकी कंपनी सनशाइन वेजिटेबल्स भारत में अंग्रेजी गाजर के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। इस कंपनी की शुरूआत 2006 में कर्नल (सेवानिवृत्त) सुभाष देशवाल ने अपने दोस्त लाल किशन यादव के साथ मिलकर की थी। सुभाष बताते हैं कि 2005 में खेती को फिर से सीखने के विचार से आईसीएआर, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय आदि के कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क किया। कई जगहों की यात्रा की और सीधे वैज्ञानिकों से संपर्क किया। उनमें से ज्यादातर इस बात से खुश थे कि एक सैन्यकर्मी ने खेती करना शुरू किया है। सुभाष बताते हैं कि अंग्रेजी गाजर उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी है, जो यूरोप में पाई जाती है। यह आमतौर पर भारत में नहीं उगाई जाती है। 2006 में दोनों ने सनशाइन वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड शुरू करने का फैसला किया। 2007 से हम हर साल मार्च में करीब 20,000 मीट्रिक टन गाजर की कटाई करते आ रहे हैं। यह सभी अनुबंधित किसानों और लीज पर ली गई जमीनों से एकत्रित की गई उपज है। इसका आधा हिस्सा सीधे बाजारों में भेजा जाता है, बाकी आधा भंडारित किया जाता है। इसे अगले महीनों में पूरे देश में वितरण के लिए भेजा जाता है। आज कर्नल देसवाल अपने उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा के कारण गाजर राजा के नाम से मशहूर हैं। कंपनी में 1000 कर्मचारी हैं। सिकंदराबाद से हर साल 20,000 मीट्रिक टन से ज्यादा अंग्रेजी गाजर का उत्पादन होता है, जिसे पूरे देश में वितरित किया जाता है। कृष्णकांत शुक्ला वर्तमान में वाराणसी में रहते है वह दिवंगत पंडित कुमार गधर्व और उस्ताद अली अकबर खान के शिष्य है। शुक्ला एक भौतिक विज्ञानी और शिक्षक है। उनके संगीत समारोहों में भारतीय शास्त्रीय संगीत के आधार पर भारत के आत्म साक्षात्कारी संतो जैसे कबीर, गोरक्षनाथ, तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई की कविताएं इनके द्वारा प्रस्तुत की जाती है। उन्होंने इन गानों का अंग्रेजी में अनुवाद भी किया है। उन्होंने ग्रामीण भारत के विलुप्त होते जा रहे लोकगीतों पर भी बड़े पैमाने पर शोध एवं अभिलेखीकरण का कार्य किया है। इनमें से कुछ गीत लुप्तप्राय जीवित मौखिक लोक परंपराओं से संबंधित है जो चौदह सौ वर्ष से अधिक पुरानी है। हिमांशु गुप्ता के जीवन की शुरूआत विनम्र रहीं, उनका जन्म और पालन पोषण यूपी के वृन्दावन में हुआ। हिमांशु गुप्ता जलवायु-परिवर्तन में एक भारतीय अमेरिकी ऊर्जा नीति विशेषज्ञ, इंजीनियर और उद्यमी है। गुप्ता ने 2011 के बाद से नवीकरणीय और कम कार्बन ऊर्जा में विशेषता वाले ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार के लिए भूमिकाएं निभाई। 2012 में उन्होंने राष्ट्रीय पंचवर्षीय योजना में भारत के नवीकरणीय ऊर्जा अध्याय का मसौदा तैया किया और बनाया। 2016 में भारत में ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में उनके काम के लिए हिमांशु को प्रतिष्ठित फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया था।

उन्होंने 2017 में क्लाइमेटएआई की सह स्थापना की, और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर जलवायु परिवर्तन के जोखिम का मॉडल तैयार किया है। मनीष वर्मा कानपुर के निवासी है। इनके द्वारा प्रदेश के निर्धन कृषकों एससी/एसटी एव पिछड़े वर्ग के कृषकों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रमाणित बीजो का उत्पादन कराया जाता है इनके द्वारा वेयर हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डा. जय सिंह को भी उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है।

पावर लिफ्टर प्रणव मिश्रा ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन प्रणव मिश्रा ने भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रणव मिश्रा ने हाल में हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है। इससे पूर्व वे अलीगढ़ में पावरलिफ्टिंग और स्ट्रेन्थलिफ्टिंग की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुके है। उन्होंने उत्तर प्रदेश और संडीला कस्बे का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रणव मिश्रा के साथ आये अभिषेक दीक्षित एडवोकेट भी उपस्थित रहे।

किफायती दरों पर आवासों के निर्माण का पूरा होगा सपना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 योजना के तहत जल्द ही किफायती आवासों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। योजना के पात्रों की पात्रता, चयन और आवासों के

- **आवास निर्माण, खरीदने व किराये पर लेने के लिए मिल सकेगी मदद**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के दिशा निर्देश जारी**

निर्माण को लेकर दिशा निर्देश शासन ने जारी कर दिए हैं। इस योजना से दुर्बल आय वर्ग व निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के गरीब एवं मध्य वर्गीय परिवारों को शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास निर्माण, क्रय व किराये पर लेने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) योजना और किफायती आवास (एएचपी) योजना में वरिष्ठ नागरिकों को 30 हजार रुपये और विधवा व परित्यकता के कारण एकल महिलाओं को 20 हजार रुपये का विशेष अनुदान दिया जाएगा। बीएलसी योजना में 12 माह या उससे कम समय में आवास पूर्ण करने वाले लाभार्थी को 10 हजार रुपये की पुरस्कार की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को चार घटकों में विभाजित किया गया है। लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पात्र परिवारों को उनकी 30 से 45 वर्गमीटर की भूमि पर नए पक्के आवासों के निर्माण के लिए केंद्रीयत सहायता 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की सहायता एक लाख रुपये दी जाएगी। इसे लाभार्थी को 40:40:20 के अनुपात में तीन किस्तों में दिया जाएगा। आवास के निर्माण की शेष लागत लाभार्थी वहन करेंगे। इस योजना में 12 माह या उससे कम समय में आवास पूर्ण करने वाले लाभार्थी को 10 हजार रुपये पुरस्कार की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी। इसी तरह भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) योजना में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों के लिए सार्वजनिक/निजी संस्थाएं 30-45 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के किफायती आवासों का निर्माण करेंगी। प्रति आवास इकाई पर 2.50 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें केंद्र की

ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार एक लाख रुपये सब्सिडी देगी।

स्लम के पुनर्विकास के लिए भी मिलेगा फायदा : नवीन निर्माण तकनीकों का उपयोग करने वाली एएचपी परियोजनाओं को 30 वर्ग मीटर कारपेट क्षेत्र तक प्रति आवास एक हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से प्रौद्योगिकी नवाचार अनुदान (टीआइजी) केंद्रांश के रूप में प्रदान किया जाएगा, जिसके सापेक्ष 60:40 के अनुपात में राज्य सरकार 667 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से अनुदान प्रदान करेगी। टीआईजी केवल उन परियोजनाओं के लिए लागू होगा, जो नवीन और वैकल्पिक तकनीकों का उपयोग करेंगी। सभी वैधानिक अनुमोदन प्राप्त परियोजनाओं को 18 से 24 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। इस योजना में शहरी स्थानीय निकाय या सार्वजनिक भूमि पर स्थित जीर्णशीर्ण स्थिति वाले स्लम के पुनर्विकास का प्रस्ताव भी बनाया जा सकेगा।

इसके तहत मौजूदा स्लम को तोड़कर सभी बुनियादी सुविधाओं और सामाजिक बुनियादी ढांचे के साथ बहुमंजिला इमारत के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा। इसी तरह अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग (एआरएच) योजना से शहरी प्रवासियों/बेघर / निराश्रित/औद्योगिक श्रमिकों/कामकाजी महिलाओं/निर्माण श्रमिकों/छात्रों सहित ईडब्ल्यूएस/ एलआइजी लाभार्थियों के लिए किफायती किराये के आवास को बढ़ावा दिया जाएगा।

पांच वार्षिक किस्तों में 1.80 लाख रुपये की सब्सिडी : ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी के लाभार्थी 35 लाख रुपये तक के आवास मूल्य के लिए 25 लाख रुपये तक का ऋण लेते हैं, वे 12 वर्ष की अवधि तक पहले 8 लाख के ऋण पर चार प्रतिशत ब्याज की सब्सिडी के लिए पात्र होंगे। शुद्ध वर्तमान मूल्य गणना के आधार पर पात्र लाभार्थियों को पांच वार्षिक किस्तों में अधिकतम 1.80 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।

यह है शर्त : इस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी के लिए आवासों का कारपेट एरिया अधिकतम 120 वर्ग मीटर तक का होगा। पीएम आवास योजना- शहरी 2.0 के अंतर्गत बने या आवंटित आवास परिवार की महिला मुखिया के नाम पर या पति और पत्नी दोनों के नाम पर संयुक्त रूप से होगा। यदि परिवार में कोई महिला व्यस्क सदस्य नहीं है तो आवास परिवार के पुरुष सदस्य के नाम पर होगा।

भाषा विवि ने मनाया यूपी दिवस का उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा सांस्कृतिक समिति के सहयोग से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम का समन्वयन एनसीसी एएनओ डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अल्वेरा ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में रजिस्ट्रार डॉ महेश कुमार, प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एहतिशाम अहमद और प्रो. हैदर अली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ के मार्गदर्शन में एक रैली का आयोजन किया,

जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरी और प्रदेश की उपलब्धियों व राष्ट्रीय प्रगति में इसके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया। यह कार्यक्रम छात्रों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

हलवासिया मार्केट, बटलर पैलेस में शत्रु संपत्तियों का होगा सर्वे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज स्थित शत्रु संपत्ति काकर वाली कोठी (हलवासिया बिल्डिंग) का संयुक्त सर्वेक्षण होगा। इसकी वर्तमान में क्या स्थिति है, किसी प्रकार का कोई विवाद तो नहीं है। इसकी

- **शत्रु संपति अभिरक्षक कार्यालय ने एलडीए से मांगे नक्शा व अभिलेख**

पड़ताल के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा अभिरक्षक शत्रु संपत्ति कार्यालय की संयुक्त टीम सर्वेक्षण करेगी। इसके साथ ही राजा महमूदाबाद की घोषित शत्रु सम्पत्ति हलवासिया मार्केट, महात्मागांधी मार्ग, बटलर पैलेस, तिलक मार्ग के अभिलेख व नक्शा एलडीए से मांगा है। जिससे शत्रु सम्पतियों का सीमांकन किया जा सकेगा। इस बाबत भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के ब्रिगेडियर की ओर से एलडीए के सचिव को पत्र भेजा गया है।

इन संपत्तियों में लोग रह रहे हैं। इनमें से कई इमारतें जर्जर हो चुकी हैं या फिर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा के लिहाज से यह सर्वे किया जाएगा। इस दौरान यह देखा जाएगा कि इन संपत्तियों की मौके की क्या स्थिति है। यहां किन लोगों का कब्जा है। गृह सचिव भारत सरकार की ओर से निर्देश दिया गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ के हजरतगंज में स्थित शत्रु संपत्ति कांकर वाली कोठी (हलवासिया बिल्डिंग) जो राजा महमूदाबाद की ओर से हलवासिया को 90 वर्ष के लिए लीज पर दी गई थी। इसकी लीज 30 सितंबर 2027 को समाप्त हो रही है। गृह सचिव के निर्देश पर इसका संयुक्त

सर्वेक्षण कराया जाएगा। इससे यह सुनिशित किया जाएगा कि हलवासिया की ओर से इस संपत्ति पर क्या कोई तृतीय पक्ष अधिकार बनाया गया है अथवा नहीं? भारत सरकार के गृह सचिव की ओर से 13 दिसंबर 2024 को शत्रु सम्पत्ति के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक बुलायी गई थी जिसमे प्रतिभाग करने के लिए मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश की ओर से मनीषा त्रिघाटिया नोडल अधिकारी शत्रु सम्पत्ति आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश को भेजा गया था। बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन कराए जाने को लेकर संयुक्त सर्वेक्षण टीम का गठन किया जाना है। इस टीम में एलडीए से विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। टीम ब्रिगेडियर यशपाल सिंह (रि) मुख्य पर्यवक्षक, अभिरक्षक शत्रु संपत्ति कार्यालय, सुनील कुमार, पर्यवेक्षक, अतुल त्रिपाठी, सर्वेक्षक तथा एलडीए के अधिकारी संयुक्त रूप से सर्वेक्षण करेंगे। भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक का कार्यालय शत्रु संपत्ति अधिनियम-1968 के प्रावधानों के तहत शत्रु संपत्तियों के संरक्षण, प्रबंधन, नियंत्रण और बिक्री के लिए एक वैधानिक प्राधिकरण है। जिन नागरिकों ने चीन या पाकिस्तान की नागरिकता प्राप्त कर ली है। उनकी छोड़ी गयी संपत्तियां शत्रु संपत्ति के रूप में घोषित की जाती है। ज्यादातर शत्रु संपत्तियां (आवासीय/वाणिज्जिक) आजादी के समय से पूर्व की निर्मित हैं। वर्तमान मे उन सम्पत्तियों पर लोग निवास रह रहे हैं। उक्त सम्पत्तियों में आवासित लोगों की सुरक्षा के दृस्टिगत शत्रु सम्पत्तियों की स्थिति (दृढ़ता) का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। मुख्य पर्यवेक्षक ब्रिगेडियर यशपाल सिंह की ओर से नगर निगम के अधीन आने वाली भौतिक निरीक्षण कराकर रिपोर्ट मांगी गई है। इनमें से कई शत्रु संपत्तियां आवासीय व वाणिज्जिक हैं।

सीतापुर रोड पर किसानों को आवंटित होंगे 177 व्यावसायिक चबूतरे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण भूमि अर्जन से प्रभावित किसानों को सीतापुर रोड पर 177 व्यावसायिक चबूतरे आवंटित करेगा।

- **चबूतरों की मार्किंग व पाथ-वे के निर्माण का कार्य हुआ शुरू**
- **15 को मिलेगी पंजीकरण पुस्तिका, 25 फरवरी तक जमा होंगे आवेदन**

इसके लिए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर चबूतरों की मार्किंग व पाथ-वे के निर्माण का काम शुरू हो गया है। पात्र किसान 15

फरवरी, 2025 तक गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित यूको बैंक की शाखा से आवेदन, पंजीकरण पुस्तिका खरीद सकेंगे। जिसे अभिलेखों के साथ 25 फरवरी, 2025 तक प्राधिकरण कार्यालय में जमा कराना होगा। इसके बाद अर्जन अनुभाग से अभिलेखों का परीक्षण कराकर पात्र किसानों के मध्य चबूतरों की लॉटरी करवायी जाएगी।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि मड़ियांव कोतवाली के पास सीतापुर रोड व रेलवे लाइन के मध्य प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अवैध कब्जेदारों द्वारा प्राधिकरण की भूमि पर स्थायी व अस्थायी निर्माण कराकर कबाड़, फर्नीचर, फैब्रीकेटर, मोटर वर्कशॉप आदि व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही थीं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने योजना का निरीक्षण करके अवैध कब्जेदारों से जमीन खाली कराकर वहां किसानों के लिए चबूतरे विकसित करने के निर्देश दिये थे। जिसके अनुपालन में अर्जन, अभियंत्रण व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से मौके पर अभियान चलाकर 70 से अधिक अवैध निर्माणों को ध्वस्त करके जमीन खाली करायी गयी। वर्तमान में स्थल पर चबूतरों की मार्किंग व पाथ-वे के निर्माण के साथ ही फेन्सिंग का कार्य कराया जा रहा है। जहां सीतापुर रोड योजना के पात्र किसानों को चबूतरे आवंटित किये जाएंगे। इसके लिए पात्र किसान 15 फरवरी, 2025 तक यूको बैंक की विपिन खण्ड शाखा से आवेदन/पंजीकरण पुस्तिका खरीद सकते हैं। जिसे अभिलेखों के साथ 25 फरवरी, 2025 तक प्राधिकरण कार्यालय में जमा कराना होगा। अर्जन अनुभाग से अभिलेखों का परीक्षण कराने के बाद पात्र किसानों को लॉटरी के माध्यम से चबूतरे आवंटित किये जाएंगे।

लविवि और आतिथ्य विवि दुशांबे तजाकिस्तान के साथ हुआ एमओयू

लखनऊ। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के शुभ अवसर पर, लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और आतिथ्य विश्वविद्यालय, दुशांबे, तजाकिस्तान के साथ एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण साझेदारी हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल की तजाकिस्तान यात्रा के दौरान हुई, जिसका नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

इस दौरे के दौरान, दोनों प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में शैक्षणिक आदान-प्रदान, कौशल विकास और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यह सहयोग छात्रों और शिक्षकों के लिए कई अवसर प्रदान करेगा और उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक अनुभव को समृद्ध करेगा। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह साझेदारी दोनों संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान के छात्रों को अब दुशांबे स्थित अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और आतिथ्य विश्वविद्यालय में इंटर्नशिप करने का अनूठा अवसर मिलेगा। साथ ही, तजाकिस्तान के छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय में आकर भारत के समृद्ध और विविध पर्यटन क्षेत्र का अनुभव और अध्ययन कर सकेंगे। यह सहयोग न केवल शैक्षणिक ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि सांस्कृतिक समझ और वैश्विक नेटवर्किंग को भी बढ़ावा देगा।यह सहयोग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पर्यटन के स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर के छात्रों के लिए उनके पाठ्यक्रम का एक हिस्सा इंटर्नशिप करना अनिवार्य है।

गोरखपुर-अयोध्या कैण्ट के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 05011/05012 गोरखपुर-अयोध्या कैण्ट-गोरखपुर अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचलन 28 जनवरी से 05 फरवरी तक गोरखपुर एवं अयोध्या कैण्ट से 09 फेरों के लिये किया जायेगा। 05011 गोरखपुर-अयोध्या कैण्ट अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 28 जनवरी से 05 फरवरी तक गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर सहजनवा से 14.52 बजे, मगहर से 15.10 बजे, खलीलाबाद से 15.30 बजे, बस्ती से 16.02 बजे, बभनान से 16.40 बजे, स्वामी नरायण छपिया से 16.49 बजे, मसकनवा से 17.02 बजे, मनकापुर से 17.42 बजे तथा अयोध्या धाम से 19.15 बजे छूटकर

अयोध्या कैण्ट 19.35 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05012 अयोध्या कैण्ट-गोरखपुर अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 28 जनवरी से 05 फरवरी तक अयोध्या कैण्ट से 21.50 बजे प्रस्थान कर अयोध्या धाम से 22.20 बजे, मनकापुर से 23.42 बजे, दूसरे दिन मसकनवा से 00.15 बजे, स्वामी नरायण छपिया से 00.19 बजे, बभनान से 00.55 बजे, बस्ती से 01.32 बजे, खलीलाबाद से 02.42 बजे, मगहर से 03.00 बजे तथा सहजनवा से 03.22 बजे छूटकर गोरखपुर 04.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 16 अनारक्षित कोच लगाये जायेगें।

अधिकार सीज किए जाने से पूर्व नहीं दिया गया सुनवाई का अवसर

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिला पंचायत अध्यक्ष आरती रावत के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज किए जाने सम्बंधी आदेश पर शुक्रवार को लगायी गई अंतरिम रोक को अग्रिम आदेशों तक के लिए बढ़ा दिया है।

वहीं सुनवायी के दौरान राज्य सरकार की ओर से स्वीकार किया गया कि रिकॉर्ड को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि अधिकार सीज किए जाने सम्बंधी आदेश पारित करने से पूर्व याची को सुनवायी का अवसर दिया गया हो। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 11 फरवरी

- **राज्य सरकार की ओर से स्वीकार की गई खामी**
- **जिला पंचायत अध्यक्ष के अधिकार सीज करने वाले आदेश पर रहेगी रोक**
- **फाइनल जांच जारी रहेगी लेकिन नहीं पारित किया जायेगा कोई आदेश: हाईकोर्ट**

की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने आरती रावत की याचिका पर पारित किया। राज्य सरकार के अधिवक्ता

राजेश तिवारी ने सुनवायी का अवसर न दिए जाने की स्वीकरोक्ति तो की लेकिन साथ ही यह भी दलील दी कि 23 जनवरी के आदेश में न्यायालय ने मामले की चल रही फाइनल जांच पर भी अंतरिम रोक लगा दी है, इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। सरकारी वकील की इस दलील का विरोध करते हुए, याची की ओर से तर्क दिया गया कि फाइनल जांच उसी प्राथमिक जांच व अधिकार सीज किए जाने के आदेश पर हो रही है जिसमें सुनवायी का अवसर नहीं दिया गया, ऐसे में उक्त फाइनल जांच भी जारी नहीं रहनी चाहिए। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने आदेश में फाइनल जांच को जारी रखने का निर्देश दिया लेकिन उक्त जांच के आधार पर कोई भी निर्णय न पारित करने का भी आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच की तो उसमें आरोपों की पुष्टि हुयी जिसके बाद 6 दिसम्बर 2024 को याची के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया और जिला पंचायत के संचालन के लिए तीन निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की समिति गठित कर दी गयी थी।

इं. राम नगीना प्रसाद को मिला संघ रत्न सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । लोनिवि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का शताब्दी स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के सलाहाकार इं. वी. के सिंह, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. मुकेश चन्द्र शर्मा एवं परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि

- **लोनिवि डिप्लोमा संघ ने मनाया 103 वां स्थापना दिवस**

किसी संघ का निर्विवाद रूप से सौ का आंकडा वह भी विशेष उपलब्धियों के साथ पूरा करना इस बॉत का प्रमाण है कि संघ के प्रति सदस्यों का विश्वास जमा हुआ है।

उन्होंने डिप्लोमा इंजीनियस्त्र से कहा कि देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए उनका फर्ज है कि वे सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यो में अपनी भागीदारी दर्ज कराये। उन्होंने इस दौरान कहा कि मैने विभागाध्यक्ष

रहते कई बार आपके कार्यक्रमों में सहभागिता दर्ज कराई मुझे हर बार एक अलग ही उत्साह नजर आया। संघ द्वारा कराई जाने वाली हर चर्चा एवं परिचर्चा विभाग हित में होती है। संघ के 103वॉ स्थापना दिवस समारोह में संघ द्वारा 21 सेवानिवृत्त, पदाधिकारी एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ द्वारा इं. राम नगीना प्रसाद को संघ रत्न से सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी . द्विवेदी ने कहा कि संघ गरिमा और सदस्यों के सम्मान के लिए हमारे अग्रजों ने इसके लिए बड़ी कुर्बानिया दी है। संघ ने इस लम्बे अरसे में बहुत कुछ हासिल किया है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेगें। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने उपस्थित प्रदेश भर के डिप्लोमा इंजीनियर्स से आहावान किया कि गुणवत्ता युक्त कार्य के लिए विभाग को उच्च स्तर पर ऐसी टीम बनानी होगी जो भुगतान से पहले कार्य का परीक्षण कर ले। ऐसा करने से अनाश्यक रूप से हमारे संदस्यों का होने वाला उत्पीड़न एवं दण्डात्मक कायार्वाहियॉ 90 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। भुगतान के बाद जॉच की परम्परा बंद होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई की जल्द ही केन्द्र सरकार पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय लिया जा सकती है। स्थापना दिवस के अवसर पर, इं. एल.एन. सचान, इं. अमरनाथ, इं.के.डी. द्विवेदी, इं. सुनील श्रीवास्तव, इं.के.द्विवेदी, इं. शिवशंकर दुबे, इं अमरनाथ, सहित 21 सेवानिवृत्त अभियंताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इं. राजर्षि त्रिपाठी ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता इं. योंगेन्द्र कुमार, डायरेक्टर डा. संजय हिन्द, रीता गंगवार, शशि किरन, डिप्लोंमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं. एच.एन. मिश्रा, महासचिव इं नृपेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष एस.पी. मिश्रा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, इं.ओ. पी. यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. श्रवण कुमार, एस.के. त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के 292 में से 180 आवंटियों ने जमा किये दस्तावेज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के जिन 292 आवंटियों के रिकार्ड एलडीए के पास नहीं थे, उनमें से अब तक 180 लोगों ने अपनी ओर से आवंटन के रिकार्ड एलडीए में जमा कर दिए हैं। शेष 112 अब तक नहीं जमा कर पाए हैं।

ऐसे लोगों को एलडीए की तरफ से 10 फरवरी तक का और समय दिया गया है। आवंटन के रिकार्ड जमा न करने की दशा में उनके आवंटन को रद भी किया जा सकता है। एलडीए की ट्रांसपोर्ट नगर योजना वर्ष 1980 में आई थी। उस दौरान वहां पर लोगों को आवासीय और व्यावसायिक प्लाट आवंटित किए गए थे। अक्तूबर महीने में आवंटित प्लाटों को फ्री होल्ड किए जाने की मांग उठाई जाने लगी। इस दौरान 13 प्लाटों की फर्जी पंजीकरण के मामले सामने आए। इस पर एलडीए ने ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों के प्रपत्रों

के रिकार्डों की जांच करनी शुरू की तो पता चला कि 292 आवंटी ऐसे हैं जिनका कोई रिकार्ड एलडीए के पास नहीं है। उसके बाद एलडीए ने इन प्लाटों पर जिनका कब्जा था, उनसे रिकार्ड मांगे कि किस आधार पर उन्हें प्लाट पर कब्जा मिला हुआ है। इसका रिकार्ड जमा करने के लिए उन्हें नवंबर तक का समय दिया था। इस दौरान 292 में से अधिकतर अपने भूखंडों के आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कर पाए और एलडीए से और समय दिए जाने का अनुरोध किया। इस पर 13 दिसंबर को एलडीए ने उन्हें एक महीना का और समय दिया। एलडीए के अनुसार इस बीच 292 में से 180 लोगों ने आवंटन के प्रपत्र जमा कर दिए।

शेष 112 अब तक नहीं जमा कर पाए हैं। ऐसे में इन लोगों को अब 10 फरवरी तक आवंटन के प्रपत्रों को जमा करने का समय दिया गया है। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के अनुसार आवंटन के रिकार्ड जमा न करने वालों के आवंटन को रद भी किया जा सकता है।

जाम से लोग परेशान

लखनऊ। पुराने हैदरगंज स्थित तिराह से निकलने वाले राहगीर जाम के झाम से परेशान हैं। इस तिराहे पर सुबह से लेकर देर रात तक जाम की समस्या बनी रहती है। जाम में फंसे वाहनों के कारण पैदल आवागमन करने वाले भी परेशान हैं। लागों का कहना कि कि ट्रैफिक सिपाहियों के तैनात रहने के बाद भी जाम लगता है।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T18
Date-22.01.2025
:खुली ई–निविदा:
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है। क्र. स. : 1. कार्य का नाम : लालकुआं–काशीपुर खंड के गूलरभोज बाजपुर स्टेशन के बीच किमी 27/8–28/0 पर प्रमुख पुल संख्या 46 (7 ग 12.2 मीटर) के उप–संरचना के पुनर्निर्माण के लिए ओएचई संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. : SRDEE- TRD- IZN-2024-25- T18 कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :63,91,087.66 अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 1,27,800.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: 00 निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 17.02.2025 11:00 कार्य पूरा करने की अवधि : 12 माह • खुली ई–निविदा दिनांक 17.02.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–220 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

गणतंत्र दिवस व महाकुंभ को लेकर डीजीपी ने अफसरों को किया अलर्ट

जल व थल और वायु मार्गों पर रखी जाये कड़ी नजर, जिला व प्रदेश के बार्डरों पर हो सघन चेकिंग : प्रशांत कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार गणतंत्र दिवस और महाकुम्भ-2025 की सुरक्षा को लेकर काफी सख्त हो गये है।अनहोनी की आशंका को लेकर उन्होंने पुलिस अफसरों को अलर्ट करते हुए सतर्कत और सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिये है। डीजीपी प्रशान्त कुमार नें प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक तथा जिले के प्रभारी और पुलिस अधीक्षक रेलवे सहित अन्य अफसरों से कहा है कि गणतंत्र दिवस एवं महाकुम्भ को लेकर प्रदेश और जिलों के सभी प्रवेश द्वारों पर निरन्तर कड़ी चेकिंग की जाये।उन्होंने कहा कि अन्तर जनपदीय व अन्तः जनपदीय चेक पोस्ट एवं बैरियर डियूटी को सतर्क व समुचित ब्रीफ किया जाए।सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू रखा जाये।

गणतंत्र दिवस के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, आयोजनों यथा तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, झॉकी आदि के आयोजकों से पूर्व में ही वार्ता कर भीड़ का आंकलन कर पर्याप्त सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जाय।उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा व प्रभात फेरी तथा झॉकी आदि को लेकर विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किये जायें। मार्ग में पड़ने वाली इमारतों पर रूफ-टाप ड्यूटी लगायी जाये तथा सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी लगाने से पूर्व ब्रीफ किया जाये।डीजीपी नें कहा है कि रेलवे स्टेशन व मेट्रो स्टेशन तथा बस स्टेशन और एयरपोर्ट व सिनेमाहाल तथा मल्टीप्लेक्स और मनोरंजन के स्थल शॉपिंग मॉल व होटल तथा धर्मशाला और गेस्ट हाउस तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष रूप से सुरक्षा प्रबन्ध किये जाये। साथ ही एण्टी सेबोटॉज चेकिंग करायी जाये।

यूपी के सीमावर्ती जिलों के मार्गों पर सुरक्षा को लेकर रेल व सड़क एवं हवाई आवागमन पर विशेष सतर्कता बरती जाए। अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर गतिविधियों की कड़ी निगरानी की जाये तथा बार्डर पर तैनात सुरक्षा बलो के साथ समन्वय बनाया जाये।डीजीपी नें कहा कि माइक्रोलाइट एयर काफ्ट और पैराग्लाइडर तथा हैंगग्लाइडर और ड्रोन्स एवं अन्य मानव रहित विमानों की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। नियमों व मानको के विपरीत होने वाली उड़ान को प्रतिबन्धित किया जाये।डीजीपी नें कहा कि अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय रखा जाय तथा छोटी सी छोटी लाभप्रद सूचनाओं पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाये।इसके अलावा प्रतिबन्धित संगठनों तथा आतंकवादी संगठनों की प्रत्येक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाये। कमिश्नरेट और जिलों की सोशल मीडिया टीम चौबीसों घंटे विभिन्न प्लेटफार्मों पर सक्रिय रहकर कड़ी निगरानी रखे तथा इसकी सूचना तत्काल मुख्यालय की सोशल मीडया टीम को देकर आपत्ति जनक एवं भ्रामक पोस्ट का तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करें।डीजीपी नें कहा कि अवैध शस्त्रों और कारतूसों एवं विस्फोटक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अलावा अतिरिक्त अस्थायी चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की जाये।सभी जिलों और कमिश्नरेट में प्रातःकालीन पोस्टर पार्टी का गठन कर चेकिंग की जाये।डीजीपी नें कहा कि गणतंत्र दिवस के आयोजनो की अचूक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं पुलिस बल को समुचित ब्रीफ कर उच्च सतर्कता रखी जाए। नियमित चेकिंग व प्रभावी फुट पेट्रोलिंग एवं अधिक से अधिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया जाये।महाकुम्भ के अन्य अमृत स्नानों में श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाये।

एक दिन में 5 मोबाइल लूटने वालों को पुलिस ने दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक दिन में 5 मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह लोग अपने शौक पूरे करने के लिए लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह लोग फेरीवाला बनकर किराए के मकान में रहते हैं। लूटपाट के लिए इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। पुलिस ने इनके बास से लूट के मोबाइल और स्कूटी जब्त कर विधिक कार्रवाई कर रही है। हजरतगंज पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर मो. एहतशाम और सलमान कुरैशी को मोबाइल लूट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह लोग चौक में किराए के मकान में रह हे थे। कुछ ही दिन पहले नई स्कूटी खरीदी थी। जिससे शहर में घूम-घूमकर मोबाइल लूटते थे। इन लोगों ने हजरतगंज में 2 जनवरी को प्रियंका अपार्टमेंट के पास से युवक से लूटा था। उसके कुछ ही देर बाद बैकुंठ धाम रोड पर ओवरब्रिज के पास युवती का मोबाइल लूटकर भाग गए थे। पूछताछ में इन लोगों ने शहर में पांच मोबाइल लूट की घटनाओं को कबूल किया है।

रास्ता रोक कर की गाली-गलौज, विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईगंज के सदरपुर करोरा निवासी मुस्ताक का आरोप है कि प्लाटिंग साईट पर जिला पंचायत अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान के साथ मो. दिलशाद, फरहान, तारिक व अन्य 5 से 6 लोगो के द्वारा मिलकर पिटाई कर दी।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम प्लाटिंग साईट पर जिला पंचायत के अधिकारीगण द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा था तभी दिलशाद पुत्र सइय्याद निवासी ग्राम रनमऊ मजरा गौरियाकलां, कोतवाली गोसाईगंज, व 5 से 6 अज्ञात साथियों को तारिक व फरहान उर्फ फरु पुत्रगण इस्तिखार निवासीगण ग्राम सदरपुर करोरा, कोतवाली गोसाईगंज, जनपद लखनऊ के द्वारा अपनी मोबाइल दुकान स्थित ग्राम सदरपुर करोरा, कोतवाली गोसाईगंज, जनपद लखनऊ पर पुरानी रंजिश के कारण बैठा कर मौके की ताक में थे कि कुछ देर बाद यह लोग पीड़ित के पास आकर बिना किसी कारण प्रार्थी से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो पीटना शुरू कर दिया तथा जान से मारने की धमकियां देने लगे। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

दो अलग अलग घटनाओं में मारपीट का केस दर्जः सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के दो अलग अलग गांवो में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सीताराम पुरवा गांव निवासी अभय सिंह आयु लगभग 21 वर्ष पुत्र जीत बहादुर सिंह का आरोप है कि आज दिनांक 23 जनवरी की दोपहर सलीम व शेरू पुत्र अज्ञात निवासीगण ग्राम चौरासी कोतवाली सुशांत गोल्फ सिटी द्वारा अपने तीन अज्ञात साथियों के मिलकर प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियां देकर लात घूसो व डण्डो से मारा पीटा। आँख व सिर पर चोटे आई है शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं नया पुरवा निजामपुर मझिगवां थाना सुशान्त गोल्फ सिटी निवासी संदीप का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले रामचन्द्र व आशीष ने 23 जनवरी को माँ माधुरी पिता पुत्तीलाल भाई प्रदीप बहन पूनम को बहुत बुरी तरह से लाठी डण्डो से मारा पिटा है जिससे सभी को बहुत गम्भीर चोटे आयी है और दोनो जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट लिखवाने जाओगे तो और मारेंगे। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

ऑटो पर सवार दबंगों ने नशे की हालत में ई-रिक्शा चालक को पीटा, फरार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते बुधवार शाम एक आटो पर सवार पांच दबंग युवको ने नशे की हालत ई रिक्शा चालक की जमकर पीटाई करने के साथ उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए ?। वहीं पीड़ित ने घटना स्थल पर पीटाई करने वाले एक दबंग युवक के मिले मोबाइल फोन को पुलिस के सुपुर्द कर स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रुस्तम विहार कालोनी नियर सिपेट कानपुर रोड लखनऊ निवासी नदीम पुत्र मो० अहमद के अनुसार वह बीते 22 जनवरी बुधवार की शाम अपने ई रिक्शा से भाडा लेकर नहर की तरफ जा रहा था।

आरोप है कि उस दौरान एक बजाज आटो पर सवार पांच युवको ने उसके ई रिक्शा को नशे की हालत में रोक गाली गलौज करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। वहीं पीड़ित का कहना था कि उसकी पीटाई करने के बाद भाग रहे एक दबंग युवक का मोबाइल फोन गिर गया ?जिसकी पहचान अतुल पुत्र राम सुन्दर गुरदीन खेडा काकोरी निवासी के रूप में हुई है। जिसके चलते उसने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पति सास जेठ देवर सहित सात ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

लखनऊ। नगराम के अचली खेड़ा गांव निवासी किसान की लड़की द्वारा उन्नाव जनपद निवासी अपने पति समेत अन्य ससुरालियों के विरुद्ध नगराम थाने पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगराम के अचली खेड़ा गांव निवासी रामदेव की लड़की शिवांशी पाल के अनुसार उसकी शादी 2023 में उन्नाव जनपद के आसीवन थाना क्षेत्र अंतर्गत मदारी खेड़ा गांव निवासी राम नरेश के लड़के राजू पाल के साथ हुई थी।शादी में पिता द्वारा करीब नौ लाख रुपए खर्च कर सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर विदा किया था।शादी के कुछ दिन बाद से ही पति राजू सास श्रीमती जेठ जितेंद्र पाल देवर गीत बहादुर अंकित आशू ननद पूनम पाल व ममेरे ससुर सुभाष पाल आए दिन नए नए बहाने बना कर दहेज में नगद रूपयों की मांग करने लगे। कई बार पिता से पैसे लेकर पति राजू को दिए उसके बाद सब लोगों ने दो लाख रपए की मांग की।जिसकी मांग पिता ने जमीन बेचकर चुकाई। 8/6/24 को पति राजू ने गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह से मारा-पीटा जिसमें सभी ने राजू का साथ दिया।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्न लिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/ देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender. up.nic.in पर दिनॉक 10.02.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 11.02.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity eDistribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः- 1. **ई-निविदा संख्या 119 एच (एफ) (कार्य)/2024-25ः** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अधीन उपखण्ड-गोशाईगंज के अन्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7000.00। **2. ई-निविदा संख्या 120 एच (एफ) (कार्य)/2024-25ः-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अधीन उपखण्ड-बीकापुर के अन्तर्गत भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 676, दिनांक 23.01.2025)**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम सेक्रेड हार्ट हायर सेकेण्ड्री स्कूल, सीतापुर में कक्षा नर्सरी-डी में अभिकर्ष शुक्ला अंकित हो गया है, सही नाम आधार कार्ड के अनुसार दीप शुक्ला है। भविष्य में मेरे पुत्र को दीप शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। उमा शुक्ला पत्नी कपिल शुक्ला नि.-ग्राम बिलरिया मुजफ्फरपुर, पोस्ट-पड़रखा तह. व जिला सीतापुर।

महिला से हजारों की ठगी

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली पुलिस आवास में रही महिला को एक जालसाज कालर ने बीते डेढ़ सप्ताह पूर्व 11 जनवरी की शाम फोन काल कर बीमारी की बात कह हजारो रुपये ट्रांसफर करा लिए `महिला रुपाली पांडेय पत्नी विपिन मिश्रा के अनुसार मोबाईल पर दो नम्बरो से फोन आया जिसे रिसीव करने पर कॉलर ने बीमारी का बहाना कर रुपये की मांग की।

चार दिन से लापता ई-रिक्शा चालक का गोमती में मिला शव

- हत्या का मुकदमा दर्ज, तीन लोग पुलिस हिरासत में

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हजरतगंज से चार दिन पहले लापता हुए ई-रिक्शा ड्राइवर का शव शुक्रवार को हनुमंत धाम के पास गोमती में उतराता मिला। पुलिस ने शव की पहचान करते हुए परिवार को सूचना दी। वहीं, ई-रिक्शा ड्राइवर की मां ने बेटे के दोस्तों और बहू पर हत्या कर शव नदी में फेंकने का आरोप लगाते हुए वजीरगंज कोतवाली में तहरीर दी। काफी देर तक हंगामा भी हुआ। इस बीच पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बालू अड्डा प्राग नारायण रोड निवासी हिमांशु सोनकर ई-रिक्शा ड्राइवर था। मंगलवार की रात करीब दस बजे हिमांशु घर से निकला था। मां संतोष सोनकर के मुताबिक बेटे को उसके दोस्त बुला कर ले गए थे। देर रात तक हिमांशु के घर नहीं आने पर पत्नी पायल ने कॉल मिलाई। कई फोन करने पर भी कॉल रिसीव नहीं हुई। दोस्तों से पूछने उन्होंने हिमांशु के बारे में जानकारी होने से मना कर दिया।

जीपीएस की मदद से हनुमंत धाम पहुंचा परिवारः पत्नी पायल के मुताबिक हिमांशु के वापस नहीं आने पर उसकी तलाश की गई। कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। ऐसे में ई-रिक्शे में लगे जीपीएस की लोकेशन वह खंगालने लगी। काफी प्रयास के बाद पता चला कि हिमांशु का ई-रिक्शा हनुमंत धाम के पास खड़ा है। गुरुवार को पत्नी पायल ने ई-रिक्शा मिलने के बाद वजीरगंज कोतवाली पहुंच कर हिमांशु के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता पप्पू के मुताबिक मंगलवार रात हिमांशु ई-रिक्शा लेकर घर से निकल रहा था। तभी दोस्त मुकेश, आयुष और जैकी आ गए। आरोपितों ने दिया जलाने के लिए करौंदा घाट जाने की बात कही। दोस्तों को लेकर हिमांशु चला गया था। मां संतोष के मुताबिक बेटे की हत्या करने के बाद दोस्तों ने शव को गोमती नदी में फेंक दिया। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि शुक्रवार शाम को हिमांशु का शव नदी में उतारात मिला था। शनिवार को पोस्टमार्टम होगा। जिसके बाद ही मौत की वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल परिवार के आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है।

प्रदर्शन कर परिवार ने गिरफ्तारी की रखी मांगः हनुमंत धाम के पास ई-रिक्शा ड्राइवर हिमांशु का शव मिलने के बाद परिवार ने बालू अड्डा स्थित घर के पास प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। मां संतोष ने बेटे की हत्या करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग रखी।

पत्नी ने बताया कर्ज, मां बोली मार डालाः वजीरगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पत्नी पायल ने हिमांशु के कर्ज में डूबे होने की बात लिखी थी। बहू की इस बात को सास ने ही खारिज कर दिया। ड्राइवर की मां के मुताबिक हिमांशु पर कर्ज नहीं था। उसे साजिश रच कर मारा गया है। ड्राइवर की मां ने बहू पर भी संदेह जताते हुए जांच की मांग की है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुदरिया विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी

पत्रांकः मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 24.01.2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुदरिया में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रिय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 31.01.2025 को 04 बजे खोली जाएगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	विदेश के घर से कल्लू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	260000.00
2	मुर्तिजा नाई के घर से श्रीकेशन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	250000.00
3	अवधेश पं. के घर से मंजीत के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	270000.00
4	रविन्द्र के घर से प्रेमसागर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	200000.00
5	लज्जा के घर से गया प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	2650000.00

नियम व शर्तेः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत गुदरिया के कार्यालय में दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक रू मूल्य 200 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत गुदरिया के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत गुदरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 31.01.2025 को समय 04 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान
श्री फकीरा
ग्राम पंचायत गुदरिया
विकास खण्ड धौरहरा खीरी

सचिव
श्री उदय प्रताप सिंह
ग्राम पंचायत गुदरिया
विकास खण्ड धौरहरा खीरी

पुलिस कर्मियों को अब पहले से बेहतर मिलेंगे सरकारी आवास

साज-सज्जा और रंग रोगन के बाद आवंटित किए जायेंगे

- इस साल पचास से साठ पुलिस कर्मियों को मिले थे आवास लेकिन एक दर्जन लोगों को ही मिला कब्जा
- कुछ आवासों की हालत देखकर पुलिस कर्मियों ने लेने से किया था इनकार और अधिकारियों से लगाई थी गुहार

राजा शेख (vol)

लखनऊ। वॉयस ऑफ लखनऊ में जर्जर पुलिस आवासों की दुर्दशा के सूरत ए हाल और इन्हीं आवासों को पाने के लिए जददोजहद में जूझ रहे पुलिस कर्मी और उनकी परिक्रमा पर छपी खबर का संज्ञान लेकर पुलिस के आला अफसरों ने आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी और आवंटन से पहले इन मकानों को रंग रोगन कर दुरूस्त करने का फैसला किया गया है। सरकारी आवास पाने की चाहत हर पुलिस कर्मियों की पहली ख्वाहिश होती है लेकिन कमिश्नरेट लखनऊ में आवासों की कमी और जर्जर खण्डहर नुमा मकान होने की वजह के चलते काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और जब उन्हें काफी मशक्कत के बाद आवास मिलते भी हैं तो वह उन मकानों की हालत देखकर दंग रह जाते हैं और उल्टे पांव वापस लौट आते हैं। बताया जा रहा है कि इस वर्ष करीब साठ से पचास लोगों को आवास आवंटित किए गये थे लेकिन इनमें से करीब एक दर्जन पुलिस कर्मियों को ही कब्जा मिल सका बाकी अपना मकान ही तलाश नहीं कर पाए। कुछ पुलिस कर्मी जब आवास वापस करने के लिए उच्चाधिकारियों के पास प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे तब उन्हें हकीकत समझ आई और अपने मातहतों पर मेहरबान हुए और तुरन्त एक्शन मोड़ पर आते हुए कमिश्नरेट के सभी थाना प्रभारियों को बुलाकर एक मीटिंग की और जर्जर आवास व खाली आवासों की तत्काल रिपोर्ट देने के लिए आदेशित किया। इसके बाद अधिकारियों ने यह निर्णय लिया कि जो आवास जर्जर या खस्ता हाल हैं उनको सुसज्जित किया जाये और उनकी वीडियो ग्राफी की जायेगी और फिर सिनियरटी के आधार पर उन्हें उक्त मकान आवंटित किया जाए। इस खबर के बाद पुलिस आवास की चाह में लगे पुलिस कर्मियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली है और उन्होंने अधिकारियों के इस फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए राहत की सांस ली है।

खबर का असर

आवास देने से पहले उनकी स्थित देखी जायेगी यदि वह रहने लायक हैं या नहीं। यदि नहीं हैं तो उनकी मरम्मत कराकर ही उन्हें सौंपा जायेगा।

एडीसीपी लाइन व एडीसीपी साउथ आईपीएस अमित कुमावत

कहानी अच्छी हो तो काम करने में मजा आता है : ताहिर राज भसीन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनवरी 2022 में जब नेटफ्लिक्स पर 'काली-काली आंखें' वेब सीरीज रिलीज हुई थी तो इसके घुमावदार प्लॉट की वजह से उसे काफी पसंद किया गया था। इस में काम करने वाले कलाकार ताहिर राज भसीन और आंचल को लोगों ने उनकी अच्छी एक्टिंग स्किल के लिए खूब सराहा भी था। अब इतना समय बीत जाने के बाद कहानी को आगे बढ़ाया गया है और उसका सीजन 2 लेकर आ रहे हैं। खास बातचीत में कलाकारों ने बहुत सारी बातें वॉयस ऑफ लखनऊ के साथ साझा की।

इतना देरी क्यों लगा दी सीजन टू को लाने के लिए ?

इस बात पर जवाब देते हुए ताहिर राज भसीन ने कहा कि मैं तो इस बात को लेकर खुश हूं कि निर्देशक सिद्धार्थ सेनगुप्ता वह किसी भी काम के लिए फिल्म के लिए बहुत जरूरी मानते हैं कि उसकी स्क्रिप्ट बहुत सही रही हो। कहानी इतनी दमदार हो कि लोग उसमें खींच कर चले आए। मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि मेरे सामने कैसे स्क्रिप्ट आ रही है जिस पर बहुत सारे काम निर्देशक खुद कर चुका है। जब कहानी कसावट वालीहो तब प्रोडक्ट भी बहुत अच्छा बनता है और शान से प्रोडक्ट तो नहीं कहना चाहिए यह बोल सकता हूं कि पर्दे पर बहुत अच्छा निकल कर आता है। पर्दा पर छोटा हो या बड़ा ? मैं आपको एक दावे के साथ बता सकता हूं कि यहां बैठे हम तीनों ही कलाकारों के साथ सबके साथ यही हुआ है कि जब भी हमने काली काली आंखों से जुड़ी कोई भी बात सोशल मीडिया पर पोस्ट की हो तो लोगों का तुरंत सवाल यह आता है कि अगला सीजन कब है ? यानी आप कुछ बताएं तो सही लोग इंतजार में बैठे हुए हैं लेकिन होता क्या है के लोगों को बहुत त्वरित की बातों की आदत हो गई है। आपने फोटो खींचा इंस्टाग्राम पर डाल दिया। लोगों का रिएक्शन आ गया जबकि फिल्म या वेब सीरीज में ऐसा नहीं होता। हर एक में अपना समय लगता है। इसी बात पर श्वेता त्रिपाठी कहती हैं कि तो बहुत नार्मल बात है क्योंकि जब भी आपको कोई तो पसंद आता है तो आपकी इच्छा होती है कि क्या उसका कोई अगला सीजन है।

जब पहला सीजन अच्छा चलता है तो दूसरे सीजन पर रह जाता है, किस तरह से लेते हैं ?

स्पेशल को ताहिर राज भसीन एक्यूप्रेशर तो है, लेकिन अच्छा वाला देख कर अच्छा लगता है कि लोग अगर आप पर दबाव बना रहे हैं। सीजन टू के लिए इसका मतलब ही यह है कि सीजन 1 लोगों को पसंद आया है और उसके ही कलाकारों को वह वापस देखना चाहते हैं और चाहते हैं कि कहानी आगे भी बढ़े। मेरे लिए तो बहुत अच्छी बात है। जब सीजन अलग-अलग आते हैं तब आपको मालूम होता है कि जब लोग इसे देखेंगे बहुत बड़ी आशाओं के साथ देखेंगे। आप पर प्रेशर भी होगा और साथ ही साथ आपको यह भी सहन करना पड़ सकता है कि कुछेक लोग कहेंगे सीजन वन से अच्छा है। कुछ कहेंगे सीजन 2 अच्छा है या नहीं, कुछ भी हो आपको कंपेयर तो आपकी की जाएगी और एक कलाकार के तौर पर मुझे इस तुलना के लिए तैयार रहना होगा।

श्वेता ने कहा, मेरे लिए प्रेशर आप कोई बहुत बड़ी बात नहीं है क्योंकि मैं तो बचपन से लेकर कभी स्कूल ही गई हूं। कॉलेज भी गई तो किसी चीज का प्रेशर नहीं लिया। काम करते जाओ, खुश रहते जाओ और अब देखिए, भला है कि मैं जिस तरीके के फील्ड में काम कर रही हूं, वहां पर एग्जाम नहीं देनी है। आपको सिर्फ परफॉर्म करना है। आपको मजा आना चाहिए। अब मेरे जो निर्देशक हैं सिद्धार्थ जी उनके साथ काम करने में मुझे बेहद मजा आया। सौरभ जी के साथ बहुत ज्यादा मैं काम नहीं कर पाई। लेकिन जितने भी तीन या चार सीन थे उसमें मैंने खूब इंजॉय किया। कलाकार के तौर पर मेरे लिए बहुत ज्यादा मायने रखता है। हां, अब मेरे इन सारी प्रोसेस के दौरान अगर लोगों को मेरा काम पसंद आ जाए। लोगों को मेरी सीरीज पसंद आ जाए तो बहुत ही अच्छी बात है। वैसे भी हम आर्टिस्ट है ना अपने हर प्रोजेक्ट के साथ अपने को बेहतर से बेहतरीन बनाने में तुले रहते हैं।

अरुणोदय आप एक लेखक हैं कि आपने स्क्रिप्ट में कोई मदद की ?

बिल्कुल भी नहीं एक तो मैं इतना अच्छा भी लेखक नहीं हूं कि मैं किसी की मदद कर सकूं। दूसरा सिद्धार्थ सर जो है, उनको मदद की जरूरत ही नहीं है। वह तब तक लिखते रहेंगे और ड्राफ्ट पर ड्राफ्ट बनाते जाएंगे। जब तक उनको खुद को संतुष्टि ना हो जाए।

जब आप शूट कर रहे थे तो क्या अपने रिफरेंस के लिए सीजन वन देखा है ?

अरुणोदय सिंह - नहीं। मेरा तो काम ही उस सीजन में बहुत छोटा सा था तो उसमें मैं क्या देखता।

श्वेता त्रिपाठी- मुझे ठीक लगता है कि मैं ऐसा सीजन वन एक बार देख लूं, ताकि कुछ समय पहले उस पार्ट में, उस खास रोल के लिए मैंने क्या-क्या तैयारियां की थी, उसे कैसे निभाया था। क्या पहना था, किस तरीके से मैनरिज्म थे। यह सब देखने में मेरा होमवर्क हो जाता है। और कई किरदार जब आप अलग-अलग जगह पर निभाते हो तो कहीं आप एक किरदार को दूसरे किरदार में ना डाल दो इसके लिए भी अच्छा है कि आप अपने ही सीजन वन को अपने ही रोल को एक बार फिर से देख लो और अपनी यादें ताजा कर लो। अब जैसे गोलू जो है, वह कभी भी ऐसा नहीं बैठेगी जैसे शिखा बैठती है। शिखा जो है वह जिस तरीके से मैं आपसे जिस लहजे में आपसे बात करी उसने हमेंशिखा कभी बात ही नहीं करती है। गोलू कुछ अलग रंग की हो गई है जबकि शिखा जो है वह गलत लोगों के बीच में फंस गई है। आप अपनी कितनी भी बुद्धि का प्रयोग कर ले, फिर भी आपको सही गलत का समझ हो जाती है। मतलब जब मैं सीजन 2 का पहला एपिसोड भी देख रही थी तब मुझे लगा कुछ भी हो कोई भी व्यक्ति मारने के लिए बॉम नहीं लगा सकता है। चाहे वह हीरो ही क्यों ना हो जाए, आप उसे पसंद नहीं क्यों न करते हो। लेकिन फिर भी क्या आप उसे पसंद करना छोड़ देंगे। यह सारे रंग को बहुत करीब से देखने के लिए बहुत जरूरी है कि मैं सीजन वन देखूं।

यूपी महोत्सव में मनाया गया उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रगति पर्यावरण संरक्षण प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे 17वें यूपी महोत्सव के प्रांगण में धूमधाम से उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। उत्तर प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जो पूरे देश की सियासत की दिशा तय करता है, वहीं संस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से भी बेहद समृद्ध है। राम और कृष्ण की धरती वाले इस प्रदेश में जहां भगवान काशी विश्वनाथ दुनिया के सबसे प्राचीन नगरी में विराजमान हैं, वहीं त्रिवेणी का अद्भुत संगम भी इस प्रदेश को बहुत ही खास बनाता है, और तब जब इस वक्त प्रयागराज में दुनिया का सबसे अनूठा और अद्भुत महाकुंभ चल रहा हो। संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने यूपी महोत्सव में आई हुई भीड़ को संदेश दिया कि विकसित भारत का समृद्ध उत्तर प्रदेश पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है और इसका श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर अकबर भदोही, कल्लू टेराकोटा, पुखराज राजस्थान, अखिल गुजराती नमकीन, रियाज इलेक्ट्रॉनिक, शानू मुरादाबाद, सलीम और बंटी क्रोकरी को सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया। संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने महोत्सव में पधारे सभी को बधाई दिया। स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर विशेष रूप से गुलाम नबी जम्मू कश्मीर से, जुबेर अली कानपुर से, दिलीप कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कहानी, सिनेमा व कवि सम्मेलन के साथ 'साहित्योत्सव' का आगाज

- आज पद्मश्री मालिनी अवस्थी की सुर संध्या का होगा आयोजन
- पं. हरि प्रसाद चौरसिया का बांसुरी वादन होगा आकर्षण का केन्द्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साहित्य- कला -संस्कृति की धरोहर को संजोने में अग्रणी संस्था जश्न -ए -अदब साहित्योत्सव का कल्चरल कारवां शहर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ के पांचवें संस्करण का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में भारतीय रंगमंच निदेशक अरविंद गौड़ और जश्न ए अदब के संस्थापक कुंवर रंजीत चौहान ने दीप -प्रज्जवलन कर दो दिवसीय आयोजन के पहले सत्र की शुरूआत की। इसके उपरांत कथा रंग कहानियां आज भी कल भी सत्र में कथा रंग की संस्थापिका नूतन वशिष्ठ और उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी की उपस्थिति में कनिका अशोक, सोम गांगुली, अनमोल मिश्रा और चैतन्य श्रीवास्तव ने कहानीपाठ किया। उन्होंने दो रोचक कहानी - सती और अकबरी लोटा की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रथम दिवस के अगले सत्र में दास्तांगोई का आयोजन हुआ जिसमें दानिश इकबाल द्वारा निर्देशित 'दास्तां - ए - राम' की प्रस्तुति फौजिया और रितेश यादव द्वारा दी गई। इस खास प्रस्तुति में दोनों ने प्रभु राम के जीवनवृत्त और उनकी प्रभुताई का परिचय अनोखे अंदाज में कराया। थियेटर, सिनेमा और संगीत पर चर्चा के लिए आए मेहमानों ने बहुत सार्थक संवाद स्थापित किया जिसमें राज कपूर और मोहम्मद रफी के जन्म- शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उन्हें भावांजलि दी गई। वातार्कार ज्योति सिन्हा से बात करते हुए प्रख्यात साहित्यकार यतींद्र मिश्रा ने कहा कि आजकल के लोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है बड़े मंचों पर जाने वाले लोग अपने आप को सर्व - समर्थ मान लेते हैं, जबकि उन्हें यह समझना चाहिए कि उनसे पहले वे बातें बड़े लोग कर चुके हैं। सभी को अधिक से अधिक पढ़ना चाहिए और सीखना चाहिए।

अभिनेता मनु ऋषि चड्ढा ने बड़े चुटीले लहजे में कहा मुझे अभिनय का शौक नहीं था, बचपन में मैं डिबेट में भाग लेता था। मेरी मां चाहती थी कि मैं कुछ ऐसा करूं जिससे मेरे व्यक्तित्व में निखार आए। प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री सुनीता रजवार ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे एनएसडी में प्रवेश मिला।

मैं हर क्षण कुछ न कुछ सीखती हूं और किसी से तुलना नहीं करती। हर व्यक्ति एक्टर होता है, यहां तक कि जानवर भी एक्टर होता है। जब छोटे बच्चे अपनी तकलीफ बोलकर साझा नहीं कर सकते तो वह भी एक्टिंग करके ही बताते हैं। राजकपूर के बारे में अतिथियों ने कहा कि हम सब उनके आभारी हैं कि उन्होंने एक्टिंग के नजरिए से समाज को जानने समझने का अवसर दिया। सुप्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी की स्मृतियों को नमन करते हुए यतींद्र मिश्रा ने कहा कि रफी साहब हरफनमौला कलाकार थे। उनकी गायकी और आचरण से सभी को सीख लेनी चाहिए। स्वदेश दीपक द्वारा लिखा गया और अरविंद गौड़ द्वारा निर्देशित नाटक कोर्ट मार्शल की प्रस्तुति से पूरा सभागार तालियों से गूंज गया।

इस नाट्य प्रस्तुति में जातिवादी और सामंतवादी मानसिकता का निम्नवर्ग पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के बारे में स्पष्ट किया गया है। इस नाटक के घटना में दिखाया गया कि परिस्थितियां जब बर्दाश्त से बाहर होती हैं तो सिपाही रामचंदर (पात्र)अपने ही अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर देता है। ऑफिसर की हत्या पर उस पर कोर्ट मार्शल होता है। अधिवक्ताओं और कर्नल आदि के बीच लंबी जिरह चलती है। लंबी कोशिशों के बाद जब हत्या का आरोपी सैनिक रामचंदर बोलता है तो पता लगता है कि अधिकारी द्वारा लगातार प्रताड़ित करने एवं अंत में उसकी मां के खिलाफ द्वेषभावना के चलते गलत शब्दों के प्रयोग से क्षुब्ध होकर सैनिक हत्या करने के लिए बाध्य हो जाता है। अंत में एक पार्टी के दौरान नाटक का समापन हो जाता है जो यह सवाल छोड़ जाता है कि जातिवाद एवं सामंतवादी सोच हर जगह आज भी विद्यमान है, जो समाज और व्यवस्था को खोखला कर रही हैं। पद्मश्री डॉ रंजना गौहर और वृंदा चड्ढा ने उड़ीसा की नृत्य प्रस्तुति से सभी को खूब प्रभावित किया। वसंत- उल्लास की इस भावपूर्ण प्रस्तुति में उन्होंने जिस रचना पर नृत्य प्रस्तुत किया उसमें बताया कि प्रेम और वसंत एक दूसरे का पूरक है।

अपने नाटकों के माध्यम से समाज को परिचित कराया : डॉ. रामकृष्ण

- हिंदी संस्थान में जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा जयशंकर प्रसाद स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर दिन शुक्रवार 24 जनवरी, 2025 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में किया गया।

दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ. कामिनी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गयी। अतिथि डॉ. रामकृष्ण, डॉ. हरिशंकर मिश्र का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर राज बहादुर, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। डॉ. रामकृष्ण ने कहा जयशंकर प्रसाद ने पूरे भारतीय इतिहास को अपने नाटकों के माध्यम से समाज को परिचित कराया। ध्रुवस्वामिनी, चन्द्रगुप्त, स्कन्दगुप्त, अजातशत्रु जैसे नाटकों में ऐतिहासिक तत्व परिलक्षित होते हैं। उन्होंने काव्य की अमर कृतियों को रचा। उनकी रचना कामायनी में मानवी संवेदनाओं की अलख दिखायी पड़ती है। प्रसाद जी पौराणिकता व आधुनिकता का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी लेखनी चलाते हैं। उनकी काव्य रचना कामायनी धीरे-धीरे उदात्त की ओर अग्रसर होती है। प्रसाद जी के काव्यों में छायावादी तत्व विद्यमान हैं। प्रसाद जी का मानना था कि जीवन में सुख और दुःख दोनों हैं। जीवन का सत्य केवल तपस्या नहीं है। वे कामायनी में मनु के माध्यम से मानव संस्कृति का संदेश देते हैं। वे नवजागरण व संस्कृति के संवाहक हैं। प्रसाद जी नारी के सर्वोत्तम गुणों की खोज करते हुए दिखाई पड़ते हैं। उनके काव्य में माया, ममता, दया के तत्वों की प्रधानता है। प्रसाद की कामायनी रचना भारतीय संस्कृति की संवाहक है। इस कृति में पौराणिकता व आधुनिकता के दोनों तत्व विद्यमान हैं। प्रसाद राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं।

डॉ. हरिशंकर मिश्र ने कहा जयशंकर प्रसाद आधुनिक हिन्दी साहित्य के हिमालय हैं। प्रसाद जी ने साहित्य के उच्च मानदंडों को स्थापित किया। प्रसाद जी का जीवन काफी संघर्षमय रहा है। प्रसाद काफी अध्ययनशील थे। प्रसाद में कवि की प्रतिभा जन्म से थी। प्रसाद जी को ब्रजभाषा से प्रेरणा मिली। प्रसाद ने अपनी ब्रजभाषा की रचनाओं को खड़ी बोली में भी अनुवाद किया। प्रसाद हिन्दी सेवी प्रकृति के थे। प्रसाद जी भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। प्रसाद मूलतः कवि के रुप में हमारे सामने आते हैं। वे कहानीकार, नाटककार, उपन्यासकार थे। उनका लेखन मर्यादित था। उनका समय जागरण व सुधारकाल का था। लेकिन प्रसाद ने साहित्य में स्थूल से सूक्ष्म की ओर ले जाने की चेतना जागृत की। कामायनी प्रसाद का प्रमुख महाकाव्य है। कामायनी में भाव व मनोविकार के तत्व विद्यमान हैं। मनु पात्र उनके प्रतीक हैं। प्रसाद का अध्ययन व चिंतन काफी गहरा था। प्रसाद का दार्शनिक पक्ष काफी गम्भीर था। उनका मानना था कि श्रद्धा व विश्वास एक दूसरे के पूरक हैं। वे रूढ़ियों के पक्षधर नहीं थे। प्रसाद प्रेम व सौन्दर्य के कवि हैं। प्रसाद का साहित्यिक अवदान विशालकाय है। निदेशक महोदय ने कहा- जयंशकर प्रसाद जी हिन्दी काव्य में प्रेम, सौन्दर्य, करुणा, वेदना और मानवता के संवाहक हैं। प्रसाद एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न हिन्दी कवि, उपन्यासकार, नाटककार, कहानीकार के रूप में हिन्दी साहित्य जगत में प्रसिद्ध हैं। उनके हृदय में सौन्दर्य मस्तिष्क में प्रश्नों का अम्बार और वाणी में सूक्ष्म अभिव्यंजना की क्षमता है। उनका काव्य प्रेम, सौन्दर्य, जागरण, मानवतावाद और जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा का काव्य है। वे प्रकृति की कमनीय छवियों को उद्धृत करने में सक्षम हैं। उनमें भावुकता और विचारों का समन्वय है। प्रसाद ने चित्राधार, प्रेम पथिक, करुणालय, महाराणा का महत्व, कानन-कुसुम, झरना, आँसू, लहर और कामायनी जैसी कालजयी रचनाऐं रचित की व छायावाद के आधार स्तम्भों में अमिट छाप छोड़कर अमर हो गये।

यमुना किनारे श्याम रास रचो...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत राधा रमन के 6वे दिन श्रीमान पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज के श्री मुख से अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा की वर्षा हुई। आयोजक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है आज हमारे ठाकुर जी का विवाह रुक्मणी जी के साथ संपन्न होगा। गोस्वामी जी ने बताया कि राधा रमन जी आज राम की भूमिका के रूप में सिंहासन पर विराजमान है और लखन लाल की भूमिका में आप सभी भक्त है।

कल जब हम लखनऊ के युवा साथियों से मिले हमें बड़ा आनंद हुआ उन्होंने अपनी बात कही कुछ हमने उनको अपनी बातयी हमारा निवेदन है सभी लोग शास्त्र से जुड़े तभी मूल से जुड़ पाएंगे यदि आप भारतवर्ष में पैदा हुए हैं और सनातनी है तो पांच ग्रंथ को मनन जरूर पढ़ेंगीता एक ऐसा ग्रंथ है जो देश दुनिया में अवसर आने पर श्रीमद् भागवत अध्ययन करें इस देश में कई कल आए जैसे मुगल काल ब्रिटिश काल आज कथा कल चल रहा है गांव-गांव में कथा आयोजित हो रही हैं हर सनातनी को धर्म का मूल पता होना चाहिए जब आपको मूल का ज्ञान हो जाएगा अज्ञानता स्वतः दूर हो जाएगी। जो ज्ञान अर्जित करते है उसे ज्ञानी कहलाता है जो विद्या को अर्जित करता है उसे विद्वान कहते है श्री कृष्ण भगवान दो जगह अवश्य मिलते हैं एक तो भक्तों के बीच या गायों के मध्य। भगवान खोजने से नहीं पुकारने से मिलते हैं। श्री कृष्ण भगवान अर्जुन से कह रहे हैं पथ हमारे दरवाजे पर बहुत भीड़ लगी रहती है वह चार प्रकार की भीड़ होती है भीड़ दुखी, दूसरी भीड़ जिज्ञासा, सनतनी, ज्ञानी भीड़ इन चार विभागों में विभाजित होती है। अतुल्य महात्मा हमें भी दुर्लभ है। दुर्योधन संख्या में फस गया और आप शंख को पकड़ लिया हम उसी समय समझ गए थे युद्ध आपने जीत लिया। परमात्मा -महात्मा को ढूंढता है महात्मा परमात्मा को जब यह दोनों का मिलन होता है उसे रास कहते हैं। एक बार की बात है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि थी श्री कृष्णा यमुना किनारे अपनी बंसी को बजा रहे थे गोपी दौड़ी चली गई भगवान ने देखा इतनी सारी गोपीकाएं रात्रि में हमारे पास खड़ी है और इसमें राधा रानी नहीं है तो श्री कृष्ण जी ने कहा सभी लोग रात्रि में हमारे पास क्यों आए हैं क्या जमुना देखने या पेड़ों को देखने आई हैं मिलने आई है आप लोग अपने घर जाए गोपी बोली आप हमारे जगतपति हैं हम आपको छोड़कर कहीं जाने वाली नहीं है।

हमारा यूपी हमारी शान ' में दिखा देश भक्ति का जज्बा

- यूपी दिवस सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक योगदान और प्रगति को प्रदर्शित करने का दिन: सरिता सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रति वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दिन का महत्व केवल उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और समृद्ध विरासत को भी प्रदर्शित करने का है। यह बात वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने आज सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में चांदन रोड इंदिरा नगर, लखनऊ स्थित संस्था के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस एवं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित ' हमारा यूपी हमारी शान ' कार्यक्रम में कही।

उन्होंने आगे बताया कि इसे पहले यूनाइटेड प्रोविंसेस के नाम से जाना जाता था, लेकिन 1950 में इसका नाम बदलकर उत्तर प्रदेश कर दिया गया। 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे औपचारिक रूप से एक विशेष उत्सव के रूप में मनाने की घोषणा की, तब से यह दिन राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक योगदान और प्रगतिशील योजनाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

हमारा यूपी हमारी शान कार्यक्रम में शालिनी, नीतू शर्मा, निशा और शिखा पांडे ने वन्देमातरम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर भारतमाता की महत्ता रेखांकित की। कार्यक्रम के अगले सोपान में नीरज सिंह, उषा तिवारी, अंशु, पूजा पांडे, बीनू, कल्पना, सविता, सीमा राय ने सुनो गौर से दुनियावालों बुरी नजर हम पर न डालो एवं अविरल, अधिरा, दिव्या सिंह, तनिष्का, पीहू पांडे, आद्यया, वासु, गूगल और खुशबू ने हम लोगों को समझ सको तो गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर हृदय में उमड़ रहे देश भक्ति की भावना को प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी द्वारा इनस्टॉलेशन कार्य, रंगोली निर्माण, चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन गोमतीनगर लखनऊ में किया गया। इसी क्रम में सभी गणमान्य अतिथियों ने अकादमी द्वारा प्रदर्शित आजादी के महानायको एवं महापुरुषों की मूर्ति प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं अत्यंत सराहना की गयी ! राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ॰ श्रद्धा शुक्ला के बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अकादमी द्वारा विभिन्न कलाकारों से भारत के महान क्रांतिकारियो, महापुरुषों पर आधारित मूर्तियां आमंत्रित कर उनको प्रदर्शित किया गया इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कलाकारों द्वारा डॉ॰ प्रफुल्ल चन्द्र राव, सदस्य, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के संयोजन में इनस्टॉलेशन का कार्य अत्यंत गंभीरता एवं तन्मयता के साथ पूर्ण किया गया तथा रंगोली कलाकारों द्वारा आयोजन के प्रवेश द्वारा व मंच के सम्मुख अति मनमोहक रंगोली का निर्माण किया गया। इसके साथ ही अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पर्यटन विरासत को प्रदर्शित करने वाले स्थानों पर आधारित एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर आधारित लगभग 45 चित्रों की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

निविदा आमंत्रण सूचना

1. कैफेटेरिया सूर्या सैनिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ कैंट में 25 फरवरी से 25 जनवरी 2026 (11 महीने) की अवधि के लिए खानपान सेवाओं को किराए पर लेने के लिए निविदा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एजेंसिया सूर्या सैनिक इन्स्टिट्यूट खाली आवेदन पत्र और नियम व शर्तें प्राप्त कर सकती है और 10 फरवरी 2025 को 1600 बजे तक एक सीलबंद अपने कोटेशन सूर्या सैनिक इन्स्टिट्यूट में रखे टेंडर बॉक्स में डाल सकती है।
2. **पात्रता मानदंड:** युद्ध में शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवायें/ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिक, विकलांग सैनिक और पूर्व सैनिक और पूर्व सैनिकों के जीवनसाथी/विधवायें आदि कैफेटेरिया के आवंटन के लिए आवेदन करने के पात्र है। संभावित विक्रेता अधिकारी प्रभारी, सूर्या सैनिक संस्थान की पूर्व सूचना के साथ सभी दिनों (मंगलवार और छुट्टियों को छोड़कर) पर 1000 बजे से 1600 बजे के बीच वास्तविक स्थान देख सकते हैं, इच्छुक व्यक्ति/पक्ष अपर्युक्त कैफेटरिया के लिए अपनी सीलबंद निविदाएं 10 फरवरी 2025 को 1600 बजे तक 26 करियप्पा रोड, लखनऊ कैंट स्थित सूर्या सैनिक संस्थान टेंटर में डाल सकते हैं। निविदा के लिए आवेदन पत्र या किसी स्पष्टीकरण के लिए इच्छुक पक्ष/व्यक्ति अधिकारी प्रभारी, सूर्या सैनिक संस्थान, मोबाइल नंबर 7617721537 पर 1000 बजे से 1400 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।
3. कैफेटरिया को 11 महीने की टेंडरिंग प्रक्रिया में वैध उच्च राशि लगाने वाले को आवंटित किया जायेगा। संभावित विक्रेताओं/आवेदकों को (MRP) के साथ मासिक छूट के लिये अपनी राशि का उल्लेख करना होगा और टेंडरिंग के लिए अपनी राशियों में दैनिक बिक्री के लाभ का 15 प्रतिशत हिस्सा जमा करने के लिये सहमत होना होगा।
4. अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 को 1600 बजे समाप्त होने के बाद कोई भी बिड्स स्वीकार नहीं की जायेंगी। निविदाएं बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स द्वारा 11 फरवरी 2025 को 1100 बजे खोली जायेंगी।

बनारस-चेन्नई के बीच चलेगी कुंभ मेला ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण रेलवे द्वारा काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप 06193/06194 एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल)-बनारस-एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल) काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी का संचलन 13 फरवरी को एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल) से तथा 19 फरवरी को बनारस से 01 फेरे के लिये किया जायेगा।

06193 एम.जी. रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल)-बनारस काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 13 फरवरी, 2025 को एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल) से 14.45 बजे प्रस्थान कर नेल्लूर से 17.30 बजे, ओंगोल से 18.55 बजे, विजयवाड़ा जं. से 21.05 बजे, दूसरे दिन वरंगल से 00.30 बजे, बल्हारशाह से 06.55 बजे, चन्द्रपुर से 07.18 बजे, नागपुर से 10.40 बजे, इटारसी से 16.05 बजे, पिपरिया से 17.05 बजे, नरसिंहपुर से 18.05 बजे, जबलपुर से 19.30 बजे, कटनी से 20.50 बजे, मैहर 21.45 बजे, सतना से 23.00 बजे, तीसरे दिन मानिकपुर से 00.47 बजे, प्रयागराज छिवकी से 02.45 बजे, मिजार्पुर से 04.30 बजे तथा चुनार से 05.25 बजे छूटकर बनारस 07.15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 06194 बनारस-एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल) काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 19 फरवरी, 2025 को बनारस से 02.00 बजे प्रस्थान कर चुनार से 04.12 बजे, मिजार्पुर से 04.45 बजे, प्रयागराज छिवकी से 06.00 बजे, मानिकपुर से 08.57 बजे, सतना से 12.25 बजे, मैहर से 12.55 बजे, कटनी से 13.45 बजे, जबलपुर से 15.50 बजे, नरसिंहपुर से 17.00 बजे, पिपरिया से 18.02 बजे, इटारसी से 21.00 बजे, नागपुर से 04.00 बजे, चन्द्रपुर से 08.30 बजे, बल्हारशाह से 09.15 बजे, वरंगल से 12.10 बजे, विजयवाड़ा से 15.40 बजे, ओंगोल से 17.40 बजे तथा नेल्लूर से 19.10 बजे छूटकर एम.जी. रामचंद्रन सेन्ट्रल (चेन्नै सेन्ट्रल) 23.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 08, शयनयान श्रेणी के 02, एलएसएलआरडी के 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 18 एलएचबीकोच लगाये जायेंगे।

मोतीपुर स्टेशन पर मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस: रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु मुजफ्फरपुर से 05 एवं 19 फरवरी को तथा झूसी से 06 एवं 20 फरवरी को चलने वाली 05267/05268 मुजफ्फरपुर-झूसी-मुजफ्फरपुर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का मोतीपुर स्टेशन पर 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। फलस्वरूप मुजफ्फरपुर से 05 एवं 19 फरवरी को चलने वाली 05267 मुजफ्फरपुर-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ी मोतीपुर स्टेशन पर 17.42 बजे पहुंचकर 17.44 बजे छूटेगी। इसी प्रकार झूसी से 06 एवं 20 फरवरी को चलने वाली 05268-झूसी-मुजफ्फरपुर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी मोतीपुर स्टेशन पर 04.03 बजे पहुंचकर 04.05 बजे छूटेगी।

गुंटूर एक्सप्रेस वाराणसी जं. से चलेगी: रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 26 जनवरी को आजमगढ़ से चलने वाली 07702 आजमगढ़-गुंटूर जं. कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन पूर्व में बनारस के रास्ते चलाने हेतु अधिसूचित किया गया था। संशोधित सूचना के अनुसार यह गाड़ी बनारस के स्थान पर वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी।

कोत्तवलसा स्टेशन पर रुकेगी विशाखपट्टणम एक्सप्रेस: रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुविधा हेतु 08562/08561 विशाखपट्टणम-गोरखपुर-विशाखपट्टणम महाकुम्भ मेला विशेष गाड़ी का कोत्तवलसा स्टेशन पर 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जायेगा। विशाखपट्टणम से 16 फरवरी दिन रविवार को चलने वाली 08562 विशाखपट्टणम-गोरखपुर महाकुम्भ मेला विशेष गाड़ी कोत्तवलसा स्टेशन 22.48 बजे पहुँचकर 22.50 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 19 फरवरी दिन बुधवार को चलने वाली 08561 गोरखपुर-विशाखपट्टणम महाकुम्भ मेला विशेष गाड़ी कोत्तवलसा स्टेशन 11.22 बजे पहुँचकर 11.24 बजे छूटेगी।

सील टूर के यात्रियों का चारबाग स्टेशन पर हुआ स्वागत

लखनऊ। अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन के अंतर्गत चार दिवसीय राष्ट्रीय एकात्मकता यात्रा 24 से 27 जनवरी का आगमन शुक्रवार जनवरी भगवान लखन की धरती लखनऊ पर हुआ। यात्रा में पधारे सील टूर के यात्रियों का अभाविप लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर माला पहना कर व तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया।

अभाविप लखनऊ महानगर मंत्री शाश्वत सांस्कृत ने राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के अंतर्गत आए हुए यात्रियों के बारे में बताते हुए कहा कि इस सील टूर में पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों असम, त्रिपुरा, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड से 30 छात्र एवं छात्राओं का आगमन हुआ है, इस यात्रा के पहले दिन छात्र एवं छात्राओं ने विधानसभा, उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान विभिन्न शैक्षिक संस्थान, लखनऊ के प्रमुख स्थानों पर यात्रियों का जाना होगा और ये यात्री चार दिन विभिन्न परिवारों में रहेंगे। यात्रा के संयोजक उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि यात्रा का भारतीय संस्कृति और एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल पूर्वोत्तर भारत के छात्रों को देश के अन्य भागों की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता से परिचित कराती है, बल्कि राष्ट्रीय एकता की भावना को भी मजबूत करती है।

माण्डवी फाउंडेशन ने महिलाओं को चिकन कारी का प्रशिक्षण दिया

लखनऊ। माण्डवी फाउंडेशन ने महिलाओं के कौशल विकास और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को चिकनकारी (एक प्रमुख कढ़ाई कला) का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकें और समाज में अपना स्थान बना सकें। चिकनकारी, जो कि लखनऊ (उत्तर भारत) की एक प्रसिद्ध कढ़ाई तकनीक है, महिलाओं को न केवल कला सीखने का अवसर मिला बल्कि वे इसे एक आय के स्रोत के रूप में भी उपयोग कर सकेंगी। इसके साथ ही, फाउंडेशन ने कार्यक्रम के समापन पर सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया। यह कदम उन महिलाओं की मदद करने के लिए उठाया गया, जिनके पास सर्दियों के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं थे। माण्डवी फाउंडेशन के इस पहल से महिलाओं को न केवल एक नई कला सीखने का अवसर मिला बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से महिलाएं अपने हुनर को और बेहतर बना सकती हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मजबूत कदम उठा सकती हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की टीम से आलोक त्रिपाठी, सेनू गुप्ता, जय सिंह, रूबी गुप्ता, सिन्दूरी, जेसिका सिंह साक्षी सिंह मौजूद रहे।

38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग के लिए प्रदेश कलारीपयट्टू टीम आज लखनऊ से रवाना होगी

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट टीम में चयनित खिलाड़ियों को भाजपा वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत गोमती नगर आवास पर खिलाड़ियों को किट वितरित की और राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश टीम में चयनित 14 खिलाड़ियों के लिए एसोसिएशन द्वारा आईबीएसए स्पोर्ट्स एकैडमी में 18 से 24 जनवरी के मध्य एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। टीम शनिवार को उत्तराखंड के लिए रवाना होगी और हरिद्वार के पुलिस लाइन इंडोर स्टेडियम में 28 से 30 जनवरी के बीच आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इंडियन कलारीपयट्टू फेडरेशन द्वारा चयनित फाइनल टीम में मानसी जायसवाल चुवाडुकुल और तलवार ढाल, जय श्री यादव- मेयपट्टू, ज्योति - हाई किक (+5.3) और तलवार ढाल, समीक्षा सिंह - उर्मी ढाल और 60 किलोग्राम भार वर्ग फाइट में, शिवांगी गौतम (-5.3) हाईकिक और उर्मी ढाल युगल, विष्णु चाहर और शाकिर उर्मी ढाल (सहारनपुर), साहिल वर्मा और सनी तलवार ढाल युगल, सनी- हाइ किक (-5.3), नितेश यादव फाइट 65 किलोग्राम भार वर्ग, अनुपम सैनी फाइट 80 किलोग्राम भार वर्ग सभी लखनऊ से) सैयद अयूब अली - चुवाडुकुल (गोंडा), प्रशांत सिंह उर्मी प्रदर्शन (रायबरेली), काजल साहू फाइट 70 किलोग्राम भार वर्ग (फरुर्खाबाद) उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रियंका अग्रवाल, वैभव कुमार (टीम कोच) नितेश सिंह और मुस्तकीम अंसारी (टीम मैनेजर)/ सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में सम्मिलित होंगे।

लविवि की क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंची

लखनऊ। त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, काठमांडू, नेपाल में खेले जा रहे टी-20 जय नेपाल कप इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूनामेंट में आज लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने लीग मैच में काठमांडू विश्वविद्यालय को पराजित करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, लखनऊ विश्वविद्यालय का आखिरी लीग मैच कल दोपहर 1 बजे से मिड वेस्ट यूनिवर्सिटी से खेला जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के कप्तान आनंद सागर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 160 रन बनाये। लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन मनन कांडपाल ने बनाए एवं नाबाद लौटे, हर्षवर्धन ने 28, आदित्य प्रताप ने 25 और आशीष यादव ने 17 रन का योगदान किया। जीत के लिए काठमांडू विश्वविद्यालय 160 रन का पीछा करने उतरी परंतु अभिषेक प्रकाश की सटीक गेंदबाजी के चलते काठमांडू विश्वविद्यालय को दूसरे ही ओवर पहला झटका दिया। इसके बाद काठमांडू की टीम पूरे मैच लड़खड़ातीर रही एवं मैच में वापिसी नही कर पाई और पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 87 रन ही बना बना सकी। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से 3 विकेट आनंद सागर ने लिए। 75 रन बनाकर नाबाद और 1 विकेट लेने वाले मनन कांडपाल को प्लयेर ऑफ द मैच चुना गया। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के उपकप्तान व मैन ऑफ द मैच मनन कांडपाल ने जीत का श्रेय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को समर्पित किया क्योंकि यह टीम उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में खेल रही है। इसके अलावा क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य को भी बहुत धन्यवाद दिया। महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने समस्त टीम के खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट को बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी।

सर्वधर्म समभाव, वसुधैव कुटुम्बकम व जय जगत का संदेश देगी सीएमएस की झांकी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है की भावना से लबरेज सिटी मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी झाँकी गणतन्त्र दिवस परेड में जनमानस को सर्वधर्म समभाव, वसुधैव कुटुम्बकम एवं जय जगत का संदेश देगी।

चारबाग में रवीन्द्रालय स्थित झाँकी स्थल पर आज आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह झाँकी पत्रकारों को दिखाई गई। इस अवसर पर झाँकी के विभिन्न पहलुओं से पत्रकारों को अवगत कराते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने बताया कि यह झाँकी समाज में खुशहाली व समृद्धि का संदेश प्रसारित कर रही है एवं एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द पर आधारित विश्व व्यवस्था की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गणतन्त्र दिवस परेड में सी.एम.एस. की यह झाँकी जनमानस के विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. की यह झाँकी मात्र प्रदर्शन भर के लिए नहीं है अपितु इसके पीछे एक उद्देश्य है कि धार्मिक एकता व सामाजिक एकता मानवता के विकास की धुरी है। ऐसे में, सी.एम.एस. की यह झाँकी प्रेम, प्यार, सहयोग, सौहार्द व भाईचारा से ओतप्रोत विश्व व्यवस्था का आह्वान करती है और इस धरती पर आध्यात्मिक सभ्यता की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रो. किंगडन ने कहा कि यह अनूठी झाँकी संदेश दे रही है कि हम सब एक ही परमपिता परमात्मा की संतान है और हमें अपने देश की महान सभ्यता, संस्कृति एवं ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की भावना के अनुरूप विश्व समाज को सुन्दर एवं सुरक्षित बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

हिन्दी में काम करना देश की उन्नति के लिए आवश्यक : संजय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का यह कथन हिंदी भाषा की महत्ता, उपयोगिता एवं अनिवार्यता को दर्शाता है एवं सत्यता यही है कि हिंदी भाषा के द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का स्वप्न साकार किया जा सकता है। अतः उक्त कथन का अनुसरण करते हुए भारतीय रेल के अंतर्गत भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान अपनी सम्पूर्ण रेल कार्य प्रक्रिया में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहा है। संस्थान राजभाषा अनुभाग के द्वारा हिंदी भाषा के उत्थान, प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक प्रयोग हेतु एक क्रमबद्ध प्रारूप में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की हिंदी सम्बन्धी गतिविधियों एवं कार्यकलापों को आयोजित किया जाता है। इस विषय में उल्लेखनीय कार्यकलापों के अंतर्गत शुक्रवार को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान में हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु संस्थान में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।

राजभाषा सम्बन्धी गतिविधियों के ही अंतर्गत भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान द्वारा हिंदी पुस्तिका अवनि का त्रैमासिक प्रकाशन किया जाता है जिसमे संस्थान के अधिकारियों, परिवीक्षाधीन अधिकारीगण एवं कर्मचारियों की साहित्य सृजन क्षमता को प्रोत्साहित करते हुए उनके द्वारा लिखित रचनाओं, लेखो एवं अन्य साहित्य सामग्री को प्रकाशित किया जाता है। समय-समय पर राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी भाषा के प्रसार-प्रचार हेतु विविध प्रकार की हिंदी प्रतियोगिताओं, महापुरुषों के जयंती समारोह, साहित्यकारों पर संगोष्ठी, तकनीकी संगोष्ठी समेत अनेक प्रकार की गतिविधियों को निरंतरता से आयोजित किया जाता है। संस्थान में एक पुस्तकालय की भी व्यवस्था है जिसमे हिंदी साहित्य क्षेत्र के अनेक प्रख्यात कवियों एवं लेखकों द्वारा सृजित रोचक एवं ज्ञानवर्धक साहित्य सामग्री पाठकों हेतु उपलब्ध रहती है। अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने हिंदी की सरसता, सरलता एवं लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए हिंदी को संचार की सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वसुलभ भाषा की संज्ञा देते हुए अवगत कराया कि मंडल हिंदी भाषा के उत्थान, प्रचार एवं प्रसार के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है एवं हिंदी भाषा के विषय में भारत की अनेक विभूतियों द्वारा दिए गए कथनों का अनुसरण कर रहा है एवं भविष्य में हिंदी सम्बन्धी अनेक विविध योजनाओं को अमल में लाते हुए हिंदी भाषा के चहुँमुखी उत्थान का प्रावधान किया गया है।

रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने काशी स्टेशन का किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेल एवं जलशक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना का उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के वाराणसी परिक्षेत्र में स्थित काशी स्टेशन प्पहुंचे। इस दौरान उन्होंने काशी स्टेशन को इंटरमॉडल स्टेशन बनाये जाने के संबंध में किए जाने वाले सभी प्रयासों, निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति तथा परियोजनाओं की विधिवत जानकारी प्राप्त की तथा इस विषय में अपने दिशा-निर्देश पारित किए। उन्होंने इस दौरान परिसर में वृक्षारोपण किया तथा स्टेशन पर कर्मचारियों के साथ संवाद भी किया।

रेल राज्यमंत्री ने इस अवसर पर काशी स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों के साथ भी संवाद स्थापित किया। इसके उपरांत उन्होंने गंगा ब्रिज पर पहुंचकर इसके निर्माण की रूपरेखा से परिचित होते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की पूर्ण जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने महाकुंभ-25 के सफल और सुचारु संचालन के अंतर्गत मौनी अमावस्या एवं आगामी पर्वों पर मण्डल के वाराणसी जं. (कैंट.) स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन की दिशा में किए जाने वाली सभी गतिविधियों और विशेष तैयारियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। रेलराज्यमंत्री ने इस अवसर पर अवगत कराया कि भारतीय रेल राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार स्तम्भ है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक रेलकर्मी का यह परम कर्तव्य है कि वह अपनी समर्पित और अनुशासित रेल सेवा के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करे तथा रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों की रेलयात्रा के अनुभव को अधिक से अधिक सुखमय और मनोरंजक बनाने में अपना योगदान प्रदान करे तथा देशवासियों में रेल के प्रति विश्वास को बढ़ाते हुए हुए भारतीय रेल को जनमानस की आशाओं तथा अपेक्षाओं के अनुरूप साबित करे। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी, लाल जी चौधरी, स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जजों और न्यायालयों की कमी पर हाईकोर्ट ने जतायी चिंता

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में जनों और न्यायालयों की कमी पर चिंता जतायी है। न्यायालय ने कहा है कि अधीनस्थ अदालतों में लम्बित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रतिदिन बहुत से मेसेज हमारे समक्ष आते हैं, ऐसा जजों और न्यायालयों की कमी के कारण है। न्यायालय ने इस विषय को जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करते हुए, मामले की सुनवायी के लिए निर्देश देने हेतु हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का आदेश रजिस्ट्री को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने बहराइच निवासी कृष्ण चंद्र सिंह की शीघ्र निस्तारण की मांग वाली याचिका पर पारित किया है। याची की एक पुनरीक्षण याचिका बहराइच की सेशंस कोर्ट के समक्ष 14 वर्षों से लम्बित थी। मामले की सुनवायी के दौरान न्यायालय ने शीर्ष अदालत द्वारा इम्तियाज अहमद मामले में दिए गए निदेर्शों के क्रम में अदालतों के गठन की स्थिति का ब्यौरा राज्य सरकार से तलब किया। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी व अपर शासकीय अधिवक्ता राव नरेंद्र सिंह ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2021 में 9149 अदालतों के गठन का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जा चुका है। उक्त अदालतों का गठन चरणबद्ध तरीके से होना है। वहीं न्यायालय ने पाया कि सर्वोच्च न्यायालय दस लाख व्यक्तियों पर 50 न्यायाधीशों की आवश्यकता जाता चुकी है लेकिन वर्ष 2024 तक यह आंकड़ा प्रति दस लाख व्यक्तियों पर 25 जज तक भी नहीं पहुँच सका है।

शिक्षकों ने काला फीता बांधकर किया विरोध-प्रदर्शन

एपी सेन गर्ल्स पीजी कालेज लखनऊ की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्तव के तानाशाही के विरोध में आज भी होगा प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लुआक्टा के आह्वान पर ए पी सेन गर्ल्स पी जी कालेज लखनऊ की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्तव के तानाशाही एवं शिक्षक के उत्पीड़न के विरुद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयो (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर) के शिक्षक साथियो द्वारा किया गया आंदोलन, आंदोलन के पहले दिनशुक्रवार को काला फीता बांधकर किया गया विरोध, कल 25 जनवरी को भी जारी रहेगा विरोध।

फीरोज गांधी डिग्री कॉलेज, रायबरेली में 19 जनवरी को आहूत लुआक्टा कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सम्मति से लिये गये निर्णय का अनुपालन करते हुए शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयो (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर) के शिक्षक साथियो द्वारा काला फीता बांधकर ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स महाविद्यालय, लखनऊ की शिक्षिकाओं का विभिन्न प्रकार से हो रहे उत्पीडन, नियम विरुद्ध वेतन कटौती, मनमाने तरीके से अवकाश परिवर्तन, अकारण नोटिस एवं धमकी तथा कई अन्य तरीके से शिक्षिकाओं को प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्त्व द्वारा किये जा रहे उत्पीडन का विरोध किया गया, सूच्य है कि ए पी सेन महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा पूर्व मे पुलिस भर्ती परीक्षा में डा निधि सिधार्थ का उत्पीड़न करने एवं वेतन कटौती करने के लिए जिलाधिकारी महोदय के आदेश के बाबजूद कटौती पूर्ण वेतन क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित किया, डा उषा पाठक के कमुटेड अवकाश को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाबजूद नही माना एवं कमुटेड अवकाश को अर्जित अवकाश के रूप में परिवर्तित कर दिया, डा पाठक द्वारा उनके निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने चिकित्सकीय अवकाश का सत्यापन भी कराया गया, डा निधि सिधार्थ। के बाल्य देखभाल अवकाश मे वेतन कटौती बिना बताये नियमो के परे कर दी गयी। इसके अतिरिक्त शिक्षिकाओ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए नोटिस जारी कर भयभीत किया गया। यह भी अवगत कराना है कि प्रो रचना श्रीवास्त्व लम्बे समय से परीक्षा सेल में कार्य करने के नाम पर 10:15 बजे स्वयम महाविद्यालय से गायब रहती रही है। आज के इस आंदोलन में शिक्षक साथियो द्वारा संगठन के निर्णय के अनुसार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्त्व द्वारा किये जा रहे उत्पीडन का विरोध किया गया एवं आह्वान किया गया कि यदि महाविद्यालय में उत्पीड़न एवं तानाशाही पर लगाम न लगा तो संगठन को बड़ा आंदोलन करना चाहिए। लुआक्टा अध्यक्ष डा मनोज पांडेय द्वारा सभी शिक्षक साथियो का आंदोलन का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया गया, तथा ए पी सेन महाविद्यालय की प्राचार्या को सभी शिक्षको एवं कर्मचारियो से संवाद स्थापित करने का सुझाव देते हुए आगाह किया कि यदि शिक्षिकाओ का उत्पीड़न बन्द नही हुआ तो आंदोलन और बड़ा किया जायेगा, महामंत्री डा अंशु केडिया ने प्राचार्या से शिक्षको एवं कर्मचारियों का उत्पीडन न करने एवं बेहतर शैक्षिक माहौल बनाने की आवश्यकता बताई। लुआक्टा द्वारा अपने सभी साथियो को पुनः आंदोलन के दूसरे दिन कल दिनांक 25 जनवरी 25 को जारी रखने का आह्वान किया गया। आज दिनांक 24 जनवरी 25 को सभी महाविद्यालयों के शिक्षक साथियों द्वारा काले फीते के साथ अपने शैक्षिक एवं परीक्षा संबंधित कार्य का निष्पादन किया गया कलुआक्टा का अपने सभी साथियो से आग्रह है कि वे 25 जनवरी को काला फीता बांधकर आज की तरह कल भी आंदोलन को सफल बनाये।

जनजातीय समाज का योगदान राष्ट्र निर्माण में अनमोल है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आरडीएसओ द्वारा भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर ह्यजनजातीय गौरव वर्षह्न का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव था, बल्कि उनकी राष्ट्रीय आंदोलन में अमूल्य भूमिका को भी सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

कार्यक्रम की शुरूआत ललित कला अकादमी के सहयोग से आयोजित एक भव्य चित्र प्रदर्शनी हुई। इस प्रदर्शनी ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान को चित्रों के माध्यम से दशार्या। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की सदस्या अनीता गौतम ने किया। इसके साथ ही आरडीएसओ स्काउट एवं गाइड और मानक नगर विद्यालय की एनसीसी टीम द्वारा प्रस्तुत किये गये गेटवे और गजेट्स को खूब सराहनी मिली। राज्य लोक कला एवं जनजातीय सांस्कृतिक संस्थान के सहयोग से आयोजित थारु सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से रुबरु कराया। साथ ही कलबेलिया नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विकास भारती के सचिव और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित अशोक भगत का प्रेरणादायक व्याख्यान रहा। उन्होंने अपने विचार साझा किए एवं जनजातीय समाज के उत्थान और उनकी राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से समझाते हुए कहा कि जनजातीय समाज का योगदान राष्ट्र निर्माण में अनमोल है, और हमें इसे पहचानने व प्रोत्साहित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में अमरनाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अपने स्वागत भाषण में जनजातीय गौरव वर्ष की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवणकर इस अवसर पर उपथित रहे एवं उन्होंने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान और उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह आयोजन बिरसा मुंडा के संघर्ष, उनके आदर्शों और जनजातीय समाज के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक सफल प्रयास था। यह न केवल उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का मंच बना, बल्कि इसके माध्यम से एक प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर, जनजातीय समाज के वरिष्ठ कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया। बी.के.पाण्डेय, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी -1 एवं उनके सहयोगी कार्मिकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, रेलवे महिला कल्याण एसोसिएशन की पदाधिकारी, जनजातीय समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

विद्यालय प्रबन्ध समिति के निधन पर शोक

देवरिया। कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया के विद्यालय प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य और बगहा मठिया ग्रामपंचायत के पंचायत सदस्य हरदिल अजीज राम बृक्ष गिरी उर्फ बृक्षा बाबा के निधन से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। 80 वर्षीय बृक्षा बाबा स्कूल के बच्चों और विद्यालय परिवार के मुखिया की तरह सम्मानित थे। गांव के सभी छोटे बड़े, महिलाएं, बच्चे उनको अपना अभिभावक मानते थे। उनका ज्यादा समय विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों और ग्रामीणों में व्यतीत होता था। यही कारण है कि उनके निधन से सभी लोग दुखी हैं। लंबी उम्र के बावजूद उनकी सक्रियता अनुकरणीय है। सोमवार को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने गोरखपुर रेफर कर दिया इलाज के दौरान 23 जनवरी की सुबह उनका निधन हो गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रधानाध्यापक श्यामदेव यादव, इंद्रावती देवी, अनिल कुमार राय, स्वाति सिंह, सन्ध्या यादव, मिथिलेश शर्मा, राहुल सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, विनीत तिवारी, शाहजहां बेगम, सुमन चौहान, मद जाकिर प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार पूर्व प्रधान मार्कण्डेय सिंह आदि ने बृक्षा बाबा के सामाजिक सेवा, सरलता, विनम्रता की प्रशंसा करते हुए शोक व्यक्त किया है।

मंत्री ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

कुशीनगर। शुक्रवार को मंत्री द्वारा विभिन्न निरीक्षण कार्यक्रमो के अंतर्गत पडरौना स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को जाना गया। मंत्री ने सर्वप्रथम पर्ची काउंटर पर पहुंच कर आज के दिन कितनी पर्ची बनी है कि जानकारी लेते हुए पर्ची पर समय अंकित किये जाने के सम्बंध में सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण दौरान अस्पताल परिसर में जीर्ण शीर्ण भवनों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए परिसर में किनारे पड़ी खाली भूमि को पार्क आदि बनाये जाने, पार्किंग स्थल चिन्हित कर सुव्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देश दिए गये, निरीक्षण दौरान अस्पताल आये मरीजों से वार्ता कर मिलने वाली सुविधाओं को परखा गया। परिसर में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का घूम कर देखा गया, नए भवन में लगे दरवाजे को देख कर मंत्री द्वारा अप्रसन्नता प्रकट करते हुए कार्यदायी संस्था के सम्बंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कोतवाली पडरौना का भी अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश पटारिया सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण एवं सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मारपीट करने के मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

आंवला, बरेली। आंवला पुलिस ने मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भीमलौर रसूलपुर निवासी ग्रामीण ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि भीमलौर रसूलपुर के पास मेरा बेटा मोरपाल कोचिंग पढ़कर आ रहा था।

धूमधाम से मनाया गया प्रदेश का स्थापना दिवस

देवरिया। उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में भव्य प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सभी को शुभकामनाएं दीं और दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुरूआतछात्र मनीष मौर्या द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद जीआईसी की छात्राओं रोशनी मणि, रिया गुप्ता और विध्यवासिनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यदि प्रदेश की विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर करना है, तो महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और उनकी सहभागिता प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को अपने आत्मबल को पहचानना होगा। उन्हें योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सशक्त और आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी वर्ग के लोग अपनी क्षमताओं के अनुरूप कार्य करेंगे, तभी समग्र विकास संभव हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या में महिलाओं और बालिकाओं के लिए मिशन शक्ति के तहत "हेल्पलाइन नंबर बताया" गया है। इस नंबर पर तत्काल सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने एनसीसी और स्काउट के बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली समझने के लिए पुलिस थानों और कार्यालयों का दौरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पुलिस के कार्य और समाज में उनके योगदान को समझना चाहिए।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, नमो ड्रोन, वायुपुत्र ड्रोन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शिल्प विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, दिव्यांग जनसशक्तिकरण विभाग, आयुर्वेद विभाग, मिशन शक्ति, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, और कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। बाल विकास पुष्टाहार द्वाराआयोजित गोदभराई कार्यक्रम किया गया।

कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देते हुए, राजकीय पॉलिटेक्निक, देवरिया के प्रवक्ता नरेंद्र मोहन मिश्रा के निर्देशन में छात्रों द्वारा विकसित "वायुपुत्र ड्रोन" को विशेष सराहना मिली। इस उपलब्धि के लिए नरेंद्र मोहन मिश्रा, चंद्र भूषण चौहान, हिमांशु शर्मा, प्रशांत और ओमकार शर्मा को सम्मानित किया गया।

सीएम युवा अभियान के प्रथम लाचिंग के तहत प्रभात कुमार, शुभम गुप्ता, इमरान खान, अमित यादव, मुन्नी देवी, आदित्य पांडेय, शुभम चौरसिया, अलका, सत्यम सिंह एवं अजय कुमार "को चेक प्रदान किया गया।"

खेल और शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों में अभिषेक कुमार, ज्योति प्रसाद, अंशु वर्मा, विकास भारती, साक्षी गुप्ता, सलोनी वर्मा, खुशी चौहान, अनामिका पटेल, संजना यादव, मधु कन्नौजिया, और क्षमा पांडेय को सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले शैलू प्रजापति, रोशनी मद्धेशिया, लक्ष्मी श्रीवास्तव, और रश्मि खातून को भी सम्मानित किए गए। युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया।

चिकित्साधिकारी डा बाएन गिरा, डा तहसाम फातिमा, स्टाफ नर्स सीता, एलटी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, एटीएलएस आरिफ जमाल, एसटीएस विनय कुशवाहा को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालिका दिवस पर ताइक्वांडो ओपेन नेशनल में स्वर्ण पाने वाली तनु वर्मा, तृषिका वर्मा, रजत पदक पाने वाली अदिति त्रिपाठी, कास्य पदक पाने वाली पूर्णिमा मौर्य, गार्गी मिश्रा व हॉकी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कास्य पदक पाने वाली रोशनी राजभर, सुप्रिया कुमारी, इशानी तिवारी और खो खो में नेशनल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिभाग करने वाली बेबी भारती को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024 में इंटरमिडिएट की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान पाकर सर्वाधिक अंक पाने वाली सुजाता पाण्डेय, द्वितीय स्थान पाकर सर्वाधिक अंक पाने वाली फिजा खातून व हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान पाकर सर्वाधिक अंक पाने वाली पल्लवी खरवार, द्वितीय स्थान पाकर सर्वाधिक अंक पाने वाली शालिनी राय को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, एसीएमओ डॉ कार्तिकेय पाण्डेय, विश्वनाथ मल्ल, संजय तिवारी, वर्षा सिंह, चंद्र प्रकाश तिवारी, एमपी तिवारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 243 जोड़ों का हुआ विवाह

देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना" के अन्तर्गत राजकीय आईटीआई के प्रांगण में 243 जोड़ों का विवाह कराया गया। जिसमें 227 हिन्दू एवं 16 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, नवीन शाही प्रतिनिधि कृषि मंत्री, राजू मणि प्रतिनिधि एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख लार तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें। जिन्होंने वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आशीर्वाद प्रदान किया।

ग्राम प्रधान अंगद यादव का हुआ सम्मान

देवरिया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राज्य पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए जनपद देवरिया के ग्राम प्रधान अंगद यादव को नामित किया गया है। उन्हें पत्नी सहित सम्मानपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु भेजा गया है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट नमामि गंगे और जल निगम ग्रामीण के अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत, विकासखंड गौरीबाजार के ग्राम पंचायत सांडा के ग्राम प्रधान अंगद यादव का चयन किया गया है। उन्हें इस गणतंत्र दिवस पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अखिल आनंद, जिला परियोजना प्रबंधन इकाई के जिला समन्वयक हरिश्चंद्र सिंह, राजेश यादव और अन्य अधिकारियों द्वारा अंगद यादव को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन की प्रक्रिया संपन्न

देवरिया। जिलाधिकारी के आदेश के तहत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत दुर्बल एवं वंचित समूह के बच्चों के प्रवेश हेतु प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी रवि शंकर राय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया के द्वितीय चरण में प्राप्त कुल आवेदनों के आधार पर 220 बच्चों को गैर-सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश हेतु सीटों का आवंटन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि जिन बच्चों का सीट आवंटन हो गया है, उनके लिए पृथक आदेश जिलाधिकारी की अनुमति के पश्चात जारी किया जाएगा। संबंधित विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित बच्चों का अपने विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें। तृतीय चरण की प्रक्रिया 1 फरवरी 2025 से पुनः प्रारंभ होगी। जिन बच्चों को इस चरण में सीट आवंटन नहीं मिला है, वे अपने नजदीकी विद्यालय में आवेदन करके प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। लॉटरी की प्रक्रिया के दौरान जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आलोक पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

यज्ञ से शुद्ध होते है वातावरण : स्वामी केवलानंद सरस्वती

देवरिया। लार नगर के शास्त्रीनगर वार्ड में आयोजित छः दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के पाँचवे दिन शुक्रवार को क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी। यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी केवलानंद सरस्वती महाराज ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि प्रकृति में संतुलन आता है और मनुष्य के विचार भी शुद्ध होते हैं। यज्ञ के स्वाहाकर से ही राष्ट्र का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि दैनिक यज्ञ न केवल प्रकृति को संरक्षित करता है, बल्कि समाज को भी संस्कारवान बनाता है। पंडित रोशन आर्य ने कहा कि यज्ञ सबसे पवित्र कर्म है, जो मानवता, प्रकृति और संस्कृति को एक साथ जोड़ता है। यह महायज्ञ हमारे युवाओं को भारतीय परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का प्रयास है। वही वेद पाठ ज्योतिष्मती आर्या व पंडित रोशन आर्य ने की। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में लार नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन सत्यवंती देवी, आर्य समाज लार के अध्यक्ष राजकुमार गोस्वामी, उमाशंकर गुप्ता, गुड्डू बम, शीतल बरनवाल, मिंटू बरनवाल, रामदीन जायसवाल, रजनीश पटेल, श्रीराम साहू, राजेश कुशवाहा, साहू विशाल कुमार गुप्ता, ईश्वर चंद्र बरनवाल, राजेश गुप्ता, विपुल गुप्ता, राजन मोदनवाल, सुजीत जायसवाल, राकेश मोदनवाल, अभिनव बरनवाल, रमेश बरनवाल, सुनील गुप्ता, आशीष बरनवाल, नीरज गुप्ता, अभिनंदन कुमार, मानस गुप्ता, श्रेयांश गुप्ता, प्रतिष्ठा आर्या, संध्या देवी, रीना देवी, राधिका देवी, दिव्या आर्या, होशिला देवी, साक्षी, श्रद्धा, भक्ति, अनाया गुप्ता, सहित अन्य क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद रहें।

प्रभारी मंत्री प्रेसवार्ता मे विधायक असीम कुमार पत्रकारों से भिड़े

विधायक द्वारा आयुष्मान कार्ड पर फर्जी तरीके से आपरेशन और भुगतान के आरोपी डॉ. पुष्कर के बचाव में उतरने का मामला

कुशीनगर। सूबे के कुशीनगर जनपद के प्रभारी मंत्री व भाजपा नेता दिनेश प्रताप सिंहकी प्रेसवार्ता में सेवरही विधायक डॉ.असीम कुमार पत्रकारों से भिड गये। हुआ यह कि प्रभारी मंत्री पत्रकारो के सवालो का जबाब देते हुए सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी दरम्यान पत्रकारो द्वारा उठाये गये आयुष्मान कार्ड पर फर्जी तरीके से आपरेशन और भुगतान के सवाल पर प्रभारी मंत्री जबाब दे रहे थे तभी सेवरही विधायक

- विधायक समर्थकों ने की पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की

असीम कुमार आरोपी चिकित्सक के बचाव में बोलने लगे जिस पर पत्रकार भड़क उठे और हो-हल्ला के बाद स्थिति धक्का-मुक्की तक पहुंच गयी। हालांकि प्रभारी मंत्री सभी को शांत कराते रहे और विधायक के कृत्य पर पत्रकारों से मांगी मांगकर मामले को सलटाने का प्रयास किया। काबिलेजिक्र है कि प्रभारी मंत्री दो दिवसीय दौरे पर कुशीनगर में थे। अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को पडरौना नगर के एक होटल में यूपी दिवस के अवसर पर मीडिया से रुबरु होकर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान आयुष्मान

भारत योजना के तहत पड़रौना नगर के जटहा रोड मटिहरवा स्थित नवजीवन ज्योति हॉस्पिटल के संचालक व डॉ. पुष्कर यादव द्वारा बिहार के बेतिया के अल्ट्रासाउंड संचालक से फर्जी रिपोर्ट बनाने व आयुष्मान कार्ड पर फर्जी ऑपरेशन करने के वायरल वीडियो के संबंध में पत्रकारों द्वारा उठाये गये मुद्दे पर जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जबाब दे रहे थे तभी बीच में हस्तक्षेप करते हुए वायरल वीडियो की सत्यता पर तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार ने सवाल खड़ा कर दिया। विधायक असीम कुमार ने यह तर्क देते हुए कहा कि जब तक वीडियो की एडिटिंग की जांच नहीं हो जाती डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई ठीक नहीं होगा। विधायक डॉ. असीम कुमार द्वारा यह कहने पर कि स्टिंग ऑपरेशन में जो आवाज है, उसमें छेड़छाड़ की गई है, इस पर पत्रकार भड़क उठे और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विधायक के समर्थको ने जहां पत्रकारों से धक्का-मुक्की किया, वही विधायक असीम कुमार भी पत्रकारो को गियर में लेने के लिए मंच से उठकर पत्रकारों के समीप चढकर बोलने लगे। तकरीबन पन्द्रह मिनट तक हो-हल्ला के बाद माहौल शान्त हुआ। अंत मे प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पत्रकारों से माफी मांगते हुए कहा कि यहाँ से कलेक्ट्रेट जाकर समीक्षा बैठक लेगें, सीएमओ से जाँच रिपोर्ट की जानकारी लेने के बाद मीडिया को अपडेट से अवगत कराएंगे।

पत्रकार वार्ता में कार्यकर्ताओं की भीड

यूपी दिवस पर सरकार की उपलब्धि गिनाने व पत्रकारो के सवाल का जबाब देने के लिए नगर के एक होटल में आयोजित प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पत्रकार वार्ता मे भाजपा कार्यकताओं का जमावड़ा रहा। हालांकि प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता शुरू करने से पूर्व अपने सभी कार्यकताओं को बाहर जाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके प्रभारी मंत्री के निर्देश को ठेंगा दिखाकर भाजपा कार्यकर्ता प्रेसवार्ता मे मौजूद रहे। नतीजतन पत्रकार वार्ता और कार्यकर्ता बैठक में अन्तर ढूढना काफी मुश्किल लग रहा था।

हर वर्ग को मिलेगा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ: प्रभारी मंत्री

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जनपद भ्रमण के दौरान नगर के गोविंद नगर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोहल्लेवासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

इसके साथ ही उन्होंने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्द नगर व नवीन प्राथमिक विद्यालय गोविन्दनगर का भी निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री गोविन्दनगर पहुंचकर लोगों के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी शासकीय सुविधाओं के वंचित न रहे, प्रत्येक वर्ग को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान मोहल्ले की महिलाओं ने सड़क निर्माण की मांग की और मोहल्लेवासियों ने पार्षद द्वारा कोई कार्य न कराए जाने की शिकायत की। इस पर प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अधिकारी को बुलाकर समस्या में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

- गोविन्द नगर में लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश
- नगरीय आश्रय गृह, नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में परखा व्यवस्थाओं को

महिला ताजवी ने अपनी आंखों के उपचार की मांग की, जिस पर डीएम ने सीएमओ को उपचार के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने भ्रमण के दौरान नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्दनगर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, उन्होंने चिकित्सालय में चिकित्सक उपस्थिति पंजिका, दवा पंजिका, उपचार रजिस्टर का अवलोकन किया और दवाओं के स्टॉक को देखा। इसके साथ ही मरीज भर्ती वार्ड सहित साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि नागरिकों को बेहतर उपचार के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण दिया जाए, इसके लिए अस्पताल में नियमित रुप से सफाई करायी जाए। प्रभारी मंत्री ने नवीन प्राथमिक विद्यालय गोविन्दनगर का निरीक्षण कर बच्चों के शैक्षिक स्तर का जायजा लिया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने कक्षा में पढ़ रहे बच्चों से गणित व अंग्रेजी के प्रश्न पूछे। कक्षा 3 की छात्रा प्राची से ब्लैक बोर्ड पर गणित के सवाल हल कराए। कक्षा 4 के छात्र रामगोपाल से कक्षा में अंग्रेजी के शब्द पढ़वाएं। सही हल करने पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए तालियां बजवाई गईं। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि कक्षा में होशियार बच्चों का ग्रुप बनाएं और प्रतिदिन ग्रुप रीडिंग कराएं ताकि बच्चों की झिझक खत्म हो सके। प्रभारी मंत्री ने नगर में शीतलहर से बचाव हेतु डूडा विभाग द्वारा नवनिर्मत नगरीय आश्रय गृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। यहां पर उन्होंने महिला शयन कक्ष, मेडीकल कक्ष, रसोई, भोजन कक्ष आदि को देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां रुकने वाले प्रत्येक व्यक्ति के पहचान पत्र लिये जायें, साथ ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये जायें। मौके पर बताया गया कि शीत ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 100 बिस्तर वाला शेल्टरहोम का निर्माण (डायट के सामने) 2 करोड़ 96 लाख की लागत से किया गया है। इस दौरान विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सहित डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ कमलांकात पाण्डेय, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महामानव थे जन नायक कर्पूरी ठाकुर : सतीश

कुशीनगर। बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री, भारत रत्न, जननायक स्व कपूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती अखिल भारतीय नाई महापंचायत जिला इकाई द्वारा नगरपालिक परिषद कुशीनगर अंतर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा-महन्थ) स्थित रामलीला मैदान में मनाई गई। स्व. कपूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने के एक वर्ष पूरे होने पर वक्ताओं ने पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शुक्रवार को जयंती कार्यक्रम में स्व0 कपूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया। मुख्यअतिथि केन यूनियन चेयरमैन कसया सतीश मणि त्रिपाठी ने कहा कि महानायक बनना आसान है लेकिन जननायक बनना आसान नहीं। वह महा मानव थे। उनके जीवन चरित्र की पुस्तिका प्रकाशित कराएगी जाएगी ताकि नई पीढ़ी उनको जाने। मुख्य वक्ता अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य बिहार गोरख नाथ सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह गरीब परिवार से निकले और पूरी ईमानदारी से दलितों, पिछड़ों, गरीबों के लिए आवाज उठाई। विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री सुशील कुमार शर्मा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट होने की अपील की। कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव रविन्द्र विश्वकर्मा उर्फ राधे ने कहा कि स्व0 कपूरी ठाकुर शोषित वर्ग के सच्चे हितैषी थे। सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी राय ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए स्व. कपूरी ठाकुर ने आजीवन संघर्ष किया। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड़ ने कहा कि कपूरी एक व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं। भाजपा नेत्री वन्दना ठाकुर, संरक्षक राम नरेश शर्मा, सुशील वर्मा, ग्राम प्रधान राजेश शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, सीताराम मौर्य, रालोद जिलाध्यक्ष विनोद कुंवर ने कहा कि उन्होंने आरक्षण में कपूरी फामूर्ला लागू कर सबको न्याय देने का कार्य किया। सरकार ने इस महानायक को भारत रत्न देने का सम्मान मिलना सराहनीय है। अतिथियों का स्वागत जिला सचिव गुड्डू शर्मा, राम प्रवेश शर्मा, नगर अध्यक्ष जटा शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, असगर अली, जमील, संजय सिंह आदि ने किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, आभार हृदया नन्द शर्मा व संचालन राम छबीला ठाकुर ने किया। इस दौरान पूर्व महामन्त्री छात्र संघ बीपीजी अशोक सिंह, राम आधार शर्मा, कैलाश शर्मा, सभासद विनय कुमार राव, रामशंकर शर्मा, पीएन सिंह, कपिलदेव प्रसाद, केदार नाथ यादव, विजेंदर प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने विकास और कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों व कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वन विभाग, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मनरेगा, नगर निकाय, निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), महिला एवं बाल विकास, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पंचायत राज विभाग, विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, पर्यटन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुधन, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, सिंचाई एवं जल संसाधन, व उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यों तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई।

समीक्षा बैठक में सर्व प्रथम जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई, तथा वर्तमान में विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में पुछ ताछ की गई। एक्सियन जल निगम द्वारा बताया गया कि 453 स्कीमों पर कार्य संचालित है जिसमें पूर्ण रूप से अभी तक 35 परियोजनायें ही पूर्ण है, संचालित सभी योजनाओं को माह जून तक पूर्ण कर लिए जाने का आश्वासन संबंधित द्वारा दिया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि नियमित समीक्षा कर माह जून तक पूर्ण करा लिया जाएगा। मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी भी कार्य में कहीं कोई दिक्कत आ रही हो तो जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र भिजवाएं जिस पर मेरे द्वारा सक्षम स्तर से पैरवी कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। विद्युत विभाग की समीक्षा दौरान विद्युत बिल में गड़बड़ी एवं खराब ट्रांसफार्मर के संबंध में चर्चा की गई तथा इस संबंध में एक्सियन विद्युत को सभी विधायक गणों से मिलकर समस्या/ का समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री द्वारा बैठक में जनपद के मटियरवा स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल के चिकित्सक का वायरल वीडियो के संबंध में सीएमओ से कार्यवाही के संबंध में पुछ ताछ की गई, जिस पर सीएमओ द्वारा कार्यवाही किए जाने हेतु कोतवाली पडरौना में तहरीर दिए जानी की जानकारी दी गई। मंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मंत्री ने कहा कि आज के निरीक्षण दौरान सबसे अधिक कमियां स्वास्थ्य विभाग में देखने को मिली हैं जिसे सुधार किए जाने हेतु सीएमओ को निर्देशित किया गया।

- शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का किया जायेगा शत – प्रतिशत क्रियान्वयन: डीएम

उन्होंने कहा कि शासन की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन आपसी ताल मेल से जनपद के विकास को गति देने का कार्य करें। डीएम विशाल भारद्वाज कहा कि मंत्री जी के निर्देशानुसार सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी ला कर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा तथा उन्हें आश्वस्त किया की उनके निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा। विकास परक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। कहा कि जो भी मार्गदर्शन इस बैठक में आपके द्वारा प्राप्त हुआ है उसके अनुरूप तथा शासकीय निर्देशों के क्रम में शासन की शीर्षतम प्राथमिकताओं योजनाओं का शत प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। इस दौरान विधायक सदर मनीष जायसवाल, विधायक रामकोला विनय गौंड, विधायक हाटा मोहन वर्मा, फाजिलनगर सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख मोती चक, सुकरौली हाटा प्रमुख प्रतिनिधि तमकुही राज, सदस्य पिछड़ा वर्ग फुलबदन कुशवाहा के साथ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, सभी जनपदस्तरीय अधिकारीगण, जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय, अन्य जनप्रतिनिधिगण, ब्लॉक प्रमुख एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, आदि मौजूद रहे।

गूगल मैप की गलती से फ्रांसीसी नागरिक भटके

बहेड़ी, बरेली। देहात के बहेड़ी में गूगल मैप ने फिर लोगों का भटका दिया। इस बार दो फ्रांसीसी नागरिक गलत रास्ते पर पहुंच गए। रात में उनको भटका देख स्थानीय लोगों ने दोनों को पुलिस चौकी पर पहुंचाया। पुलिस ने उन्हें सही रास्ता दिखाया।

दिल्ली से नेपाल के काठमांडु जा रहे साइकिल सवार दो फ्रांसीसी नागरिक रास्ता भटककर बरेली के बहेड़ी में चुरैली डैम के करीब पहुंच गए। रास्ता भटकने पर वो पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। फ्रांसीसी नागरिकों की भाषा न समझने से पुलिसकर्मी उनकी समस्या नहीं समझ पाए। इस पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों से फोन पर उनकी बात करा दी।

तब पुलिस ने उन्हें सुरक्षा में सही रास्ते पर पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक फ्रांस के ब्रायन जैक्स गिलबर्ट और सेबेस्टीयन फ्रैंकॉइस ग्रेबियल सात जनवरी को फ्लाइट से दिल्ली आए थे। उन्हें साइकिल से नेपाल के काठमांडु जाना था। वो दोनों अगले दिन ही दिल्ली से साइकिल लेकर चल दिए।

दुराचार केआरोपी कांग्रेस सांसद का भाजपा ने फूंका पुतला

सीतापुर। महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तीसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के लहरपुर विधानसभा के पार्टी पदाधिकारी समर्थक कार्यकर्ता व जन सामान्य मातृशक्ति द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व निवर्तमान विधायक लहरपुर सुनील वर्मा के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन कर सीतापुर लालबाग (अटल चैक) चैराहे पर बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला फूंका गया इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति ने आरोपी सांसद को जूते की माला पहनाई व जूते चप्पलों से पुतले की पिटाई कर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा नेता मुनीन्द्र अवस्थी ने कहा कि आरोपी दुष्कर्म आरोपी सांसद राकेश राठौर ने दुष्कर्म करके अपनी गरिमा का चीर हरण किया है जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए और उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। राकेश राठौर ने जो असामाजिक कार्य किया है उससे संपूर्ण देश में सीतापुर का नाम कलंकित हुआ है सीतापुर की जनता उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगी इस अवसर पर निवर्तमान लहरपुर विधायक सुनील वर्मा ने दुष्कर्म आरोपी सांसद राकेश राठौर की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की और साथ ही कांग्रेस की चुप्पी पर राहुल और प्रियंका को कटघरे में खड़ा किया उन्होंने कांग्रेस की महिला विरोधी नीति को देश के लिए घातक बताया अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आरोपी सांसद को संविधान सम्मत दंड दिए जाने तक निरंतर मातृशक्ति के सम्मान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा की जिस लोकसभा सीट का नेतृत्व उमा नेहरू ने किया था जहां राजेंद्र कुमारी बाजपेई जैसी बड़ी नेता ने लोकसभा सीट जीतकर मातृशक्ति का परचम लहराया था। उस सीट पर कांग्रेस से लोकसभा जीते उक्त आरोपी व्यक्ति ने एक महिला के साथ ऐसा दुष्कर्म करके स्वयं को और संपूर्ण सिस्टम के काला धब्बा लगा दिया है जनता कांग्रेस को उस दुष्कर्मी सांसद की चुप्पी पर कभी माफ नहीं करेगी उन्होंने आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा जिला महामंत्री,विश्राम सागर राठौर ,जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला नैमिष रत्न तिवारी उदित बाजपेई ,जया सिंह, हरगोविंद वर्मा अमित सिंह अनूप श्रीवास्तव महेश शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता ,मनोज गुप्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख खैराबाद अजय त्रिपाठी प्रेम, अमर बाजपेई, नीरज वर्मा झल्लर लहरपुर ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा परसेंडी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र राजवंशी श्री प्रकाश सिंह, संतोष शुक्ला ममता डोडेजा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन मिश्रा, अंजनी मिश्रा पूर्व सभासद, अमित शुक्ला राकेश वर्मा, धीरेंद्र सिंह चौहान गन्ना समिति अध्यक्ष महोली , ऋषभ त्रिवेदी सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

बढ़ती जा रही कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की मुश्किलें

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में महिला द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस फोर्स के साथ सांसद के आवास पहुंचकर उनके प्रतिनिधि को दूसरी नोटिस थमाई है। इस नोटिस में सांसद को 27 जनवरी को सुबह 11 बजे तक थाने में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। बताते चले कि 17 जनवरी को केस दर्ज किया गया था,

जब एक महिला ने सांसद पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने अंतरिम संरक्षण और जमानत के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट का रुख किया था। हालांकि, न्यायाधीश दिनेश नागर ने गुरुवार को उनकी याचिका को खारिज कर दिया। पुलिस पहले भी सांसद के आवास पर नोटिस देकर 23 जनवरी तक कोतवाली में पेश होने का निर्देश दे चुकी है। लेकिन सांसद के पेश न होने पर पुलिस को दूसरी नोटिस जारी करनी पड़ी। इस बार पुलिस ने सांसद प्रतिनिधि वशी को नोटिस सौंपी है। कानूनी प्रक्रिया के तहत अब सांसद को 27 जनवरी तक अपना पक्ष रखने का अंतिम मौका दिया गया है।

संक्षेप

सपा कार्यालय में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी

उन्नाव। समाज वादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण सविता ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर 24 जनवरी 1924 को जन्में और इनकी मृत्यु 17 फरवरी 1988 में हुई। वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने बिहार के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में दो कार्यकाल पूरे किये, पहले दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल 1979 तक रहे। वे जन नायक के नाम से लोकप्रिय थे। कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौझिया गाँव, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है, में नाई जाति में हुआ था। उनके पिताजी का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम रामदुलारी देवी था। इनके पिता गांव के सीमान्त किसान थे तथा अपने पारंपरिक पेशा बाल काटने का काम करते थे। इस मौके पर नरेंद्र लोधी, रमन पटेल, जितेन्द्र कुशवाहा, विनय मोहन एडवोकेट, अमन अन्जुम, लकी यादव, छोटे लाल भारतीय सहित तमाम लोग रहे।

गोशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण

महमूदाबाद/सीतापुर (बीडीओ महमूदाबाद ने शुक्रवार को किशुनपुर गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में ठंड से पशुओं के बचाव समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। बीडीओ ने केयरटेकर और प्रधान को प्रतिदिन गोवंश को हरा चारा देने के निर्देश देते हुए उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। शुक्रवार को बीडीओ महमूदाबाद संदीप कुमार किशुनपुर स्थित गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पशुओं को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल आदि लगे मिले तथा अलाव की व्यवस्था भी मिली। गोशाला में साफ-सफाई संतोष जनक मिलने के साथ भूसा भी गोदाम में भरा मिला। बीडीओ ने केयरटेकरों व प्रधान को पशुओं को प्रतिदिन हरा चार देने के निर्देश दिए। किशुनपुर गोशाला में वर्तमान में 308 गोवंश संरक्षित है।

सात ट्रकों को सीज कर किया चालन

महमूदाबाद/सीतापुर। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ शुक्रवार को एसडीएम व सीओ ने संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। जांच के दौरान सात ट्रकों को सीज करते हुए उनपर छह लाख 68 हजार पांच सौ का जुर्माना लगाकर दंडित किया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि कई दिनों से नगर में ओवरलोड वाहनों के गुजरने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ओवरलोड वाहनों के नगर में गुजरने से जहां घंटों जाम की समस्या बनी रहती थी वहीं दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी थी। शिकायत का संज्ञान लेकर शुक्रवार की सुबह एआरटीओ सीतापुर माला वाजपेयी, एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल अनिल सिंह पुलिस व राजस्व टीम के साथ लखनऊ मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर पहुंचीं जहां लखनऊ मार्ग से बाइपास तक ओवरलोड गिट्टी, मौरंग भरे बड़ी मात्रा में डंफर व ट्रक मिले। टीम ने ओवरलोड सात ट्रकों को सीज करते हुए छह लाख 68 हजार पांच सौ का जुर्माना लगाकर दंडित किया गया। एसडीएम ने बताया कि वाहन चालकों व उनके स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि क्षमता के मुताबिक सामग्री का लदान करें नहीं तो आकस्मिक अभियान चलाकर वाहनों को सीज कर जुमाना लगाया जाएगा।

सुकेठा चोरी मामले में एचएस अभियुक्त को भेजा गया जेल

सकरन/सीतापुर। बीते मंगलवार की रात चोरी करने के दौरान मौके पर पकड़े गए चोर को पुलिस ने जेल भेज दिया है। अभियुक्त पर आधा दर्जन से अधिक गम्भीर धाराओं में अभियोग दर्ज है। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने मार पीटा था जिस कारण उसका सीएचसी में इलाज चल रहा था। थाना क्षेत्र सकरन के अंतर्गत सुकेठा निवासी अमरीश कुमार पुत्र नन्हकऊ के घर मे बीते मंगलवार की रात करीब 2 बजे चोरी करने के इरादे से घुसे चोर को गृहस्वामी अमरीश कुमार व उसके भाई मोनू ने आहट होने पर चोर को पकड़ लिया था। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोर की पिटाई कर उसको रस्सी से बांध दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गृहस्वामी के सहयोग से चोर को इलाज हेतु सीएचसी सांडा में भर्ती कराया था।

पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण संपन्न

पुरवा, उन्नाव। समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु नोडल अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण 20 से 24 जनवरी तक खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह के नेतृत्व में ब्लाक सभागार असोहा में सम्पन्न हुआ।

दिव्यांग शिक्षिका अनीता देवी और भावना ने प्रशिक्षु प्रधान शिक्षकों व इंचार्ज शिक्षकों को भिन्न-भिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों के साथ शिक्षित करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधान शिक्षक व इंचार्ज शिक्षक की बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने असोहा के सभी 165 विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने का संकल्प दोहराते हुए निर्देश दिया कि मुझे असोहा को शतप्रतिशत निपुण विकासखण्ड बनाना है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षकों को कई बार प्रेरित व प्रशिक्षित किया जा चुका है, किंतु अभी भी कुछ शिक्षक निपुण लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्हें पुनः निर्देशित किया जाता है कि अगले एक माह में अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में ऐसे शिक्षकों की जवाबदेही तय की जाएगी। मीटिंग में एआरपी मुकेश शुक्ला, उमेश गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राम करन मौर्य, रामबाबू विमल, अनंत नारायण दीक्षित, नीरज पटेल, फूलचंद, प्रवीण कुमार, मनोज पटेल, धर्मपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, महेंद्र पाल, वी० पी० सिंह, अनुराग बटलर, सदाशिव राव, कुलदीप कुशवाहा, नीती वर्मा, पुनीत तिवारी, सर्वजीत कौर, श्याम किशोर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

विकास प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ

उन्नाव। उत्तर प्रदेश दिवस 2025 के अवसर पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित जन कल्याणकारी योजनाओं की विकास प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ विधायक सदर पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विकास प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग, कारागार के बन्दियों द्वारा बनाए गए उत्पाद, अग्निशमन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुचिकित्साविभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, जल निगम, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, मत्स्य विकास अभिकरण, बेसिक शिक्षा विभाग एवं बैकल्पिक ऊर्जा विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान उ0प्र0 की ऐतिहासिक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राजनैतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत, नाटक, लोक नृत्य, संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा आल्हा गायन आदि विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम को अपने संचालन के द्वारा बेहतर बनाने में शिक्षक, कवि विश्वनाथ तिवारी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर विधायक सदर ने सभी जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाइयां प्रेषित करते हुए कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारी सनातन संस्कृति व ऐतिहासिक विरासत को सहेजने वाले तथा दुनियां में पर्यटन के रूप में पहचाने जाने वाले कई भव्य स्थल व इमारतें यहां मौजूद है। वर्तमान सरकार में शांति का माहौल होने के कारण देश व दुनियां के कई बडे.उद्यमी यहां निवेश कर रहे हैं। हमारी सरकार ने आध्यात्मिक विरासतों को संभालने के साथ-साथ यहां का विकास भी किया है। हम अपने प्रदेश को अपनी मेहनत व दृढ़ संकल्प से और बेहतर बनाने का प्रयास करें, यह हम सबका दायित्व एवं कर्तव्य है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि यहां के लोग पूरे देश व पूरी दुनियां में बसते हैं, इसलिए यहां का कल्चर हर जगह प्रतिविंबित होता है। हम यूपी से बाहर जाकर यहां की ऐसी छवि पेश करें जो हमारी सांस्कृतिक विरासत व कार्यशैली का सकारात्मक प्रस्तुतीकरण हो। ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे बाहर के लोगों में यहां के लोगों के प्रति नकारात्मक भाव बने। उन्होने प्रदेश की भव्यता व यहां के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया कि यहां संगीत व नृत्य के कई बड़े-बड़े व प्रतिष्ठित घराने हैं। आजादी के संघर्ष में ज्यादातर बलिदानी यही के रहे हैं। हमारे देश के ज्यादातर प्रधानमंत्री भी इसी प्रदेश के रहे हैं। यहां की छवि को पूरी दुनियां में अच्छा करना हम सभी नागरिकों का दायित्व है। हमारा व्यवहार ऐसा हो कि हम जहां भी जाएं, हमें अपनी संस्कृति व पहचान को बताने में गर्व महसूस हो। इस मौके पर विधायक सदर व जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत जनपद के 30 लाभार्थियों को कुल 124 लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र/चेक वितरित किए गए। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता की विजेता बालिकाओ को प्रशस्ति पत्र,शील्ड व मैडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी,कर्मचारी गण भी सम्मानित किए गए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा

सफीपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत 31 जोड़ो ने एक दूसरे का हाथ थामा। विधायक बम्बालाल दिवाकर प्रतिनिधि पुत्र अश्वनी दिवाकर ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, बीडीयो श्वेता त्रिपाठी ने आशीर्वाद दिया। विकास खण्ड सफीपुर प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में विधानसभा क्षेत्र के 31 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। जिसमे सफीपुर विकास खण्ड के 13, मियांगंज के 16, हैदराबाद नगर पंचायत के 2 जोड़े सामूहिक विवाह के तहत दांपत्य जीवन के बंधन में बंधे।

जिन्हें क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि पुत्र अश्वनी दिवाकर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पति रमेश रावत, खण्ड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) छोटेलाल आदि ने सभी जोड़ो को उपहार देकर सुखमय जीवन जीने का आशीष देकर विदा किया। इस मौके पर राजू चैहान, लल्ला तिवारी, विनोद मिश्रा, पुष्पेंद्र कुमार, कंचन गुप्ता विनीत तिवारी गोलू दीक्षित, प्रमोद कुमार, उत्तम अवस्थी आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सरकार युवाओं को तकनीक से जोड़कर देश को आगे ले जाना चाहती है : आशा मौर्या

महमूदाबाद/सीतापुर। आज तकनीक का युग है। युवा जितना अधिक तकनीक से समृद्ध होगा वह समाज को उतनी ही सही दिशा दिखाने का काम करेगा। सरकार भी युवाओं को अधिक से अधिक तकनीक से जोड़कर देश को आगे ले जाना चाहती है। केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया से लेकर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण जैसी योजनाएं इसका उदाहरण है। युवाओं को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए यह बात विधायक आशा मौर्या ने जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महमूदाबाद क्षेत्र के युवाओं ने देश-प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यहां के बच्चे यूपी टॉप करते है तो सर गर्व से ऊंचा हो जाता है। युवाओं को अधिक से अधिक अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। रोजगार के लिए सरकार काम कर रही हैं किंतु जरूरी है कि युवा अब उद्यमी बन आत्मनिर्भर बनने पर ध्यान दें। सब लोग रोजगार के पीछे भागने की

बजाए खुद के स्टार्टअप पर फोकस करें। नए-नए स्टार्टअप किसानों, युवाओं, बुजुर्गां, गृहणियों की जिंदगी आसान कर रहे हैं। सरकार भी ऐसे युवाओं को आर्थिक सहायता देकर उन्हें आगे बढ़ा रही है। आपकी जिम्मेदारी है अपने आस-पास युवाओं, बुजुर्गां, माताओं को तकनीक के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रमाध्यक्ष पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि इस क्षेत्र में पालीटेक्निक की स्थापना पचास वर्ष पूर्व हुई थी। प्रतिवर्ष यहां से बच्चे निकलते हैं और देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी सेवाएं देते हैं। युवाओं को तीन मूल मंत्र हमेशा ध्यान रखने चाहिए। जिसमें पहला है कि आप सपने देखें। दूसरा यह ठान लीजिए कि कोई भी चीज जीवन में मुश्किल नहीं है और तीसरा इस दुनिया में आपकी उपस्थिति अपने लिए नहीं है बल्कि दूसरों के लिए भी है। इसीलिए जरूरतमंदों की सेवा करते रहिए। अगर तीन मूलमंत्र आपने अपना लिए तो सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य डा. सीपी त्रिपाठी ने बुके, स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के पूर्व प्रधानाचार्य जफर अब्बास, सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पांडेय, भाजपा नेता रमाशंकर वर्मा, कमलेश राजपूत, संजय वर्मा, विजय सिंह तोमर, राजेश सिंह, अपेक्षित राज, बृजभूषण पांडेय, मनोज शुक्ल, विनोद मिश्रा, मेराज फात्मा, कमल वर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन शरद मिश्र ने किया।

कृषि अभियांत्रिकी प्रथम निधि यादव को प्रथम, पिंशु राज को द्वितीय, राखी वर्मा को तृतीय, सिविल इंजी. में सौम्या कश्यप को प्रथम, अनुष्का सिंह को द्वितीय, प्रियांचल गुप्ता को तृतीय, कम्प्यूटर साइंस में कुदुसिया नूर को प्रथम, गौरव सिंह को द्वितीय, मो. सुहैल को तृतीय, इले. इंजीनियरिंग में मो. आफताब को प्रथम, सौरभ मिश्रा को द्वितीय, आकांक्षा वर्मा को तृतीय, सूचना प्रौद्योगिकी में नित्यांश शुक्ला को प्रथम, नमन चित्रांश को द्वितीय, बृजपाल को तृतीय, मैकेनिकल इंजी. में सौरभ सिंह को प्रथम, लक्ष्मी गुप्ता को द्वितीय, शिवम वर्मा को तृतीय, एमओएम में नैंसी देवी को प्रथम, आशीर्वाद को द्वितीय व सृष्टि को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों ने सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस परेड का पूर्व अभ्यास

सीतापुर। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का शुक्रवार को पूर्व अभ्यास किया गया। परेड की सलामी एसपी चक्रेश मिश्रा ने ली। रिजर्व पुलिस लाइन सीतापुर परेड ग्राउंड में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाली रैतिक परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। पूर्वाभ्यास में क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के नेतृत्व में पुरूष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों सहित आपात सेवा 112 की दो पहिया व चार पहिया पुरुष व महिला पीआरवी वाहन, स्वान दल , दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस, महिला सुरक्षा दल आदि तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया। सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने एवम्समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवम समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रतिसार निरीक्षक एवम्प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

बिना डरे अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचायें

रेउसा/सीतापुर। थाना के अंतर्गत चरण 5 के तहत मिशन शक्ति/ एंटी रोमियो रघुनाथ अकैडमी ग्राम अमलोरा थाना रेउसा में बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 112, 102, 108, 101, 1930, 1076 जानकारी देते हुऐ व कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामूहिक विवाह आदि योजनाओं की जानकारी दी , बालिकाओं की काउंसलिंग कर कर समस्याओं को पूछा गया पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में सेमिनार, नुक्कड़ नाटक और चौपाल आयोजित किए हैं। मिशन शक्ति कक्ष में महिलाओं को बिना डरे अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचाने का संदेश दिया गया है।

साइबर अपराधों के बारे में किया जागरूक

थाना अध्यक्ष हनुमंत तिवारी ने छात्राओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और कानूनन कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों के वर्तमान तरीकों पर भी जागरूकता प्रदान की और महिलाओं को बताया कि यदि कोई व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार हो जाए, तो इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 1930, 112, 1090, 1098, 1076, 102, 108 पर तत्काल दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल देवेंद्र प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल राहुल सिंह कांस्टेबल विकुल महिला शिल्पा विश्वकर्मा महिला आरक्षी पूजा चौहान द्वारा गोष्ठी की गई।

शिव शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। आगामी 26 फरवरी को श्री रामेश्वर बाबा अचलगंज की परंपरागत 22वीं विशाल शिव शोभायात्रा, भव्य श्रृंगार व जागरण की तैयारियों को लेकर रामेश्वर बाबा धाम अचलगंज में बैठक संपन्न हुई।

बैठक की शुरूआत यात्रा के प्रेरणास्त्रोत रहे दिवंगत गणेश तिवारी को श्रद्धांजलि देकर हुई। सभी शिवभक्तों ने यात्रा को और अधिक भव्य व दिव्य बनाने को लेकर चर्चा की। यात्रा के रुट, आने वाली क्षेत्रीय झंकियों, जागरण, प्रसाद वितरण व सम्पूर्ण कार्यक्रम के बारे में बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। यात्रा विस्तारक अखिल गुप्ता ने समस्त नगरवासियों से शोभायात्रा व प्रसाद वितरण में बढ़ चढ़ कर सहभागिता का निवेदन किया है, आयोजकों ने बैठक में सम्पूर्ण यात्रा मार्ग को झंडियो से सजाने व प्रत्येक घर में भगवा ध्वज को लगवाने की योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम संचालक संजय तिवारी, अतुल गुप्ता व शिव शोभायात्रा परिवार के सदस्यों ने चार दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव के बारे में विस्तार से बताया, कार्यक्रम की शुरूआत 23 फरवरी को समस्त क्षेत्र व नगर की आस्था के केंद्र रामेश्वर बाबा के दरबार में हल्दी समर्पित कर हो जाएगी, 24 फरवरी को बाबा को मेहंदी समर्पित होगी, 25 फरवरी को पूरे दिन रात सभी भक्त बाबा की शोभायात्रा की तैयारियों में रहकर 26 फरवरी महाशिवरात्रि को मंगला आरती, शोभायात्रा का नगर भ्रमण, जागरण व मध्य रात्रि महाआरती के साथ समापन होगा। सभी शिवभक्त शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन हेतु दृढ संकल्पित व उत्साहित है। अखिल गुप्ता ने सभी शिवभक्तों के द्वारा मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार व रंगरोदन के कार्य के बारे में बताया जो की शिवरात्रि के पहले तैयार हो जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अखिल गुप्ता, रामदास गुप्ता पप्पू, व्यापार मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पांडेय, अरुण बाजपेयी, अमित गुप्ता, संजय तिवारी, आशीष शंकर, दीपक गुप्ता, नितिन, अतुल, विष्णू सोनी, धीरज शुक्ला, नमन, शरद, संजीव, विनय, आयुष, विनीत, राधे लोधी, हेमराज रावत, राहुल, अंशू, सौरभ, रितेश व सभी शिवभक्त मौजूद रहे।

राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

सीतापुर। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लालबाग स्थित शहीद पार्क में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने शहीद स्तम्भ पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं को जानकारी दी गयी। सभी अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), उद्योग, कृषि आदि विभागों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, टूल किट आदि वितरित किये गये। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर योजना अंतर्गत जिले में कुल 147 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत

किया गया एवं 33 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया, इसमें इन्डियन बैंक ने अग्रणी बैंक की भूमिका निभाते हुए सबसे अधिक 87 आवेदन स्वीकृत किये। इस कार्य के लिए अग्रणी बैंक कार्यालय एवं जिला उद्योग केन्द्र की प्रशंसा भी की गयी।

प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मिशन मोड में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत सईद आलम, अंकित कुमार रावत, शैलेन्द्री मौर्या, नंदनी राजवंशी, विनय कुमार को चेक वितरित किये गये। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के 05 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण भी किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उच्च प्राथमिक विद्यालय भगौतीपुर की छात्रा तनिष्का पाल (ताइक्वांडों), उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की छात्रा सोनाली (योग) को सम्मानित किया गया। आकर्षक रंगोली बनाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं अनीता भार्गव एवं प्रियंका चैधरी को भी पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं द्वारा बैण्ड वादन की सभी अतिथियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुये उन्हें पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान ने भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अत्यन्त उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसके लिये वह प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग नैमिषारण्य क्षेत्र के निवासी हैं, जहां की सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लखनऊ में इसका मुख्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने के साथ जनपद सीतापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा बेहतर प्रस्तुतियां दी गयी हैं। विभागों द्वारा स्टाल लगाकर पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के अवसर पर सभी जनपदवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने आये हुये अतिथियों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर मुनीन्द्र अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, एलडीएम अनल कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

नेशनल हाइवे पर अमझराघाटी के निकट तेंदुए का मिला शव

ललितपुर। शुक्रवार की सुबह यू.पी.-एम.पी. के बॉर्डर एरिया में अमझरा-मालथौन के पास ग्राम अटा में एक नर तेंदुए का शव सड़क किनारे पड़ा मिलने से लोगों का हुजूम उमड़ पडा। वहीं सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश वन विभाग की टीमें तेंदुए का शव पड़ा होने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गयी, जहां से मामला मध्य प्रदेश के आटा में होने के कारण मध्य प्रदेश के सागर जिले से आयी वन विभाग की टीम तेंदुए का शव लेकर रवाना हो गयी। बताया जा रहा है कि अमझरा घाटी से लगे हुये गौना वन रेन्ज के जंगलों में काफी तादात में जंगली जानवरों का विचरण देखा व सुना जा रहा था। कई बार जंगल का घातक शिकारी तेंदुए को हाई-वे और जंगल से जुड़े कुछ हिस्सों में विचरण करते हुये भी देखा जा रहा था। शुक्रवार की सुबह नेशनल हाई-वे 44 स्थित अमझरा घाटी से आगे मालथौन के पास ग्राम आटा में तेंदुए का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि नर तेंदुआ हाई-वे पर विचरण करते हुये सड़क पार कर रहा होगा, तभी तेज गति से भाग रहे किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गयी, तेंदुए का मुंह बुरी तरह से जख्मी दिखायी पड़ा और उसकी एक आंख भी बाहर निकल आई। वहीं वन विभाग इस घटनाक्रम को संदिग्ध मानकर कार्यवाही कर रहा है। अब तेंदुए की मौत कैसे हुयी यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा? वहीं दूसरी ओर सूचना के आधार पर मध्य प्रदेश वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए अपने साथ ले गयी।

अस्पताल में विवाद कर शव ले गये परिजन

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन इमरजेंसी वार्ड में गाली गलौज करते हुए बिना पोस्टमार्टम कराये अपने घर ले गए। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है। बताया गया है कि कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी 18 वर्षीय रोशनी पत्नी मंगल को परिजन संदिग्ध परिस्थितियों में जिला अस्पताल लेकर पहुँचे, जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक पर युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रहे थे। इसी दौरान साथ मे आये परिजनों ने जिला अस्पताल में उत्पात मचाते हुए परिजनों के साथ गाली गलौज कर दी व शव को अपने साथ ले गये। जिसकी सूचना चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को दे दी है।

रंजिशन पीड़ित की जमीन पर कराया जा रहा टावर निर्माण

ललितपुर। पुलिस चैकी बिरधा अन्तर्गत ग्राम मैनवार निवासी गोविन्दसिंह पुत्र रतन सिंह ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसकी खाता संख्या 116 आराजी संख्या 831 रकवा 0.0200 हे. गांव में है। बताया कि उक्त जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन एक नामचीन कम्पनी का मोबाइल टावर का निर्माण करा रहे हैं। बताया कि रंजिशन कराये जा रहे इस कार्य को जब उसने रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों द्वारा गालियां देकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने डीएम से उक्त टावर निर्माण का कार्य तत्काल रोके जाने की मांग उठाते हुये मौके पर शान्ति भंग होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

दुष्कर्म के बाद दुपट्टे से गला घोंटकर की थी युवती की हत्या

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। थाना मदनपुर अंतर्गत ग्राम दारूतला में शौचक्रिया करने गयी युवती का शव जंगल में पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया था। प्रकरण में युवती की गला दबाकर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तत्काल मौके पर पहुंच

- शराब के नशे में की दरिंदगी, फिर कर दी थी हत्या
- पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गये दो सगे भाई

कर मौका मुआयना किया और अधीनस्थों को घटना के पटाक्षेप करने के निर्देश दिये। देर रात एसओजी टीम ने मदनपुर पुलिस की मदद से दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाश युवती की हत्या करके फरार हो गये थे। बताया गया है कि आधी रात के बाद 1 बजे ग्राम दारूतला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बीस वर्षीय पुत्री गुरूवार की शाम करीब 4 बजे शौच क्रिया के लिए गयी हुयी थी। उसकी पुत्री मदनपुर रोड से अंदर कच्चे रास्ते पर मृतावस्था में पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मुआयना किया और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर सूचना मिलने पर एसपी मो.मुश्ताक ने दलबल के साथ मौका मुआयना किया और घटना के शीघ्र खुलासे को लेकर 6 टीमों का गठन कर निर्देशित किया। हत्याकाण्ड की पड़ताल के दौरान टीमों ने मदनपुर के जंगलों में छिपकर बैठे दो सगे भाईयों को मुठभेड़ में धर दबोचा। एसपी मो.मुश्ताक ने मौका मुआयना किया। तदोपरान्त मौके पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किये। वहीं तहरीर के आधार पर मदनपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की।

झाड़ी से निकलते ही पुलिस पर की फायरिंग

युवती की हत्या के बाद जांच में जुटी पुलिस टीमों ने मदनपुर से सटे जंगली क्षेत्र में जाकर कॉम्बिंग की तो उन्हें सूचना मिली कि बदमाश झाडि ?ों में छिपे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को बाहर निकलकर सरेण्डर करने के लिए आवाज लगायी तो झाड़ी से निकलते ही दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबावी फायरिंग में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान दारूतला निवासी तीस वर्षीय हरीसिंह व बीस वर्षीय वीरू पुत्रगण रामदयाल सहरिया को घुटने के नीचे गोली लगी और वह घायल हो गये। पुलिस ने दोनों के पास से एक-एक अवैध तमंचा व दो-दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं।

युवती को अकेला देखकर दिमाग में सवार हुई थी दरिंदगी

पकड़े गये अभियुक्तों में हरीसिंह व वीरू सहरिया ने बताया कि वह दोनों शराब के नशे में चूर थे। बताया कि वह 23 जनवरी की अपराह्न करीब 4.30 बजे दारूतला के जंगल के रास्ते क्रिकेट मैच देखकर वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान उन्हें गांव की युवती जंगल में शौच करने के लिए आती दिखायी दी।

बताया कि नशे की हालत में उनके दिमाग पर दरिंदगी सवार हो गयी और उन्होंने युवती से दुष्कर्म किया और पहचान छिपाने के लिए उसी के दुपट्टे से उसका गला दबाकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस से पकड़े जाने के डर से दोनों जंगल में जाकर छिप गये।

तालबेहट स्टेशन प्रबंधक के सिर में मारा घूंसा

ललितपुर। शास्त्री नगर बबीना निवासी मनीराम अहिरवार पुत्र लालाराम अहिरवार जो कि तालबेहट में स्टेशन प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। बताया कि 23 जनवरी को उनकी ड्यूटी सुबह 8 से अपराह्न 4 बजे थी, जिसके लिए वह समय से अपने कार्यालय पहुंचे। बताया कि वह जैसे ही कार्यालय पहुंचे तो करीब 10 मिनिट बाद एक अज्ञात व्यक्ति आरपीएफ कर्मियों से बहस करते हुये उनके कार्यालय में घुस आया और वहां पर टिकिट खिड़की पर रखी मॉनीटर व की-बोर्ड तोड ? लगा। उन्होंने मना किया तो उक्त युवक ने उनके सिर पर घूसा मार दिया, जिससे उनके सिर में काफी चोट आयी। बताया कि उक्त युवक अपने हाथ में मोटा कड़ा पहने हुआ था, जिससे उसने स्टेशन कार्यालय में रखा मॉनीटर व की-बोर्ड तोड़ दिया और उक्त व्यक्ति बाहर आकर अपना सिर दीवाल व अपने हाथ में पहने कड़े से मारने लगा। तब आरपीएफ ने उसे पकड़ा और उनके स्टाफ व आरपीएफ ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भेजा, जहां उनका उपचार किया गया। स्टेशन प्रबंधक की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 121 (1), 115 (2), 324 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

डीएम ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला रैली को कलक्ट्रेट प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बैनर एवं पट्टिकाओं पर बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्याए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग समानुपात, पूर्व गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को लेकर जागरूकता पैदा करने एवं उनके साथ समाज में हो रही असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। रैली संदेश के माध्यम से समाज में बालिकाओं की जरूरत, उनके महत्व एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया कि समाज एवं घर परिवार बालिकाओं की अनुपस्थिति में वीरान है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जन सामान्य का आहवान किया कि बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपना गरिमापूर्ण सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कृष्णकांत राहुल, नोडल पीसीपीएनडीटी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

रैतिक परेड का पुलिस लाइन में पूर्वाभ्यास

बांदा। गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर पुलिस लाइन में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास कर फुल ड्रेस रिहर्सल की गयी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें रैतिक परेड के साथ ही स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होगा और 9:30 बजे मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में दिन भर अनेक कार्यक्रम बीते वर्षों की तरह आयोजित होंगे।

स्थापना दिवस पर विधायक ने दिए समूहों को चेक

बांदा। उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, आयुक्त अजीत कुमार एवं डीएम जे0 रीभा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लाइव प्रसारण हुआ। सदर विधायक ने स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्य तेज गति से कराए जा रहे हैं।

उन्होने कहा कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे सहित कई राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क व पुलों का निर्माण किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में विकास के साथ ही कानून व्यवस्था में बेहद सुधार हुआ है। जिससे आकर्षित होकर उद्यमी प्रदेश में उद्योग स्थापित कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि प्रदेश के लिए गौरव का दिवस है। बीते वर्षों में प्रदेश में अनेक योजनाओं के संचालन से उल्लेखनीय प्रगति हुई है, प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए विकसित देश व प्रदेश बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। आयुक्त अजीत कुमार ने स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तेज गति व निष्ठा के साथ कार्य करें। डीएम जे0 रीभा ने उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कई योजनाओं में प्रदेश प्रथम स्थान पर है। हर क्षेत्र व वर्ग के विकास के लिए सरकार अनेकों योजनाएं चला रही है।

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एसडीएम मांगेराम चौहान का नाम हुआ दर्ज

बिजनौर। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विचार पर काम करने वाले लोकप्रिय एसडीएम नगीना मागें राम चौहान को ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए है ।यूपी से विदेश तक मांगेराम चौहान की लोकप्रियता के गूंज पहुंच जाने से उत्तर प्रदेश सहित भारत सरकार के लिए भी यह एक गर्व की बात है। एसडीएम मांगेराम चौहान द्वारा अमरोहा जनपद से शुरू किये गए चौहान मॉडल पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का एक

- ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि से भी नगीना एसडीएम मांगेराम चौहान नवाजे गये

उत्कृष्ट और नवाचारी प्रयास की गूंज देश विदेश में चमक उठी है। नगीना के लोकप्रिय एसडीम मांगेराम चौहान के मुख्य प्रयासो और उसके परिणाम जानने के लिए आईये एक नजर डालें। जिम्मेदारी के साथ पौधारोपण अभियान के तहत सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पांच-पांच पेड़ लगाने की जिम्मेदारी दी गई, और उनके जमानतियों को एक-एक पेड़ लगाने के लिए उन्हें बॉन्ड किया गया। पौधारोपण की प्रक्रिया को तहसील कार्यालय में रजिस्टर में दर्ज किया गया और फोटो प्रस्तुत करने की शर्त रखी गई। जन सहयोग से हरियाली अभियान के तहत बिना सरकारी खर्च के 20 हजार से अधिक पौधे सार्वजनिक सहयोग से लगाए गए। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए तहसील कार्यालय की दीवारों पर पेड़ लगाने और जल संरक्षण के संदेशों के चित्र बनाए गए। पर्यावरण प्रहरी की नियुक्ति के तहत, समाजसेवा के प्रति रुचि रखने वाले एक हजार से अधिक लोगों को श्पर्यावरण प्रहरीर के रूप में नामांकित किया गया। उन्हें अपने खर्चे पर पौधे लगाने और जल संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। रैलियों और जागरूकता अभियानों के अन्तर्गत स्कूलों, गुरुद्वारों और गांवों में रैलियां और सेमिनार आयोजित किए गए। लोगों को जल के अंधाधुंध उपयोग और भूजल स्तर में गिरावट के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें अटूट सफलता मिली। राशन विक्रेताओं की भागीदारी के आधार पर सरकारी राशन विक्रेताओं को पौधारोपण और जल संरक्षण रजिस्टर रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने अपने ग्राहकों को पौधे लगाने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। वृक्ष सुरक्षा बंधन योजना के तहत सरकार द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए ग्रामीणों को 5-5 पौधों की जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों ने पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा की शपथ ली तो पौधें वृक्ष का रुप लेने लगें। शिकायत निवारण प्रक्रिया में कागज की बचत को लेकर , ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत रजिस्टर रखकर आवेदन पत्रों की आवश्यकता खत्म कर दी गई। समस्याओं के समाधान के लिए डिजिटल माध्यम (व्हाट्सएप) का उपयोग किया गया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

महोबा। महानिदेशक परिवार कल्याण लखनऊ के पत्र के कम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी व प्रधानाचार्या पीएमश्री राजकीय बालिका इन्टर कालेज सरगम खरे द्वारा राजकीय बालिका इन्टर कालेज महोबा में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रैली, गोष्ठी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी थीम इमपावरिंग गर्ल्स फॉर ब्राइट फ्यूचर रही। रैली में राजकीय बालिका इन्टर कालेज महोबा की छात्राओं द्वारा भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें पक्ष व विपक्ष में प्रतिभाग करने वाली प्रथम मानसी व मिथलेश शर्मा, द्वितीय वसुन्धरा व महक, तृतीय कल्पना व धनेश्वरी को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आर के चौरिहा, प्रधानाचार्या पीएम श्री राजकीय बालिका इन्टर कालेज महोबा सरगम खरे, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक कर जनपद के विकास कार्यों की जानी प्रगति

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने निर्धारित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आज शुक्रवार को शहर के

- जल जीवन मिशन अन्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न कराये जाने पर फटकार

गोविन्दनगर प्राथमिक विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र व नगरीय आश्रय गृह के निरीक्षण के उपरान्त सदर विधायक व डीएम, एसपी सहित सभी विभागीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि वह बीमित किसानों को कम्पनी से समन्वय स्थापित कर क्षतिपूर्ति धनराशि दिलवायें। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में 556 गांवों में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डाले जाने की समीक्षा के ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन डालने के दौरान बनी हुई सड़कों को काटकर क्षतिग्रस्त किये जाने व सड़कों की मरम्मत न किये जाने की शिकायत की, जिस पर प्रभारी मंत्री जी ने जल निगम के एई अमित कुमार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि वह साथ के साथ क्षतिग्रस्त सड़कों की शत-प्रतिशत मरम्मत करायें और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे इसकी निगरानी करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि वह झांसी की ओर से आने वाले हाईवे से शहर के मैन एन्ट्री प्वाइंट को अच्छा और प्रभावी बनाया जाए, जिससे शहर में प्रवेश करते समय लगना चाहिए कि वह विकासशील ललितपुर में प्रवेश कर रहे हैं।

विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान बताया कि वह विद्युत सम्बंधी शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें, निर्धारित समय में खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाया जाए, इसके साथ ही उन्होंने जनता से भी अपील की कि वह विद्युत सम्बंधी शिकायतों के लिए सरकार द्वारा जारी टोलफ्री नम्बर 1912 पर शिकायत अवश्य दर्ज करायें, जिसका निस्तारण 24 घण्टे में अनिवार्य रुप से किया जाता है।

सबको समान शिक्षा का मिले अवसर : सांसद

बांदा। जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ यहां पहुंचीं और संविधान रचयिता डॉ अम्बेडकर को नमन कर जिले के कार्यकताओं व लोगों से भेंट की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललितपुर, झांसी, महोबा होते हुए यहां पहुंचीं। इस अवसर पर जन अधिकार पार्टी के संस्थापक व जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि अपने वोट की कीमत समझना है। संविधान पूरी तरह से लागू न होने के कारण देश में लोगो को समान अधिकार प्राप्त नही हो रहे हैं और न ही समान भागीदारी मिल रही है। कहा कि न तो जातिगत जनगणना हुई और न ही नौकरियों में सामाजिक हिस्सेदारी मिली, सबको एक समान शिक्षा का अवसर मिले यही यात्रा का उद्देश्य है। कहा कि अगर अधिकारों को पाना है, संविधान को बचाना है तो वंचित समाज में भाई चारा कायम करना होगा। यात्रा बड़ोखर, नौहाई, अतर्रा, नरैनी में रात्रि विश्राम कर कालिंजर होकर चित्रकूट जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव डॉ संतोष लोधी, लखन राज पासी, संगठन मंत्री पटेल विजय नारायण वर्मा, सचिव हरपाल प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल सेन, महासचिव चैधरी लखनलाल श्रीवास, महासचिव किरण कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी सिंह, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एडवोकेट शिवशरण कुशवाहा, राजा बाई, मनु विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, अवधेश गुप्ता, शेखर शर्मा, मूलचंद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

एसपी ने परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान होने वाली रैतिक परेड के फुल ड्रैस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार द्वारा परेड कमाण्डर के रुप में समस्त परेड के साथ मुख्त अतिथि सहित पुलिस अधीक्षक महोबा को सलामी दी गयी, परेड की सलामी का मान प्रमाण लेने के पश्चात मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का बारीकी से निरीक्षण किया गया। परेड में टोलीवार प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें जनपदीय सिविल पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी, एनसीसी की टोलियां हैं इसके अतिरिक्त परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, कमाण्डो दस्ता, नारी सशक्तिकरण दस्ता, डायल 112 मोबाइल, रेडियो मेन्टीनेन्स मोबाइल, फील्ड यूनिट दस्ता, दंगा निरोधक दस्ता, अग्निशमन दस्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सराहना कर परेड में प्रतिभाग कर रहे पुलिस कर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गणतन्त्र दिवस परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए परेड को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने तथा परेड का आकर्षक एवं भव्य बनाए जाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर, आरएसआई नरेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कार्रवाई के बावजूद खदानों में नहीं रुक रहा अवैध खनन

बांदा। प्रशासन की लगातार जुमार्ने की कार्रवाई और चेतावनी के बावजूद अवैध खनन रूकने का नाम नही ले रहा है। मरौली खंड संख्या 5 बालू खदान में अब तक तीन बार अवैध खनन और अवैध परिवहन पर जुमार्ना

- मरौली व बरियारी का हाल बेहाल

लग चुका है। प्रशासन ने हर बार चेतावनी भी दी है लेकिन संजीव गुप्ता जैसे बालू माफिया अवैध खनन करने से बाज नही आ रहे हैं। बरियारी बालू खदान भी संजीव गुप्ता के ही नाम है। जिसमें लगभग एक करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। बावजूद इसके छापेमारी में अवैध खनन पाया जाता है। इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद यह सवालिया निशान लगना लाजमी है कि आखिर कार प्रशासन अवैध खनन रोक नही पा रहा अथवा फिर अवैध खनन करने की छूट दे रखी है। बड़े पैमाने पर अवैध खनन होने के बावजूद नाम मात्र का जुमार्ना लगाया जा रहा है। खनिज अधिकारी अवैध खनन पर रोक नही लगा पा रहे और न ही पट्टाधारक अवैध खनन करने से बाज आ रहे। ऐसी स्थिति में उन्हे माफिया घोषित कर खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर क्यों नही दंडित किया जा रहा। जिले में लगभग एक दर्जन खदानें संचालित हैं। अब तक अधिकांश खदानों में अवैध खनन पाया गया है। खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह पर सवालिया निशान लग रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी का चाबुक ऐसे अधिकारियों पर कब चलेगा यह देखने वाली बात होगी। नवागंतुक जिलाधिकारी जे0 रीभा भी अवैध खनन पर बेहद सख्त हैं लेकिन पट्टाधारक लाख कोशिशों के बावजूद नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन व ओवरलोडिंग कर रहे हैं।

आज हवन से शुरु होगा तीन दिवसीय गणतंत्र समारोह

बरेली। ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन एवं जिला समारोह समिति के बैनर चले 77 वा गणतंत्र दिवस का शुभारंभ आज से हवन पूजन से किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम को 4:00 बजे संजय कम्युनिटी हॉल में हवन ,पूजन और कवि सम्मेलन तथा मुशायरा के साथ गणतंत्र दिवस का शुभारंभ होगा। 26 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से देशभक्ति गीत, लोकगीत, लोक नृत्य एवं पेंटिंग के कार्यक्रम होंगे। शाम को नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और उत्तराखंड के कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समारोह की तैयारी समिति बैठक में देवेंद्र रावत, पवन कालरा, सुनील धवन, संजय मठ, डॉ. सैयद सिराज उपस्थित रहे।

डीएम की नसीहत, बालिकाएं सोशल मीडिया से रहें दूर

बांदा। बालिका दिवस पर जिलाधिकारी जे0 रीभा ने महिलाओं को देश की आंख बताते हुए लड़कियों को सोशल मीडिया से दूर रहने और मोबाइल का इस्तेमाल पढ़ाई में करने की सीख दी। उन्होने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करें। मानसिक और शारीरिक रूप से दुरूस्त रहने के लिए संतुलित एवं प्रोटीन युक्त आहार का सेवन जरूरी है। इससे पहले विकास भवन से जन जागरूकता रैली शुरू हुई। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए डीएम जे0 रीभा ने एक बार फिर बालिकाओं को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और सकारात्मक सोंच रखने की नसीहत दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित भाषण प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार दिए। प्रियांशी प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और कशिश तीसरे स्थान पर रहीं। रैली में छात्राओं के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकत्री और पैरामेडिकल स्टॉफ ने भी भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के संबंध में विद्यालयों के द्वारा बालिकाओं को बेहतर जानकारी प्रदान की गयी है। जो इस गोष्ठी में बालिकाओं द्वारा दिए गये विचारों से दिखाई दे रही है। उन्होने कहा कि बांदा बुंदेलखण्ड रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती और अन्य क्रांतिकारी महिलाओं का क्षेत्र है। महिलाएं चिकित्सा शिक्षा व शैन्य सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी धाक जमाए हैं। बालिकाओं को सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। डॉ प्रज्ञा प्रकाश ने जेंडर असमानता कम करने पर जोर दिया। कन्या भ्रूण हत्या, दहेज जैसी कुरीतियां समाप्त करने की जरूरत बताई। बालिकाओं को बालकों के समान शिक्षा दिलाने पर बल दिया। डॉ सबीहा रहमानी ने भी विचार रखे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का 22 फरवरी को नगीना में होगा आयोजन

नगीना, बिजनौर। डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में नगीना बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 22 फरवरी को होने वाली प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के सम्बन्ध में एसोसिएशन के लोगो ने अपने अपने विचार रखे।

नगीना धामपुर रोड स्थिति रेस्टोरेंट में बीती रात्रि डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद मुलतानी की अध्यक्षता व सुशील गुप्ता के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि आगामी 22 फरवरी को प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मिस्टर बिजनौर का आयोजन भी किया जाएगा, जो दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। बैठक में मौजूद जिम संचालकों ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों के साथ ही नगीना के सभी जिम से 3 से 5 प्रतियोगी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बैठक में डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव रियासुद्दीन उस्मानी ने बताया कि प्रतियोगिता के सम्बंध में सभी तैयारी पूरी की जा रही हैं। बैठक में जफर मुल्तानी, अब्दुल्ला मुलतानी, इंजीनियरिंग सुऐब खान, मौ0 अहमद, मौ0 असद उस्मानी, वारीस अहमद, वैभव भटनागर, सुहैल अहमद आदि मौजूद रहे।

अप्रवासियों का संकट

अमरीका में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप प्रशासन के फैसलों का असर दिखना शुरू हो गया है। इससे कोई एक-दो देश नहीं बल्कि पूरी दुनिया प्रभावित होने वाली है। अवैध प्रवासियों को पकड़कर डिपोर्ट करने की प्रक्रिया अमरीका में शुरू कर दी गयी है। इस संदर्भ में व्हाइट हाउस द्वारा एक्स पर एक पोस्ट डाला गया है जिसमें कहा गया है कि 'इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान अच्छी तरह से चल रहा है। वायदे किये गये थे, वायदे पूरे किये गये। ट्रंप प्रशासन ने अब तक 538 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक संदिग्ध आतंकवादी और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराध के दोषी अपराधी भी अवैध प्रवासियों में शामिल हैं। अवैध अप्रवासन किसी भी राष्ट्र के लिए गंभीर संकट है, लेकिन ऐसे संकट से निपटने के लिए सूझबूझ की जरूरत है। यह सही है कि अमरीका में बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी हैं। अमरीका वैश्विक महाशक्ति है और दुनिया का सबसे समृद्ध देश भी। ऐसे में अमरीका जाकर रोजी-रोजगार करना करोड़ों लोगों का सपना होता है। इसी कारण अमरीका में बड़े पैमाने पर अवैध तौर-तरीके से भी लोग पहुंच जाते हैं और कहीं न कहीं इनसे परेशानी खड़ी होती है। यह समस्या भारत के सामने भी बहुत जटिल है। भारत में तो अवैध अप्रवासियों की संख्या करोड़ से अधिक अनुमानित की जाती है। इसमें भारत के पड़ोसी देशों से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न के शिकार अल्पसंख्यकों के साथ ही बड़ी संख्या में बांग्लादेशी भी शामिल हैं। अवैध प्रवासियों की पहचान कर उनको डिपोर्ट करना या उनको डिटेंशन सेंटर में रखना किसी भी राष्ट्र की नीति हो सकती है लेकिन इसमें मानवीय पहलुओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह शपथ लेते ही एक के बाद एक 100 से अधिक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किये उसमें कई ऐसे हैं जो पूरी दुनिया को संकट में डालने वाले हैं। अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करना, विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमरीका का हटना, ग्रीन एनर्जी के बजाय जीवाश्म ईंधन पर फोकस बढ़ाने और पेरिस क्लाइमेट ट्रीटी से अमरीका का हटना, जन्म के आधार पर नागरिकता पर रोक, ये सब ऐसे फैसले हैं जो भले ही अमरीका के लिए लाभदयक हों, लेकिन मानवता के लिए गंभीर संकट है। अब अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने और जन्म के आधार पर नागरिकता के अधिकार पर रोक के फैसले की ही बात करें, तो इससे सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में भारत भी है। अमरीका में भारतीयों की संख्या 50 लाख से भी अधिक है और अधिकांश लोग कानूनी दस्तावेजों के जरिए ही अमरीका गये हैं। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या भी लाखों में है जो अवैध रूप से अमरीका में हैं। अवैध रूप से अमरीका में रह रहे ऐसे 18000 लोगों की पहचान भी की गयी है। भारत सरकार ने अपने अवैध प्रवासियों की समस्या के समाधान के लिए मदद की पेशकश भी की है। यह एक उचित रणनीति हो सकती है। अमरीका में जिस देश के अवैध प्रवासी हैं उस देश से बातचीत कर और आपसी सहमति व सहयोग के साथ डिपोर्ट करने या वैध करने की प्रक्रिया अपनायी जाये तो बेहतर होगा। इससे अमरीका की समस्या का समाधान भी हो जायेगा और दूसरे देश के लिए भी समस्या खड़ी नहीं होगी। अब भारत की ही बात करें तो यहां अवैध बांग्लादेशियों की संख्या बहुत अधिक है। अगर इन सबको पकड़ कर डिपोर्ट किया जाये तो ये कहां जायेंगे, अगर बांग्लादेश सहयोग देने को तैयार न हो। जाहिर है अमरीका में अवैध प्रवासियों की संख्या अमरीका के साथ ही उन देशों से भी जुड़ी है जहां के अप्रवासी हैं। इसलिए ट्रंप प्रशासन को अवैध अप्रवासियों से संबंधित देशों के साथ मिलकर इस समस्या का हल ढूंढना चाहिए। सीधे पकड़कर उनको यहां-वहां पटक देना बहुत बड़ी मानवीय त्रासदी होगी। इसी तरह जन्म के आधार पर नागरिकता के अधिकार पर रोक के फैसले से बड़ा संकट खड़ा हुआ है। लोग समय से पहले डिलीवरी की लाइन में लग गये हैं ताकि उनके बच्चे को नागरिकता मिल सके। बहरहाल यह संवैधानिक प्रश्न है और इस पर अमरीकी अदालत ने ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए उनके फैसले पर रोक लगा दी है। अमरीका के एक संघीय न्यायाधीश ने यह रोक लगायी है। न्यायाधीश ने कहा कि जन्मजात नागरिकता समाप्त करने वाला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकारी आदेश, स्पष्ट रूप से असंवैधानिक है। अमरीका का संविधान सख्त है और टंप की मनमानी किसी भी सूरत में नहीं चल सकती है।

डोनॉल्ड ट्रंप को धड़ाधड़ फैसले लेने की प्रक्रिया में संविधान व मानवीय पहलुओं का भी ध्यान रखना चाहिए अन्यथा उनको अदालतों से बड़े झटके लगेंगे।

विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

विकसित राष्ट्र के लिए निर्यात बढ़ाना जरूरी

मनोहर मनोज

भारत ने 20 बड़े व्यापारिक साझेदार देशों में, जहां इसके कुल निर्यात का 60 फीसदी हासिल होता है, वहां अपने वाणिज्यिक मिशन को एक रणनीतिक निर्देश दिया गया है, इसके तहत इन्हें बताया गया है कि वे वहां भारतीय निर्यात के हर संभावित अवसरों की पहचान करें और प्रतियोगी व्यापारिक देशों से हर संभव प्रतियोगिता करें। निर्यात बढ़ाना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन विकसित देश बनना है तो इसे स्वीकार करना होगा।

अब जब हमने आगामी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का ऐलान कर दिया है, तो ऐसे में सकल घरेलू उत्पाद में कम से कम एक चौथाई की हिस्सेदारी निर्यात क्षेत्र से होनी जरूरी है। उपलब्ध आंकडों के मुताबिक अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान भारत का कुल निर्यात 536 अरब डालर था, जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के 498 अरब डालर के मुकाबले 7.5 फीसदी ज्यादा है। जबकि अगले 23 सालों में विकसित देश बनना है तो इस दौरान हमारा निर्यात कम से 950 अरब डॉलर होना चाहिए था। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल निर्यात करीब 800 अरब डालर होगा, जो पिछले वित्त वर्ष में 770 अरब डालर के करीब 30 बिलियन डॉलर ज्यादा होगा जबकि इसे 180 बिलियन डॉलर ज्यादा होना चाहिए था।

अभी भी हमारी अर्थव्यवस्था निर्यात बढ़ाने के कई उपायों के बावजूद एक्सपोर्ट मॉडल केन्द्रित न होकर आयातित मशीनरी व तकनीकी आधारित है। इस वजह से हमारा व्यापार घाटा सकल घरलू उत्पाद के एक फीसदी से कम नहीं हो पा रहा। विगत में यह दो से ढ़ाई फीसदी तक गया है। अभी गुजरे दिसंबर 2024 माह के आंकड़ों पर गौर करें तो हमारा निर्यात 38 अरब डॉलर तथा आयात 60 अरब डॉलर रहा है। पिछली सदी के 1990 के दशक की बात करें तो उस समय कुल विश्व व्यापार में हमारी हिस्सेदारी महज आधा फीसद थी, जो अब करीब डेढ़ से दो फीसदी तक पहुंची है। जबकि अगर हम अपने मुख्य प्रतिद्वंदी चीन की बात करें, तो विश्व व्यापार में 90 के दशक में उसकी हिस्सेदारी जहां महज दो फीसदी थी, अब बढ़कर करीब 17.6 फीसदी हो चुकी है। पिछले वर्ष चीन का कुल निर्यात 3,413 बिलियन पौंड था, उसके बाद दूसरे नंबर पर 2572 बिलियन पौंड यानी 13.2 फीसदी निर्यात यूरापीय यूनियन का था। अमेरिका तीसरे नंबर पर 1960 बिलियन पौंड के साथ था, जिसकी विश्व निर्यात में भागीदारी 10.1 फीसदी बन रही थी। जापान चौथे और दक्षिण कोरिया 649 बिलियन पौंड के साथ पांचवें नंबर पर था। इस तरह देखें तो अभी चीन का कुल निर्यात आकार उतना ही है, जितना बड़ा आकार फिलहाल भारत की समूची अर्थव्यवस्था का है। यह ठीक है कि

दुनिया के कई मुल्कों की अर्थव्यवस्था आयात आधारित होते हुए भी यथोचित प्रगति के सोपान हासिल करने में सफल रही हैं। परंतु हर देश को अपनी वस्तुओं व सेवा व्यापार के एडवांटेज और डिस्वाटेंज पहलू की बड़ी बुद्धिमतापूर्वक प्लानिंग व रणनीति बनाने की आवश्यकता पड़ती है। यही नहीं देशों को समय समय पर अलग अलग तकनीक व समयानुगत मांगों की आपूर्ति को लेकर भी अपनी रणनीति बदलती रहनी पड़ती है।

निर्यात की चुनौतियां

मिसाल के तौर पर भारत अपने तीन चौथाई पेट्रोलियम उत्पादों, जिसमें 85 फीसदी कच्चे तेल व 44 फीसदी प्राकृतिक गैस तथा उर्वरकों व मेटल्स की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर करता है, पर भारत ने आयातित कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर तैयार पैट्रोलियम उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक देश बना तो उससे व्यापार संतुतल लाने में बड़ी सहूलियत हुई। लेकिन दिसंबर 2024 माह में तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 28 फीसदी की गिरावट आयी है। इसी तरह भारत हर साल करीब 40 अरब डॉलर का सोना खरीदता है, पर इसके बरक्श पॉलिश किए जेम्स व ज्वैलरी का भारत एक बड़ा निर्यातक बना तो इससे भी व्यापार संतुलन लाने में सहूलियत मिली। मगर हाल के आंकड़ों के मुताबिक जेम्स व ज्वैलरी के निर्यात में 26 फीसदी की गिरावट आ गई।

यही नहीं भारत ने इधर जबसे पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजना शुरू की गई तो सरकार का प्रोत्साहन व्यय जरूर बढ़ा पर इससे मोबाइल फोन सेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश में बदलने की कहानी भी शुरू हुई। भारत में आयात प्रतिस्थापन व निर्यात प्रोत्साहन की नीति विगत के योजनाकरण के दौर में सरकार की एक आधारभूत नीति हुआ करती थी, पर अलग अलग आइटम व सिगमेंट तथा नये नये व्यापार चलन व प्रचलन के हिसाब से भारत एक वैसी आक्रामक निर्यात रणनीति नहीं बना पाया जैसे कि हमारे पड़ोसी देश चीन ने किया। यह ठीक है कि चीन ने अपनी बाह्य अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की शुरूआत हमसे एक दशक पहले कर दिया था, जिससे एक तरफ उसके यहां बड़ी मात्रा में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरफ से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया और फिर वह समूची दुनिया का फैक्ट्री हाउस बनने में कामयाब होता गया।

चीन ने समूची दुनिया के अलग अलग देशों की मांग और उनकी क्रय क्षमता के हिसाब से उनके अनुरूप वस्तु व सेवाओं का उत्पादन, प्राइसिंग व उनकी सप्लाई की। इस क्रम में उसने समूचे अमेरिका व यूरोप की कई जरूरतों की मांग हथिया ली। क्योंकि इन देशों को ये लगता था कि इन चीजों के घरेलू उत्पादन की लागत ज्यादा है और इनकी सप्लाई चीन से कराने में उन्हे ज्यादा फायदा है। इसी तरह से भारत को जिसे टेक्सटाइल व हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़त प्राप्त थी, उसे वह पिछले तीन दशक में आगे नहीं बढ़ा पाया और चीन व बांग्लादेश जैसे देश हमें इस मामले में कड़ी टक्कर देते चले गए। भारत की अर्थव्यवस्था फार्मेसी व कंप्यूटर हार्डवेयर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स की आधारभूत चीजों के लिए चीन पर निर्भर रही है। इनका त्वरित रूप से आयात प्रतिस्थापन करने में हम सक्षम नहीं हो पाए। ये ठीक है कि हमने इधर स्मार्ट मोबाइल व कंप्यूटर सेमी-कंडक्टर व चिप्स के कई सारे प्लांटों की नींव देश में डाल दी, जिसके अच्छे नतीजे जरूर मिलेंगे। दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा प्रधान होने की वजह से व्यापार मामले में भी सेवा क्षेत्र की प्रधानता ज्यादा देखी गई है। मर्चेन्डाइज सेक्टर में हमारा आयात निर्यात से काफी ज्यादा है, जबकि सेवाओं के मामले में हमारा निर्यात आयात से काफी ज्यादा है। मिसाल के तौर पर वर्ष 2024 के अप्रैल-नवंबर अवधि के दौरान मार्चेन्डाइज व्यापार मामले में भारत करीब 200 अरब डालर के घाटे में था, जबकि सेवा सेक्टर में भारत को करीब 120 अरब डालर का व्यापार सरप्लस हासिल था।

यही वजह है कि भारत दुनिया में विदेशों से कमाई हासिल करने वाला सबसे बड़ा देश बना हुआ है। मर्चेन्डाइज व सेवा व्यापार में संतुलन लाना भारत व इसकी अर्थव्यवस्था के लिए प्राथमिकता होना चाहिए। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब हमारी अर्थव्यवस्था में उद्योग विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान ज्यादा होगा। देखा जाए तो इन मामलों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों व उनकी शर्तों की भी बड़ी भूमिका है। मिसाल के तौरपर दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के व्यापारिक संगठन आर सेप में भारत ने अंत समय में भाग लेने से इसलिए मना कर दिया, क्योंकि इससे भारत के पारंपरिक घरेलू सेक्टर में चीन के सस्ते उत्पादों के आवक की आशंका ज्यादा थी। भारत ने नयी आर्थिक नीति के बाद तथा विश्व व्यापार संगठन की नयी रिजीम में शामिल होने के बाद प्रतियोगिता व संरक्षण नीति में एक संतुलन लाने का प्रयास किया पर वह भारत को व्यापार सरप्लस देश बनाने में कामयाब नहीं कर पाया। अभी भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार देश अमेरिका में नये ट्रंप रिजीम में टैरिफ बढ़ाने को लेकर जो बयान दिये जा रहे हैं, वह भारत के निर्यात बाजार के लिए नयी चुनौती होंगे। भारत सरकार ने इधर अंतरराष्ट्रीय व्यापार की मुख्य आधारभूत संरचना जिसमें जल व हवाई बंदरगाहों की स्थापना व आधुनिकीकरण तथा अंतर्देशीय कनेक्टीविटी को दुरूस्त करने के साथ राजकोषीय व वित्तीय प्रोत्साहन के कई कदमों की घोषणाएं जरूर की पर सबसे अहम है दुनिया में कंट्री स्पेसीफिक व्यापार रणनीति बनाये जाने की।

सोशल मीडिया

आप पार्टी कितना विचित्र तर्क देती है कि एक तरफ कहते हैं कि उन्हें काम नहीं करने दिया गया और दूसरी तरफ कहते हैं कि इतना काम कर दिया है कि काम के नाम पर वोट दीजिए। सुधांशु त्रिवेदी.

शाश्वत आनन्द

अंतर्दृष्टि

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

फिट रहना है तो नियमित करें व्यायाम



सामयिक ● डॉ. माजिद अलीम

इन दिनों गली मुहल्लों में जिम की भरमार और सोशल मीडिया में हेल्थ संबंधित कंटेंट की बाढ़ को देखकर कई लोग बड़ी हताशा में रहते हैं कि वे पर्याप्त कसरत नहीं कर पाते, जैसा बाकी लोग कर रहे हैं। यह हताशा तब और बढ़ जाती है, जब दफ्तर में हमारे बगल में बैठा कोई शख्स हर रोज अपने घंटों पसीना बहाने के किस्से रज-रजकर सुनाता हो या यू-ट्यूब अथवा एक्स में जब हम सेलिब्रिटीज को जिम से अपनी आकर्षक और टोंड बॉडी के साथ निकलते हुए देखते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की बातें, खबरें और रीलें उन लोगों को मन ही मन कुढ़ने के लिए छोड़ देती हैं, जो दिल में चाह रखने के बावजूद भी हर दिन एक से दो घंटे पसीना नहीं बहाते। लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक नहीं कई खुशखबरियां हैं। सबसे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन की बात करते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हम सप्ताह में अगर 150 से 300 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एक्सरसाइज जैसे तेज तेज चलना, साइकिलिंग या फिर 75 से 150 मिनट वाली तीव्र एक्सरसाइज जैसे दौड़ना आदि कर लें तो भी सेहतमंद रह सकते हैं। कई और महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी बताते हैं कि फिट और चुस्त दुरुस्त रहने के लिए हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत भरपूर होती है, बशर्ते यह सही तरीके से की गई हो। 'द जनरल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज से दिल की बीमारियों का 20 से 30 फीसदी खतरा कम हो जाता है। इसी क्रम में साल 2020 में प्रकाशित हुई लॉसेंट स्टडी के मुताबिक भी सप्ताह में अगर 3 घंटे की एक्सरसाइज सही तरीके से कर ली जाए तो जिंदगी में दो से तीन साल का इजाफा हो जाता है।

मगर सवाल है कि हफ्ते में जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज करनी हो तो इसकी योजना कैसे बनाएं और इसके तहत कौन कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं, जो ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद हों? हमें फिटनेस विशेषज्ञों की एक बात याद रखनी चाहिए कि व्यायाम करना अपने आपमें एक कला है। यह महज शारीरिक श्रम या एक्टिविटीज तक ही सीमित नहीं है, इसमें बेहतर तकनीक, अनुशासन और संतुलन के ज्ञान का भी शामिल होना जरूरी है। क्योंकि जब सही तकनीक के साथ हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत की जाती है, तब उसके इस स्तर के फायदे मिलते हैं। गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे लोगों के लिए तो यह खतरा और भी ज्यादा होता है, जो हफ्ते में इतने कम समय के लिए एक्सरसाइज करते हैं। ऐसे लोगों को वजन उठाने की सही पोजीशन का भी ख्याल रखना चाहिए वर्ना पीठ या जोड़ों पर इसका खतरनाक असर हो सकता है। हालांकि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना भिन्न होती है, साथ ही हर किसी के फिटनेस का स्तर और उसके लक्षण भी अलग अलग होते हैं।

इसलिए कई बार जो व्यायाम एक व्यक्ति के लिए सही होता है, वही दूसरे के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह बात कहने की जरूरत इसलिए है क्योंकि जब हमें कम समय की एक्सरसाइज से ज्यादा फायदा लेना हो तो किसी एक्सपर्ट से मिलकर अपने लिए सबसे उपयुक्त कसरतों का

पता लगाना चाहिए साथ ही कम से कम शुरूआती ट्रेनिंग तो तो एक्सपर्ट की देखरेख में ही करना चाहिए। जब कम समय में एक्सरसाइज से ज्यादा फायदे लेने हो तो अनुशासन और धैर्य को बनाये रखना बहुत जरूरी है। वास्तव में व्यायाम का असर पलभर में नहीं दिखता, इसके लिए कुछ वक्त लगता है। इसलिए जब एक्सरसाइज करना शुरू करें तो उसे एक अनुशासन के रूप में अपनाएं और लंबे समय तक इस पर टिके रहें। यही नहीं जब कम समय की एक्सरसाइज करना हो तो शारीरिक और मानसिक तालमेल का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही न करें बल्कि कुछ मिनट का समय मानसिक व्यायाम यानी योग जैसी गतिविधियों के लिए भी निकालें।

हफ्ते में महज 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज का हमें सबसे ज्यादा फायदा तब दिखता है, जब हम उसके पहले बिल्कुल ही एक्सरसाइज न करते रहे हों। मसलन अगर आप पूरे समय बैठे रहते हैं, तो थोड़ी सी कसरत भी आपके लिए दिल संबंधी रोगों के जोखिम को काफी कम कर देती है। सप्ताह में दो बार हमने अगर एक एक घंटे की साइकिलिंग कर ली या 75 से 150 मिनटों तक तेज गति से वॉक कर लिया, तो हृदय संबंधी रोगों से होने वाली मौत का जोखिम 20 फीसदी तक कम हो जाता है। कम कसरत वास्तव में सबसे ज्यादा दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। जो व्यक्ति बिल्कुल ही एक्सरसाइज नहीं करता और ज्यादातर समय बैठा रहता है, उसमें सबसे ज्यादा दिल से संबंधित बीमारी का ही खतरा रहता है। वैसे इस योजना के पीछे एक अप्रत्यक्ष वास्तविकता यह भी जुड़ी है कि अगर आप सप्ताह में नियमित रूप से 3 से 4 घंटे की कसरत के लिए वक्त निकालते हैं तो धीरे धीरे बिना प्रयास किए खुद ही आपके ये घंटे बढ़ जाएंगे और इसका आप पर कोई अतिरिक्त तनाव भी नहीं पड़ेगा। इसलिए कम समय के मोटीवेशन से एक्सरसाइज की शुरूआत करने वाले कई लोग बाद में हर दिन आराम से दो से ढाई घंटे तक कसरत करने लगते हैं।

बहरहाल यहां हम इस अप्रत्यक्ष वास्तविकता को ध्यान में रखकर ही कम समय में एक्सरसाइज के होने वाले फायदे को नहीं बता रहे बल्कि यह फायदा सिर्फ हर हफ्ते में 3 से 4 घंटे तक की एक्सरसाइज से होने वाले फायदों की ही बात है। क्योंकि बिल्कुल कसरत न करने की तुलना में 4 घंटे की कसरत बहुत उपयोगी है और अगर आप हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (हिट) जैसी कसरत 30 मिनट के लिए भी करते हैं तो इसका उतना ही फायदा होगा, जो हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई कसरत से मिलता है। दरअसल छोटी छोटी कसरतें कई बार ज्यादा प्रभावी और ज्यादा नतीजापरक होती हैं। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करने में हर दिन की गई 20 मिनट की हिट एक्सरसाइज हफ्तेभर हर दिन धीरे धीरे एक घंटे की वॉक करने से बेहतर है। मगर इस बात का ध्यान रखना हर हाल में बहुत जरूरी है कि कम समय के लिए की गई इस एक्सरसाइज का कार्यक्रम बेहद सटीक और वैज्ञानिक हो। मसलन यदि आपको मांसपेशियां और हड्डियों को मजबूत करना है तो आपको वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स करने ही होंगे, सप्ताह में कम से कम दो तीन बार।

औसतन एक से सवा घंटे हर दिन। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग यानी वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स वास्तव में बुढ़ापे में आपको चुस्त दुरुस्त रखते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बहुत कम समय की एक्सरसारइज भी आपको तनाव, चिंता और डिप्रेशन से दूर रखती है। क्योंकि 3-4 घंटे की साप्ताहिक एक्सरसाइज से भी मस्तिष्क में डोपामाइन और एंडोर्फिन हार्मोन इतने रहते हैं कि आपका मूड बेहतर होता है। हर हफ्ते महज 3 घंटे की एक्सरसाइज भी आपके मेटाबोलिज्म को तीव्र और स्वस्थ रखता है तथा टाइप-2 जैसे डायबिटीज रोगों से बचाता है। लेकिन हां, जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज पूरे हफ्ते में करनी हो तो या तो इसे 45-45 मिनट के हफ्ते में चार सेशन में बांट लें या एक ही दिन लगातार तीन से चार घंटे की साइकिलिंग या तेज तेज चलना अथवा स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कर डालें। लेकिन स्ट्रेचिंग कुछ मिनट हर दिन करनी चाहिए। इस व्यवस्थित तरीके से करने पर हफ्ते में 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज भी आपको स्वस्थ, चुस्त दुरुस्त और टोंड रखती।

आप की बात

खाली पदों को भरा जाये

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके।

दिनेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

राजस्व निरीक्षक कक्ष में भिड़े दो पक्ष, चले लात घूंसे

सोहावल-अयोध्या। तहसील के कानूनगो उदयराज के चेंबर में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। चले लात घूंसे के दौरान परिसर में कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल रहा। जमीनी विवाद को लेकर हुई इस मारपीट की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। आरोप है कि मीरपुर कांटा गांव निवासी रविन्द्र यादव के जमीनी विवाद को लेकर इनके विपक्षी राहुल और मनोज यादव कानूनगो के पास अपने ही मामले का मनचाहा निपटारा न होते देख आपस में ही भिड़ गये इनके बीच मारपीट हुई। कानूनगो उदय राज का चैंबर मारपीट का अखाड़ा बन गया। भीषण मारपीट होते देख तहसील परिसर में कुछ देर भगदड़ जैसा माहौल बन गया।

राहुल यादव और मनोज यादव के विरुद्ध रौनाही थाना में तहरीर दी गई है राजस्व निरीक्षक उदय राज ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच धारा 24 के अंतर्गत हदबरारी की पैमाइश थी। राजस्व टीम को मौके पर स्थान आदेश का हवाला देकर रोक दिया गया। इसी को लेकर दोनों पक्ष आए थे। फिर आपस में ही मारपीट करने लगे। मामले का संज्ञान उच्चाधिकारियों को दे दिया गया है।

भारतीय सशस्त्र बल के जवानों ने बजाज ऑटो के कर्मचारियों संग निकाली रैली

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। बजाज ऑटो ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली ह्लडेयर 2ह्न को

- विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिन में तय की 1649 किमी की दूरी
- गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में सम्पन्न होगी रैली

हरी झंडी दिखाई। दोपहिया पल्सर वाहन से निकली रैली में भारतीय नौसेना के 15 सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। जो पल्सर एनएस 400 जेड के साथ ह्लसाहसह्ल की भावना को रेखांकित करता है। रैली आईएनएस चिल्का, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, रांची, गया और वाराणसी से होकर गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी। जिससे भारतीय सेना के डोगराओं के साथ मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल जहाज की 37 वीं वर्षगांठ के उत्सव को रेखांकित करती है और भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट के साथ मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा देती है। अभियान का उद्देश्य नौसेना प्रमुख के ह्लमानसिक स्वास्थ्य और कल्याणह्ल के संदेश का प्रचार करना है इस रैली (डेयर स्क्वायर) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है, ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

शव बरामद होने के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के प्रकरण में कुमारगंज पुलिस के जांच की रफ्तार चार दिन बाद भी सुस्त पड़ी है। कुमारगंज पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का ही इंतजार है। हालांकि गांव सहित क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है। बताते चलें कि तेन्धा गांव निवासी जगदम्बा प्रसाद कोरी जो कि प्राइवेट लाइनमैन का काम करता था बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गया था और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। 1 सप्ताह बाद बीते मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे जगदंबा प्रसाद कोरी का शव ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ा देखा था और पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस ने अधेड़ का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया था कि अधेड़ की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते वह अपनी पत्नी से अलग भी रहता था। यही नहीं उसकी पत्नी उसे आए दिन मारती पीटती भी थी। वह पूरी तरह से अपनी पत्नी के कारनामों से परेशान हैरान था। मामले में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। चुनाव की वजह से काफी व्यस्तता है। फिलहाल मामले को गंभीरता से लिया गया है। इस प्रकार से पुलिसिया कार्यवाही को लेकर अब क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार भी पूरी तरह से गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे हत्या जैसे मामले में भी पुलिस उदासीन रही तो अपराध पर अंकुश कैसे लग सकेगा। मामले में पुलिसिया कार्यवाही एवं जांच पड़ताल की गति धीमी होने के चलते अब पुलिसिया कार्य शैली पर भी लोगों की उंगली उठने लगी है। हालांकि अधेड़ की हत्या को लेकर ग्रामीणों के शक की सुई उसकी पत्नी सहित उसके प्रेमी के इर्द-गिर्द ही घूम रही है और पुलिस खाली हाथ है।

भाकियू युवा विंग फैसल मलिक ने चिकित्सा अधीक्षक को मोमेंटो भेंट कर किया स्वागत

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा विंग अयोध्या मंडल प्रभारी फैसल मलिक के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल पुरुष अधीक्षक डा0 बृजेश सिंह एंव ब्लड बैंक अधीक्षक बीपी सिंह का देवा-महादेवा और पारिजात वृक्ष का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बलराम यादव, लालजी यादव, मोहम्मद रियाज, आदर्श सिंह, मोहम्मद कलीम, मुन्ना, संतोष कुमार फरहान अख्तर, अजय, जसवंत यादव, सुखदेव वर्मा, जैसीराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा माह! प्रवर्तन टीम ने किये बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के 70 चालान

बाराबंकी। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बिना हेलमेट-सीट बेल्ट, बकाया टैक्स, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना फिटनेस के विरुद्ध अभियान चलाया गया। आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर बकाया टैक्स मिलने पर डग्गामार बसों के खिलाफ कार्यवाही की। तो वहीं यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर ढाबों के किनारे पर बे-ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये ढाबा संचालकों को सख्त चेतावनी दी। इस दौरान प्रवर्तन टीमों द्वारा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के 70 चालान किये गये। तथा बाइक सवारों को हेलमेट नियमित रूप से लगाने हेतु प्रेरित किया गया।

कृषक डॉ. जय सिंह को मिला उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मा. राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में देश के मा. उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा जनपद बहराइच के अग्रणी कृषक डॉ. जय सिंह को केले की आधुनिक खेती के लिए उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलने पर जहां आकांक्षी जिले के कृषकों में हर्ष का माहौल हैं वहीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भी कृषक डॉ. सिंह को बधाई देते हुए कहा कि इससे जिले के अन्य कृषक प्रेरित होंगे।विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम सुरजामाफी में पिता राज सिंह व माता श्रीमती कृष्णा कुमारी के घर जन्मे जय सिंह द्वारा 25 एकड़ में केले की खेती से लगभग रू. 2.25 लाख प्रति एकड़ की दर से रू. 56.25 लाख तथा 25 एकड़ भू-भाग में आलू की खेती से लगभग रू. 70 हजार प्रति एकड़ की दर से रू. 17.50 लाख इस प्रकार कुल रू. 73.75 लाख का शुद्ध वार्षिक लाभ प्राप्त किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ साइंस (बायोकेमिस्ट्री) की डिग्री पूरी करने के बाद, श्री सिंह ने अपनी पैतृक जमीन पर खेती शुरू की। कृषि के पारंपरिक तरीकों से शुरूआत करने वाले श्री सिंह ने आगे चलकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को कठोरता से लागू किया। अपने शुरूआती वर्षों में, गन्ना उगाने में हाथ आजमाया, उसके बाद गुड़ के लिए एक विनिर्माण इकाई स्थापित की। सफल होने के बावजूद, उन्होंने अधिक लाभदायक रास्तों की तलाश में दालों और तिलहन जैसी फसलों के साथ प्रयोग करना जारी रखा। आखिरकार एक दिन शोहरतगढ़ के राजा से आकस्मिक मुलाकात ने उन्हें केले की खेती की ओर प्रेरित किया। वर्ष 1983 में केले की एक पारंपरिक किस्म की खेती से शुरूआत करते हुए, उन्होंने 1996 में बाजार की बदलती माँगों और वैज्ञानिक विकास के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए टिश्यू कल्चर जी 9 किस्म के केले की खेती को अपनाया। वर्तमान समय में श्री सिंह द्वारा 25-25 एकड़ में केला व आलू की खेती कर केले की उपज में 330 कुन्तल व आलू में 140 कुण्टल प्रति एकड़ का उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है।श्री सिंह जैन इरिगेशन से प्राप्त टिश्यू कल्चर किस्म के केले उगाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के कठिन परिश्रम से श्री सिंह द्वारा एक बहुत मजबूत ब्रांड इक्विटी बनाई गई है जिसे लखनऊ, नई दिल्ली, लुधियाना, चंडीगढ़ और अमृतसर के छोटे और बड़े केले के थोक विक्रेताओं द्वारा अच्छी तरह से पहचाना और सराहा जाता है। उनकी खेती पद्धतियां अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने की दिशा में तैयार की गई हैं। गुणवत्ता मानकों को सुव्यवस्थित करने के लिए कटाई के समय उनके द्वारा केले के गुच्छों के लिए कैलीपर ग्रेडिंग के अंतर्राष्ट्रीय मानदंड प्रस्तुत किये गये हैं।

मिल्कीपुर उपचुनाव में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी बनी जी का जंजाल

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय शुक्ल की पीठासीन अधिकारी पद पर मिल्कीपुर उपचुनाव में लगी ड्यूटी से समाजवादी पार्टी के कैंप से उठा बवंडर अभी शांत नहीं हुआ। इस बीच सहायक अध्यापक अरुण कुमार मिश्र की उपचुनाव में मतदान कार्मिक के रूप में लगी ड्यूटी से एक और विवाद खड़ा हो गया है। अरुण मिश्रा रुदौली के इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक रहे जिनको एक वर्ष पहले सेवानिवृत्ति होना बताया गया है। मिल्कीपुर उपचुनाव की ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों में गड़बड़ झाला 21 जनवरी के प्रशिक्षण के लिए जारी पत्र से सामने आया है। चाहे वह समाजवादी पार्टी की तरफ से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय शुक्ल को पीठासीन अधिकारी बनाये जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रविजय सिंह को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सौंपा गया ज्ञापन हो या फिर सेवानिवृत्ति अध्यापक अरुण कुमार मिश्र का मामला। पहले प्रशिक्षण डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के के भौतिक संकाय में हो चुका है। दूसरा प्रशिक्षण 30 या 31 जनवरी को होना है। माना जा रहा है कि उससे पहले इन सब गड़बड़ियों को दूर कर लिया जाएगा जिससे मतदान को लेकर उसकी निष्पक्षता पर समाजवादी पार्टी अंगुली ना उठा सके।

तीन झोपड़ियों सहित समान जला

कुशीनगर। जिले के कसया थानांतर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड नम्बर 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (डुमरी) में क्ट्रेन की बनी तीन रिहायसी झोपड़ियों में लगी आग में समान, कपड़े, नकदी आदि जलकर राख गया।

जिला बार एसोसिएशन महामंत्री के जन्मदिन पर अधिवक्ताओं ने काटा केक, दी बधाई

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन प्रांगण मे महामंत्री अशोक कुमार वर्मा के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अधिवक्ताओ ने महामंत्री श्री वर्मा को फूल माला, मिठाई एंव केक काटकर बधाई देते हुये दीघार्यु होने की कामना की। इस अवसर पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश तिवारी, प्रणय बाजपेई, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल यादव, ओ0पी0 सिंह, राजेन्द्र गोस्वामी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

अंश निर्धारण में गड़बड़ी पर सिर्फ आवेदन करें, संशोधन केस की नहीं है जरूरतः सुमित सिंह

सोहावल-अयोध्या। खतौनी में सरकार द्वारा चलाई जा रही अंश निर्धारण प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर तेजी आ गयी है।इसका सुस्त पड़ा पोर्टल सक्रिय हो गया है। राजस्व विभाग में बचे खुचे मिल जुमला खतौनी धारकों का अंश निर्धारण करने का काम रफ्तार पकड़ रहा है। यही नहीं पूर्व में किये गये अंश निर्धारण प्रक्रिया में गड़बड़ी का शिकार बने खाता धारकों की परेशानी का हल निकालने की राह नये शासनादेश में आसान कर दी गई है। अब पीड़ित खाता धारकों को संशोधन के लिए तहसील में किसी प्रकार का कोई केस नहीं दर्ज कराना होगा। इन्हें केवल अधिकृत राजस्व विभाग के पोर्टल से शिकायती आवेदन ही करना है बाकी जांच पड़ताल कर खतौनी में दर्ज करने का काम विभाग स्वयं करेगा।बताते चले 159 राजस्व गांव वाले तहसील क्षेत्र में गत वर्ष खतौनी में अंश निर्धारण करने काम लंबे समय तक चलता रहा है। इस काम में लगे राजस्व विभाग के लेखपाल और कंप्यूटर संचालक कर्मियों की लापरवाही के चलते हजारों खाता धारकों के खाते में गलत अंश निर्धारण होने से खतौनी धारकों में भूचाल सा आ गया था। इसके सुधार को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक न्यायालयों में सैकड़ो मुकदमे दाखिल कर रखे हैं।जिससे खतौनी धारकों की जेब खाली कराने से लेकर शोषण का काम तेजी से चल रहा है। आयुक्त/ सचिव राजस्व परिषद द्वारा 30 दिसंबर 24 को जारी नए शासनादेश के क्रम में निर्देश है कि गड़बड़ी वाले खतौनी धारकों को अब कोई केस दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। केवल पोर्टल से अपना आवेदन देना होगा। विभाग जांच पड़ताल के बाद स्वतः खतौनी में संशोधन कर दर्ज कर देगा। तहसीलदार सोहावल सुमित सिंह ने कहा कि तहसील स्तर पर 90 प्रतिशत से ज्यादा खतौनी का अंश निर्धारण हो चुका है। बाकी बची खतौनी का अंश निर्धारण जल्द ही पूरा हो जायेगा। जिनके अंश निर्धारण में गड़बड़ी है। वह केवल निर्धारित पोर्टल से आवेदन कर दें।बाकी काम विभाग खुद पूरा करके खतौनी का अंश निर्धारण कर देगा।

गौरी यादव की असमय मौत से कांग्रेस पार्टी को बड़ी क्षतिः अजय राय

जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। गौरी यादव बहुत ही जुझारू और जमीन से जुड़ी संघर्षशील महिला थी। उनकी असमय हुयी मौत से कांग्रेस पार्टी को बड़ी क्षति हुयी है। उनकी कमी कांग्रेस संगठन को हमेशा खलती रहेगी। कांग्रेस परिवार उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। मै उनके बेटे अनुराग यादव से अनुरोध करूंगा की वह आगे बढ़कर अपनी स्वर्गीय मां के सपनों को पूरा करे और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक

- कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष के निधन पर आयोजित तेरहवी कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

मजबूत बनाने में अपना पूरा सहयोग दे। उक्त शोक संवेदना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष/पूर्व मंत्री अजय राय ने दिवगंत नेता जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गौरी यादव के ग्राम मौथरी में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के दौरान व्यक्त किये। तथा उनकी याद में पेड़ लगाकर तथा उनके बेटे को पगड़ी बांधकर साम्प्रदायिकता से लड़ने तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती पहुंचाने की जिम्मेदारी देते हुये व्यक्त की। इस अवसर पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, आनन्द प्रकाश गौतम, आदर्श पटेल, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, सना चैधरी मौजूद रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के योद्धाः सत्यभान सिंह

अयोध्या। नंदकानवेंट स्कूल के प्रांगण में विद्यालय परिवार द्वारा नंद कॉन्वेंट के प्रबंधक रजनीकांत नंद की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व सामाजिक न्याय के योद्धा जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका मालती तिवारी ने किया।मालती तिवारी,शैलेन्द्र कार्यकम के मुख्यअतिथि शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय के योद्धा थे,उन्होंने गरीबों की लड़ाई रहते और समाज को एक नई दिशा दिया,उन्होंने जातिवाद के खिलाफ थे और सामाजिक न्याय के लिए सबको जागरूक करते हुए एक बड़ा संदेश दे गए। उन्होंने कहा कि आज हम सबको एकजुट हो कर अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा। युवा शायर जनवादी लेखक संघ के कार्यकारी सचिव कोषाध्यक्ष मुजम्मिल फिदा ने कपूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया और कहा कि कपूरी ठाकुर ऐसे योद्धा थे जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दिया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बाबा दिनेश दास जी,स्कूल के प्रबंधक रजनीकांत,प्रधानाचार्य अनीता जी,शिक्षिका मीरा मिश्रा , मालती तिवारी,नीतू दिवेदी, सरिता गुप्ता, शिवांगी नंदा, रीना शर्मा, सिम्मी पटेल, संगम यादव अंकित मिश्रा, इंदू मैम, आकांक्षा वर्मा, शिक्षक मंगला प्रसाद मिश्रा, पंकज प्रजापति राजेश कुमार शर्मा शैलेंद्र मौर्य शशिकांत , सिद्धार्थ आनंद,सत्येंद्र सिंह,शशिकांत नंद,

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विकास भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बिजनौर। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वच्छता सहित एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के अंतर्गत लाभर्थियों को टूल किट, लैपटॉप, प्रधानमंत्री आवास की चाबी एवं ट्राईसाईकिल देकर लाभान्वित किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रांत के रूप में जाना जाता था।24 जनवरी, 1950 को उत्तर प्रदेश के रूप में मान्यता दी गई।उन्होंने उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ट्राईसाईकिल 100, बैसाखी 90 जोड़े, व्हीलचेयर 60 तथा 20 कान मशीन दिव्यांग जनों को वितरित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग एवं उद्योग प्रोत्साहन केंद्र बिजनौर के सौजन्य से 10 टूल किट एवं सिलाई मशीनों का भी वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाभार्थियों को चाबी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को लैपटॉप ओडीओपी आदि योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक, सीएम युवा योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित एवं स्वयं सहायता समूह की उत्कृष्ट कार्य करने वाली 05 महिलाओं एवं राज्य स्तर पर सम्मानित 02 किसानों को प्रशस्ति पत्र, खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले दो छात्राओं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो महिला प्रधानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के साथ-साथ जिला बिजनौर का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा अतिथिगणों को हैंडीक्राफ्ट की घड़ी एवं विदुर ब्रांड की किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बिजनौर इंदिरा सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं आम जन मौजूद थे।

बार एसोसिएशन सोहावल का शपथ ग्रहण संपन्न

सोहावल-अयोध्या। बार एसोसिएशन सोहावल इकाई का शपथ ग्रहण का आयोजन संपन्न हो गया। अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों और सदस्यों को माला पहनाकर उज्जवल कार्यकाल की कामना की गयी। वृहस्पतिवार को अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव महामंत्री अरुण कुमार दूबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार कोषाध्यक्ष हेमन्त कुमार दूबे उपाध्यक्ष प्रथम अंजनी कुमार दूबे उपाध्यक्ष द्वितीय संतोष कुमार रावत उपाध्यक्ष द्वितीय कृष्णनंदन श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री प्रथम मोहम्मद मुकीम संयुक्त मंत्री द्वितीय ओम प्रकाश मिश्रा सदस्य अनूप शुक्ला सदस्य माता बदल सदस्य नरवर नरेश मिश्रा सदस्य पंकज मौर्या आदि पदाधिकारियों ने शपथ लिया। इस अवसर पर एल्डर कमेटी/ चुनाव अधिकारी लखनधर तिवारी, विनय प्रकाश सिंह, राम सजीवन दुबे प्रयाग दत्त तिवारी पूर्व अध्यक्ष संकटा प्रसाद निषाद, वरिष्ठ अधिवक्ता राम यज्ञ तिवारी, पूर्व महामंत्री अनूप कुमार पाण्डेय,पूर्व अध्यक्ष कमलेन्द्र नाथ शुक्ला आदि अधिवक्ता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहे और अपना विचार व्यक्त किया।

जिले में समारोहपूर्वक मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में मा. उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की अध्यक्षता व मा. राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चैधरी, सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पॉल सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी व पार्टी पदाधिकारी सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। इस अवसर पर राष्ट्रगान का गायन भी हुआ। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन के प्रांगण में विभिन्न विभागों कृषि, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, ग्राम्य विकास, राजस्व, बैंक, कृषि, श्रम, महिला कल्याण, श्रम, समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कौशल विकास, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, आपूर्ति, पंचायत राज विभाग, आईसीडीएस इत्यादि द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ जनपद में सराहनीय कार्य करने वाले विभागों के अधिकारी, कर्मचारी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी महसी सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों, शिक्षकों, प्राविधिक सहायक, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, लाभार्थी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उद्योग के विभाग से सीएम उद्यमी योजना अभियान के लाभार्थियों को डेमो चेक का वितरण किया गया।

मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला आरक्षियों थाना रूपईडीहा की महिला आरक्षी प्रिया पाण्डेय, फखरपुर की शिल्पी सिंह, मुर्तिहा की रश्मि शुक्ला, मोतीपुर की लवली अग्रहरि व शालिनी, नवाबगंज की बिन्दु, मटेरा की राधा मिश्रा, रानीपुर की गोल्डी त्रिपाठी, महिला थाना प्रीति सोनकर, कोतवाली नगर की आयुषी दीक्षित व नानपारा की रीता यादव, वाचक कार्यालय की वन्दना मिश्रा, शाखा आर्थिक सहायता प्रकोष्ठ की विन्ध्यावासिनी पाठक, शाखा महिला सहायता प्रकोष्ठ की निहारिका वर्मा व भावना तिवारी को मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनपद में टॉप टेन में स्थान बनाने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. बहराइच की छात्रा कामिनी सिंह, सुमेधा सिंह, मुस्कान पाण्डेय व अर्शी खातून, सरस्वती विद्या मन्दिर माधवपुरी की प्राची, एन.एम. गर्ल्स एच.एस.एस. कानूनगोपुरा की आनिय शाह, श्री त्रिभुवन दत्त स्मारक यू.एम.वी. श्यू.एम.बी.रूपईडीहा की आन्या साहू व चैधरी ओंकार नाथ आईसी चन्द्र फखरपुर अंजली सिंह व बनवारी देवी इ.का. अशोक नगर खुटेहना की पलक श्रीवास्तव को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह, टिफिन बाक्स व फ्लास्क बॉटल देकर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

मोहम्मद तौफीक बने जिला अध्यक्ष

अमेठी। मोहम्मद तौफीक निवासी ग्राम महोना पश्चिम थाना शुकुल बाजार जिला अमेठी को डी के फाउंडेशन आफ फ्रीडम एंड जस्टिस के राष्ट्रीय सचिव की संस्तुति पर अमेठी जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया। मोहम्मद तौफीक ने बताया कि मानवाधिकार व न्याय के लिए, आर्गेनाइजेशन हमेशा लोगो के साथ जुड़ा रहेगा शीघ्र ही जिला की कमेटी का गठन कर न्याय हित मे काम किया जायेगा कानून की देवी के आँख पर काली पट्टी को हटाने मे बोर्ड आफ डायरेक्टर दानिश खान का अहम रोल रहा है।

सुभाष की जयंती पर किया रक्तदान

सुलतानपुर (वीओएल)। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जिला मेडिकल कालेज में रक्तदान करके पराक्रम दिवस मनाया। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही। भारत की आजादी में नेताजी द्वारा गठित आजाद हिंद फौज का योगदान यह देश कभी भूल नहीं सकता। नेता जी के नेतृत्व में गठित अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री नेताजी रहे, इस तरह से देखा जाए तो भारत के पहले प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष बाबू ही है। प्रवक्ता सर्वेश कुमार सिंह ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि सुभाष चंद्र बोस जी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे को साकार किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नेताजी ने बिना सत्ता बिना पैसे के पूरे विश्व में सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को संगठित कर आजाद हिंद सेना का निर्माण कर देश को आजादी दिलाया।

पिता की पुण्यतिथि पर बच्चों को दी पाठ्य सामग्री

लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर के समाजसेवी और वरिष्ठपत्रकार रहे प्रेम त्रिपाठी की पुण्यतिथि शुक्रवार को बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाई गई। लालगंज क्षेत्र के जूनियर विद्यालय उगाभाव के बच्चों को स्वर्गीय प्रेम त्रिपाठी के पुत्र अतुल त्रिपाठी और शिक्षिका आकांक्षा ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया। पाठ्य सामग्री और उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।वरिष्ठपत्रकार स्व.प्रेमचंद्र त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए अतुल त्रिपाठी ने कहा कि उनके पिता शिक्षा को बहुत महत्व देते थे। वह जरूरतमंदो की सदैव मदद करते थे। उनकी समाजसेवाओं को लोग आज भी याद करते हैं। वह सदैव दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते थे। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों मे प्रतिभा की कोई कमी नही है। सही दिशा मिलने पर वह मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं।पाठ्य सामग्री मिलने पर बच्चे चहक उठे। इस मौके पर शिक्षक अमरनाथ, जितेंद्र साहू, हरिओम, शरीफ, मुकेश, रंजना मिश्रा आदि मौजूद रहे।वही श्रद्धेय प्रेम त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर पत्रकार संघ अध्यक्ष सुशील शुक्ला, अशोक शुक्ला, अनंत विजय सिंह, मोहम्मद याकूब ,चंदन त्रिवेदी, उमेश सिंह, विकास तिवारी ,रामबाबू गुप्ता, शीतला गुप्ता, शशि राज पटेल,रणविजय सिंह, शिवम गुप्ता,यशपाल सिंह, सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ,रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, पुष्कर गुप्ता आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

सदर विधायक ने अमृत सरोवर बंदीपुर का किया लोकार्पण

रायबरेली। रायबरेली सदर विधायक अदिति सिंह ने अमृत सरोवर बंदीपुर का लोकार्पण किया। उन्होंने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत निर्मित अमृत-सरोवर बंदीपुर विकास खण्ड अमावां का लोकार्पण करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों द्वारा मनरेगा योजना से बनाये गये इस सरोवर में जल संरक्षण के उद्देश्य के साथ-साथ इसका सौन्दर्यीकरण करते हुये ग्रामवासियों के लिये स्थानीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। अमृत सरोवर में फेन्सिंग, शोभाकार वृक्षारोपण, इण्टरलाकिंग पाथ-वे, बैठने हेतु बेंच, इनलेट-आउटलेट, गेट व फ्लैग होस्टिंग स्टैण्ड आदि का निर्माण कराया गया है। सदर विधायक ने ग्रामवासियों को इस परिसम्पत्ति के निर्माण हेतु बधाई दी एवं अन्य ग्राम पंचायतों में इस तरह के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस तालाब की सौन्दर्यता को बनाये रखते हुये ग्राम सभा के स्तर पर ही इसकी साफ-सफाई व रख-रखाव की नियमित व्यवस्था की जायें। सदर विधायक द्वारा अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा अपने सम्बोधन के दौरान अमृत सरोवर के निर्माण से ग्रामीण पर्यटन व जल संरक्षण के लाभों पर ग्राम वासियों के साथ चर्चा की गयी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ-साथ विकास खण्ड के अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सांसद ने पत्रकारों का किया सम्मान

रायबरेली। विधानसभा ऊंचाहार के ऊंचाहार नगर में कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी सांसद के.एल शर्मा ने पत्रकार बंधुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व समाचार पत्र वितरकों को कम्बल वितरित किया। मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा आज पत्रकारों का सम्मान करते हुए बड़े गर्व की अनुभूति हो रही है, पत्रकार भाइयों का देश के विकास में बड़ा योगदान है। गांव की छोटी-छोटी जनसमस्याएं पत्रकार उठाते रहते हैं। पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजक अतुल सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना होते है, पत्रकार बन्धु निडर व निर्भीक होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ल, समन्वयक रोहित सिंह, विस प्रभारी महेश प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर बढ़ रहा आगे : सुरेश राही

- उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली। उप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर यूपी दिवस 2025 का आयोजन जीआईसी ग्राउंड में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास एवं विरासत पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री (कारागार) उत्तर प्रदेष सरकार सुरेश राही, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (वि0/रा0) अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा जनपद रायबरेली पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रायबरेली के ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया।इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, धनराशि के डमी चेक एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा यूपी बोर्ड कक्षा 10 व 12 की जनपद की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री राही ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हैं, उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का उद्देश्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत करना कि उत्तर प्रदेश ने विगत एक वर्षों में क्या उपलब्धि हासिल की है।उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविन्द कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, डीडीए अरुण कुमार, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित संबंधित अधिकारी, विभिन्न विभागों के योजनाओं के लाभार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहे।

सपा कार्यकर्ताओं ने राजू दास का पुतला किया दहन

गौरीगंज,अमेठी। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में गौरीगंज स्थित सपा कार्यालय पर राजू दास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।इस विरोध प्रदर्शन का कारण भाजपा नेता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर की गई अभद्र टिप्पणी था। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा लगातार इस प्रकार की गंदी और अपमानजनक टिप्पणियां करना समाज के लिए खतरनाक है।उन्होंने यह भी कहा कि राजू दास जैसे तत्वों को सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की टिप्पणी करने की हिम्मत न कर सके।कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुलायम सिंह यादव के विचारों और आदर्शों की महिमा का गुणगान किया।इस मौके पर चंद्रशेखर यादव, महेंद्र यादव मोनू, पंकज यादव, सूबेदार यादव, राकेश यादव, और गुंजन सिंह समेत कई सपा के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी राजेश मिश्र एडवोकेट, प्रवक्ता समाजवादी पार्टी द्वारा दी गई।

गांठ थी बाएं में, कर दिया दाएं अंडाशय का ऑपरेशन

सुलतानपुर (वीओएल)। चिकित्सकों की लापरवाही के मामले सुर्खियों में रहते हैं।ऐसा ही एक प्रकरण यहां सामने आया है।पीड़ित का आरोप है कि निजी अस्पताल के चिकित्सक ने उसकी पत्नी का बाएं की बजाय दायें अंडाशय का ऑपरेशन कर दिया।छह महीने बाद तबीयत खराब होने पर दूसरे अस्पताल में इलाज के दौरान इस बात का पता चला।सीएमओ द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है।पीड़ित ने अब केस दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। अयोध्या के बीकापुर निवासी अजय की पत्नी के बाएं अंडाशय में गांठ होने की बात बताते हुए जनवरी, 2023 में डा. एसके सोनी ने सिटी नर्सिंग होम में आपरेशन किया था। छह महीने बाद जब फिर से तकलीफ हुई तो पीड़िता ने शहर स्थित एक नर्सिंग होम में डा. मानसी तोमर से समस्या बताई। उन्होंने महिला के बाएं अंडाशय का आपरेशन कर उसे समस्या से निजात दिलाई। अजय ने प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। इस पर सीएमओ ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जेसी सरोज, डा. आरके कनौजिया, डा. सोनाली श्रीवास्तव और डा. राधेश्याम यादव की टीम बनाकर जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए। अब पीड़ित ने मामले में कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र सौंपा है। इस पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस विषय पर जब डा. एसके सोनी से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शिक्षा के प्रति किया गया जागरूकता

सुलतानपुर (वीओएल)। करौंदिया स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। प्री-प्राइमरी की अनुष्का और पीहू ने कविता प्रस्तुत की, जबकि कक्षा-4 की छात्राओं ने देशभक्ति गीत ह्यवंदे मातरमह्न और ह्यजहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां...ह्न गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा-6 के छात्र आदित्य सिंह ने मुख्य समाचार प्रस्तुत किया। कक्षा-8 की अग्रिमा सिंह, मेधा त्रिपाठी, और अभिषेक द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश की स्थापना, अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मस्थली और प्रयागराज के महाकुंभ पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कक्षा 1 से 7 तक की छात्राओं को आम के पौधे वितरित किए गए। उन्होंने बालिकाओं से पौधों की देखभाल का संकल्प करवाया और शिक्षा में उनके योगदान को सराहा। डॉ. सिंह ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्व को समझाते हुए बताया कि यह राज्य कई प्रधानमंत्रियों की कर्मभूमि रहा है। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य तन्वी गोयल और वरिष्ठ शिक्षकों समेत सभी ने भाग लिया। बालिका दिवस की थीम ह्यसुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तिकरणह्न को सार्थक करते हुए सभी ने बेटियों के अधिकार और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न आयोजन किये गए, साथ ही पराक्रम दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सफल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा श्रेया ने सुनहरे भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण विषय पर प्रेरक भाषण दिया तथा छात्रा अपर्णा ने गीत के माध्यम से छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, साथ ही लैंगिक समानता की शपथ दिलाई गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि प्रतिवर्ष बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। हमें बालिकाओं को बेहतर शिक्षा,स्वास्थ्य एवं पोषण देकर उन्हें बराबरी के अवसर मुहैया कराना होगा जिससे देश की प्रगति में उनकी समान हिस्सेदारी हो। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल ने विद्यालय की बालिकाओं को इस दिन के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें उपहार दिये। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, शाहीन खान, रामदेव, बी एस त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, आदित्य सोलंकी, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

महराजगंज, रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू महराजगंज में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला बनाकर जनसाधारण को जागरूक किया गया। इस दिवस की शुरुआत 2008 में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत में लड़कियों को प्रभावित करने वाले विभिन्न सामाजिक मुद्दों से निपटना था। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में विद्यालय स्थापित करने का उद्देश्य ही ये था कि हम बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दे सकें साथ ही जानकारी दी कि आगामी सत्र के लिए हमारे विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।

उन्मुखीकरण कार्यशाला में ब्लॉक को निपुण बनाने पर जोर

- उच्च प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित हुआ ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों की गोष्ठी

कूरेभार, सुलतानपुर । बेसिक विद्यालय में कायाकल्प और अन्य विकास कार्यों के संबंध में कूरेभार के बीआरसी पर शुक्रवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौनिहालो को पुरस्कृत किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डा. सीतासरण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की योजना के अनुरूप ग्राम पंचायत में स्थित परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत संतृप्त किया जाना है। इसमें प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान और संबंधित प्रधानाध्यापक आपसी तालमेल और एक दूसरे के सहयोग से 19 बिंदुओं पर संयुक्त रूप से कार्य कर सरकार और शासन निर्देश के अनुसार विद्यालयों को आधुनिक और संतृप्त बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालयों में कायाकल्प के अंतर्गत अधूरे कार्यों के संबंध में प्रधानाध्यापकों से सूचना देने का निवेदन किया, ताकि अधूरे कार्यों को पूरा कराया जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीकांत तिवारी ने कहा कि मिशन कायाकल्प के अंतर्गत अधिकांश स्कूलों में कार्य कराया जा रहा है।कुछ में कार्य पूरा भी हो चुका है। भारत निपुण लक्ष्य के अंतर्गत बच्चों को निपुण बनाने में ग्राम प्रधानों की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि शत प्रतिशत नामांकन में भी ग्राम प्रधान की भूमिका महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने सरकार द्वारा नौनिहालों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए ब्लॉक में शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। हम निपुण भारत लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे है।उन्होंने सभी से इसके लिए अतिरिक्त प्रयास पर जोर दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, राम चरन, सुभाष सिंह, मिंटू सिंह प्रदीप शर्मा, शिक्षक करुण सिंह, राजीव मिश्रा, रमेश मिश्रा, नीरज तिवारी, अंजना त्रिपाठी, तारावती वर्मा, अर्चना, मंजू लता राय, भारत वर्मा, चंद्र प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद का अपमान कर ही भाजपा : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

सुलतानपुर (वीओएल)। शहर के राजीव गांधी पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर कांग्रेस अब धरना प्रदर्शन करेंगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने नगर पालिका प्रशासन व भाजपा पर स्वामी विवेकानंद के अपमान का आरोप लगाते हुए तत्काल मूर्ति स्थापना को रोके जाने की मांग की है।

कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि कलेक्ट्रेट के सामने तिकोनिया पार्क जोकि राजीव गांधी पार्क के नाम से जाना जाता है। जिसमें प्रशासन की मिलीभगत से स्वामी विवेकानंद की छोटी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। जोकि भारत के महापुरूषों का अपमान है। राजीव गांधी एक राजनैतिक व्यक्ति रहे। जबकि स्वामी विवेकानंद को महात्मा का दर्जा दिया गया है। ऐसे में राजीव गांधी पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करना बिल्कुल उचित नहीं है। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेताओं ने जिला अधिकारी से स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति स्थापना के लिए सुरक्षित एवं स्वतंत्र स्थल की मांग की थी जिस पर तत्कालीन जिला अधिकारी ने कार्य रुकवा दिया और नगर पालिका के ई ओ से अन्य स्थल निश्चित कर मूर्ति स्थापना की बात कही थी।लेकिन मूर्ति स्थापना के लिए फिर से कार्य शुरू कर दिया गया जिसका विरोध किया जा रहा है। स्वामी जी सबके आराध्य संत है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की मूर्ति स्थापना के लिए यदि नगर पालिका के पास जमीन न हो तो कांग्रेसी जमीन देने के लिए तैयार है। यदि सही जमीन के स्थल का चयन नहीं हुआ तो 27 जनवरी को शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसियों ने पुराने नगर पालिका प्रशासन के प्रस्ताव का हलावा भी दिया। प्रेस वार्ता के दौरान शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, प्रवक्ता अमोल बाजपेई, नफीश फारूकी, हरीश त्रिपाठी, सुब्रत सिंह सनी, पवन मिश्रा कटावां आदि मौजूद रहे।

धारदार हथियार से युवक की हत्या

बछरावां, रायबरेली। बछरावां थानाक्षेत्र के सेंहगो पूरब ग्राम सभा के नव पुरवा में बीती रात अज्ञात हमलावरों ने युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल शांति व्यवस्था बना बरकरार रखने के लिए तैनात किया गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लवकुश चैरसिया पुत्र रामकुमार चैरसिया उम्र 32 वर्ष निवासी नव पुरवा सेंहगो पश्चिम घर के बगल में ही परचून की दुकान और पालेसर का काम करता था। देर रात 11 बजे तक जब घर पर नहीं आया तो परिवारी जनों ने खोज खबर शुरू की। वहीं खोजबीन के दौरान जब परिवारी जन छत पर चढ़कर देखने गए तो देखा की लव कुश का शव छत विक्षत हालत में छत पर पड़ा हुआ मिला। जिसको देखकर पारिवारिक जनों के रोंगटे खड़े हो गए अज्ञात हत्यारे ने निर्मम तरीके से लव कुश की हत्या की थी। जिसने भी यह मंजर देखा उसका दिल दहल गया कौन सी ऐसी दुश्मनी थी कि हमलावरों ने इस तरीके से हत्या की यह तो पुलिस की जांच के बाद ही पता चल सकेगा। अभी लगभग 20 दिन पहले लव कुश की दुकान में चोरी भी हुई थी क्या हत्या के तार इससे जुड़े हैं यह भी जांच का विषय है। मौके पर एसपी डॉ. यशवीर सिंह, सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल व बछरावां थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं गांव व आसपास शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए प्रशासन द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मृतक लव कुश चैरसिया की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक लवकुश अपने पीछे पत्नी मंजरी, 10 वर्षीय पुत्री पलक व 5 वर्षीय पुत्र लक्ष्य को रोता भी बिलखता छोड़ गया है। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि मौके का मुआयना कर रहे हैं व ग्रामीणों से बात की जा रही है जल्द ही घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

डेस्क बेंच पाकर बच्चे हुए प्रफुल्लित

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर में बच्चों के बैठने के लिए अनिल पंचवाल प्रबंधक आईडीबीआई बैंक पखनपुर के सहयोग से शुक्रवार 23 डेस्क बेंच बच्चों को उपलब्ध कराई गई। उपस्थित आईडीबीआई बैंक मुख्य शाखा सुल्तानपुर के प्रबंधक शेखर कुमार ने नौनिहाल बच्चों को आश्वस्त करते हुए भविष्य में भी बैंक द्वारा शिक्षण व्यवस्था संवर्धन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगड़ में दोनों प्रबंधकों द्वारा दो आम के पौधे रोपित करते हुए धरती को हरा भरा बनाने पर जोर दिया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक मनोज प्रभाकर सिंह ने आईडीबीआई बैंक परिवार का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के सहयोगी शिक्षकों के साथ साथ, अनिल सिंह, अनिल श्रीवास्तव, रश्मि बाला सिंह, आलोक सिंह, रवि सौरभ आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मी कांड का तीसरा आरोपी बाइक समेत चढ़ा पुलिस के हत्थे

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद पुलिस ने बीते दो जनवरी की शाम सफाईकर्मी के साथ मारपीट,लूट और जानलेवा हमले में वांछित एक नामजद समेत छह अज्ञात आरोपियों में से एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। बतातें चलें कि नसीराबाद थाना क्षेत्र के थौरी निवासी जयकरन सरोज (45) महाराजगंज ब्लॉक में सफाईकर्मी के पद पर तैनात है ।बीते 2 जनवरी को वह जब ड्यूटी से वापस अपने घर को लौट रहा था ।तभी गांव के बाहर पहले से ही कार में घात लगाए आरोपियों ने सफाईकर्मी का कार में जबरन भरकर अपहरण किया और 14 किमी दूर छतोह ब्लॉक के गांव पूरे भावा के पास कार से उतारकर हॉकी और लोहे की रॉड से जमकर पीटा था ।साथ ही आरोपियों ने सफाई कर्मी के पास से नकदी और मोबाइल भी लूट लिया ।राहगीरों के विरोध पर आरोपी सफाईकर्मी को मरणासन्न हालत में छोड़ कर फरार हो गए थे ।पुलिस ने पीड़ित की पत्नी निर्मला देवी की तहरीर पर गांव के एक नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था ।घटना मे आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की गयी थी। ।जहां शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना में एक और आरोपी राहुल सरोज को थाना क्षेत्र के सुजवरिया मोड़ के पास से बाइक समेत उस समय धर दबोचा ।जब आरोपी बाइक संख्या यूपी 33 सीबी 2251 से कहीं भागने की फिराक में था ।थाना प्रभारी कमलेश कुमार का कहना है कि घटना में वांछित अभियुक्त राहुल सरोज पुत्र कर्मराज उर्फ कर्मचंद्र निवासी कटरा हिम्मत सिंह वार्ड नं.3 थाना व जनपद अमेठी को बाइक समेत गिरफ्तार किया गया है ।बाकी बचे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहें है।

लघु अश्वमेध यज्ञ के भूमि पूजन में उमड़े श्रद्धालु

अमेठी । राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु आयोजित भूमि पूजन में अमेठी एवं आस-पास के जनपदों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र पंडित श्याम बिहारी दूबे ने भूमि पूजन सम्पन्न कराते हुए कहा कि आज जिस तरह से इस छोटे से आयोजन में अमेठी का जन मानस उमड़ा है उसे देखकर मार्च में होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्यता और दिव्यता का अनुमान हो गया है। निश्चित रूप में यह लघु अश्वमेध यज्ञ ऐतिहासिक होने वाला है । इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य अमेठी को मिला है।

उन्होंने कहा कि यज्ञ और गायत्री को परमपूज्य गुरुदेव ने बगैर किसी भेदभाव के जन-जन तक पहुँचाया। गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है और आज देश दुनिया को इसी की जरूरत है। भूमि पूजन में कार्यक्रम स्थल के भूमि प्रदाता सुभाष शुक्ला व उनकी पत्नी ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन किया। अमेठी नगर पंचायत की अध्यक्ष अंजू कसौंधा व फूल चंद्र कसौंधन, अशोक सिंह सहित 251 जोड़ों ने 24 कुण्डों पर यज्ञ किया।

मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह ने कहा कि अमेठी के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि बड़े आयोजन का केंद्र अमेठी बना है। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव ने समाज सुधार के जो आंदोलन चलाए हैं उनकी महती आवश्यकता है। उन्होंने गायत्री परिवार के नशामुक्ति अभियान और पौधारोपण अभियान की सराहना की।इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ अमेठी ने भव्य कलश यात्रा निकली।पीत वस्त्र में महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर एवं पुरुषों ने हाथ में धर्म ध्वजा फहराते हुए अंबेडकर तिराहा, गांधी चौक, राजर्षि तिराहा, एस०डी०एम० कॉलोनी, दुगार्पुर रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल देव यज्ञ नगर, बघवरिया दुगार्पुर रोड अमेठी तक प्रज्ञा गीत के साथ जन जागरण मंगल कलश यात्रा निकाली । अमेठी की सड़कें माँ गायत्री परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीया माताजी के जय घोष से गुंजायमान हुई। गायत्री परिवार की ओर से निकली इस कलश यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर लोग न सिर्फ बाहर आये बल्कि जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत भी किया ।कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने किया। उपजोन समन्वयक कैलाश नाथ तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमेठी विधायक महराजी प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य अरुण प्रजापति, जोन समन्वयक देश बंधु तिवारी, डॉ० सुधाकर सिंह, गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या के व्यवस्थापक राम केवल यादव, प्रभाकर सक्सेना, महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, गायत्री सिंह, दीपक सिंह, विजय लक्ष्मी सिंह, वेद प्रकाश आर्य सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।

सुलतानपुर व्यू पेज बना लोगों की पहली पसंद निरंतर बढ़ रही सचिन पुजारी की लोकप्रियता

सुलतानपुर (वीओएल)। सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां आप अपने विचारों को स्वतंत्रता के साथ अभिव्यक्त कर सकते हैं। माध्यम चाहे व्हाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, मैसेंजर कुछ भी हो, ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों, महानगरों तक पर इसका जुनून लोगों के दिलों दिमाग पर छाया हुआ है, ऐसे में अपना सुलतानपुर जनपद भी कैसे अछूता रह सकता है। जनपद के ही सचिन पुजारी ने सुलतानपुर व्यू नाम से इंस्टाग्राम पर पेज बनाया, जिसके जरिए जनपद की होने वाली हर छोटी बड़ी गतिविधियों को उन्होंने लोगों के सामने लाना शुरू किया और जिसका नतीजा यह हुआ कि आज उनका यह पेज 50,000 (पचास हजार) फॉलोवर्स के साथ निरंतर जनपद के लोगों की पहली पसंद बना हुआ है, सचिन पुजारी ने एक अनौपचारिक वातार्लाप में बताया कि वह अपने पेज को केवल पेज नहीं एक परिवार मानते हैं और उससे जुड़े हुए हर व्यक्ति को अपना दिशा निर्देशक जिनसे उन्हें कुछ नया सीखने को मिलता है, उन्होंने अपने प्रत्येक फॉलोअर को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि जनपद में होने वाली हर शासनिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, पारिवारिक, व्यापारिक गतिविधियों को इस पेज के माध्यम से लोगों के सामने लाने का प्रयास कर सकूं, जनपद वासियों के सहयोग को प्रणाम करते हुये निरंतर आशीर्वाद बनाये रखने की भी उन्होंने प्रार्थना की।

संक्षेप

टॉप 10 अपराधी को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान टॉप 10 अपराधी अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा हैवतपुर कट से एनएच 19 के सर्विस रोड पर इटावा की तरफ सिरसागंज से चैकिंग के दौरान टॉप 10 शातिर अभियुक्त राजीव कुमार पुत्र चिरंजी लाल निवासी गिहार कालोनी कस्वा व थाना सिरसागंज फिरोजाबाद को मय एक अवैध तमन्चा मय दो जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

नगर आयुक्त ने डैम्पियर नगर में किया निरीक्षण

मथुरा। नगर में साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत कार्य, प्रकाश अवस्था आदि व्यवस्थाओं को चाक चैबंद करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त शशांक चैधरी निरन्तर वार्डों में भ्रमण कर यहां पायी जाने वाली कमियों का निस्तारण त्वरित रूप से करा रहे हैं। आज नगर आयुक्त ने वार्ड 49 डेम्पियर नगर में नगर निगम द्वारा कराये रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद मनोज कुमार शर्मा, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, गोपाल गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जितेन्द्र सिंह जोनल सैनेटरी ऑफिसर, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने रेलवे लाइन से लेकर के आर डिग्री कॉलेज भैंस बहोरा तक सम्पूर्ण नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नाला सफाई हेतु रोस्टर प्लान तैयार करते हुये नाले की सफाई का कार्य कराया जाये। नाला सफाई कार्य की सतत निगरानी की जाये। नाला सफाई कार्य का फीडबैक लिये जाने हेतु स्थानीय निवासियों के मोबाइल नम्बर लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नाले के साथ-साथ वार्ड में भी सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

स्वास्थ्य विभाग ने किया रैली व गोष्ठी का आयोजन

मथुरा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक जन जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन आज प्रातः मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर किया गया। जिला स्तरीय महिला अधिकारी के रूप में डीपीआरओ किरण चैधरी ,डी एस टी ओ अजया चैधरी डीडीओ गरिमा खरे डीपीओ आईसीडीएस बुद्धि मिश्रा जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉक्टर शोभावती एवं कार्यालय में स्थित डीपीएमयू में डॉक्टर पारुल शर्मा ,फोजिया खानम नोडल अधिकारी एनएमटीसी डॉक्टर स्वाति जड़िया प्रिंसिपल एनएमटीसी अरेनिका लाल सभी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया साथ ही कार्यालय में एक गोष्ठी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा,एसीएमओ डॉक्टर संजीव यादव डॉक्टर आलोक कुमार ,डॉ अनुज चैधरी डॉ पियूष सोनी एवं नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉक्टर चित्रेश, डी एच ई आई ओ जितेन्द्र सिंह, कुलदीप मौजूद रहे एनएमटीसी की छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंची श्रीमद्भागवत

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के द्वारा भव्य एवं दिव्य श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा का आयोजन आज शुक्रवार को किया गया। श्रीविश्राम घाट पर यमुना महारानी के भव्य और दिव्य पूजा विद्वान पूजाचार्यो के द्वारा करायी गयी।

एस लक्ष्मीनारायणन एवं श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने माँ यमुनाजी का पंचामृत अभिषेक, पुष्रंगार आदि सामग्री से पूजन किया। तदोरान्त 1008 मंगल परिधानों में सुहागिन महिलाऐं कलश धारण कर श्रीमद्भागवत जी की यात्रा में सम्मिलित हुई। स्वर्ण मण्डित श्रीमद्भागवतजी के दर्शन कर ब्रजवासी और श्रद्धालुजन अल्हादित थे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर शोभायात्रा के पधारने पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया, श्रीमती जयन्ती डालमिया, डीआईजी शैलेष कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी अरविन्द कुमार, एसपी काइम सहित बड़ी संख्या में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारीगण एवं भक्तजन श्रीमद्भागवतजी के दर्शन कर पुण्य-क्षण के साक्षी बने। यह दिव्य एवं अलौकिक श्रीमद्भागवत जी शोभायात्रा दोपहर श्रीयमुनाजी एवं श्रीमद्भागवत जी के पूजन-अर्चन के उपरान्त विश्राम घाट से शुभारम्भ होकर स्वामीघाट, चैक बाजार, मण्डी रामदास, डीगगेट होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार (गेट नं0-1) पर पहुँची। इस भव्य शोभायात्रा में सर्वप्रथम प्रतीक चिन्ह के साथ घुड़सवार, शोभायात्रा के आगमन की सूचक मंगल ध्वनि करते हुए ढोल पार्टी चल रही थी। श्रीगणेश जी की झाँकी, बैण्ड के साथ 1008 मंगल कलश लिये सनातनी महिलाए श्रीमद्भागवतजी की अगुवाई कर रहीं थी। इस शोभायात्रा में विशेष रूप से सुसज्जित तीन विशेष वाहन (कार) और संकीर्तन की मंगल ध्वनि पर उद्दाम नृत्य करते हुऐ साधु-सन्तजन थे शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी थीं जो एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान थीं। इस स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा मार्ग में स्थान-स्थान व श्रीकृष्ण जन्मस्थान के प्रवेश-द्वार पर पुष्पवर्षा कर भक्तजन द्वारा स्वागत किया गया। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी का श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में स्थित श्रीभागवत-भवन में आज रात्रि पर्यन्त विश्राम होगा, तदोपरान्त श्रीमद्भागवत जी की स्थापना भागवत भवन में विराजमान महर्षि वेदव्यास जी के श्रीविग्रह के समक्ष कल प्रातः 8:00 बजे शास्त्रीय मयार्दाओं एवं विधान के साथ की जायेगी।

डीएम ने कलेक्ट्रेट सहित परिसर का किया औचक निरीक्षण

मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न अनुभागों / पटलों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने न्याय सहायक, स्थानीय निकाय व आंगल अभिलेखागार आदि कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों एवं पंजिकाओं के उचित रख-रखाव, कार्यालय में कार्य के प्रति बेहतर माहौल बनाने तथा जनसामान्य से संबंधित कार्यों को तत्परता से कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एलबीसी से आय तथा जाति प्रमाण पत्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जाए, जिससे कार्यालय अच्छे प्रदर्शित हो। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में भी साफ सफाई, रंगाई पुताई का कार्य कराया जाए। डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व कार्यालय के बाहर गंदगी पर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट में अन्य अनुभागों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए और दीवारों पर तीन से चार फिट ब्राउन कलर की पेंटिंग कराई जाए। नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के निरीक्षण के समय सबसे स्वच्छ और साफ सुथरा मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय की तारीफ करते हुए कहा कि इसी प्रकार सभी पटल साफ सुथरे होने चाहिए।

जिलाधिकारी ने न्यायिक अभिलेखागार, एसीएम न्यायालय एवं कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार , रेवेन्यू रिकॉर्ड के बारे में जानकारी की। शिकायत कक्ष में शिकायतों के अपलोडिंग एवं निस्तारण, विवेकाधीन कोष एवं इम्पेनल्ड हॉस्पिटल्स, आईजीआरएस की वर्तमान और पिछली रैंकिंग, असंतोषजनक फीडबैक के बारे में जानकारी ली। खनन एवं डीएलआरसी कार्यालय पहुंच खनन पट्टों और न्याय सहायक पटल पर भरे एवं रिक्त पदों, एनएसए, कुर्की, मजिस्ट्रियल जाँच, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्रों के बारे में जानकारी की। संयुक्त कार्यालय में प्रकीर्ण लिपिक, ईआरके, वरिष्ठ लिपिक सीलिंग, आयुध लिपिक से उनके कार्यों के बारे में जानकारी की। उन्होंने शस्त्र अनुभाग, ईआरके, राजस्व अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चकबंदी, ई डिस्ट्रिक्ट ऑफिस, आबकारी , जिला प्रोबेशन, स्टाम्प, खनन, कैंटीन सहित कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। डीएम ने कलेक्ट्रेट में स्थित कैंटीन का निरीक्षण किया। स्वयं सहायता समूह डूडा विभाग द्वारा संचालित कैंटीन में समूह दीदियों से बचत और कार्य की जानकारी ली।

दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य संध्या गौतम ने 4 जी टॉवर लगाने पर दिया जोर

टूंडला। भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनल व्यावसायिक क्षेत्र आगरा दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक होटल क्लार्क इन आगरा में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की अध्यक्षता एवं फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर के सहअध्यक्ष के रूप में आयोजित की गई बैठक में व्यवसायिक क्षेत्र के महाप्रबंधक श्याम सिंह ने दूरसंचार सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही एक वर्ष की उपलब्धियों व निगम द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया,बैठक में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा मनोनीत टूंडला निवासी संध्या गौतम ने टूंडला क्षेत्र में 4 जी टावर लगाया जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनल नेटवर्क ना आने का मुद्दा जोर जोर शोर से रखा। और उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के काम जीरो टॉलरेंस की नीति पर होने चाहिए। काम में देरी होने से बीएसएनएल के साथ सरकार की छवि पर भी असर पड़ता है। बैठक में आगरा व्यावसायिक क्षेत्र के डीएम पीयूष द्विवेदी डीसीएम अखिलेश कुमार के अलावा मथुरा इटावा,मैनपुरी एटा प्रचालन क्षेत्र के प्रमुख एवं अन्य अधिकारी और सलाहकार समिति सदस्य भी उपस्थित रहे।

एसएसपी ने परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया

फिरोजाबाद। एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा आगामी 26 जनवरी 76वें गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत होंने वाली परेड़ का रिजर्व पुलिस लाइन में परेड़ रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की सलामी ग्रहण की व मुख्य अतिथि के सांकेतिक आगमन के पश्चात ध्वजारोहण की कार्यवाही करते हुए परेड़ की सलामी ली गयी। परेड़ में सम्मिलित 8 टोलियों द्वारा मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि अभिवादन किया गया एसएसपी ने परेड़ में उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण का उत्साहवर्धन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड़ रिहर्सल के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण,समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्राइवेट कर्मचारियों के हाथों में रहती है निबंधन कार्यालय की जिम्मेदारी

आगरा। रिकॉर्ड रूम ही नहीं अधिकारियों के दफ्तरों में भी निजी कर्मचारियों की घुसपैठ है। यह प्राइवेट लोग विभाग के कई अधिकारियों के कम्प्यूटर आपरेटर पद पर हैं। तो कई अन्य रजिस्ट्री दफ्तरों में हैं। ऐसे में आशंका है कि यह निजी कर्मचारी भी फजीवाड़े संलिप्त हो सकते हैं। आशंका यह भी है कि रिकॉर्ड रूम में तैनात कर्मचारियों से भी इनकी साठगांठ हो सकती है। ऐसे में इन निजी कर्मचारियों पर शिकंजा कसा जाए तो और भी परतें खुल सकती हैं। बता दें कि आगरा जिले में दस निबंधन कार्यालय है। तहसील बाह, खेरागढ़, फतेहाबाद, किरावली एवं एत्मादपुर में एक-एक सब रजिस्ट्रार का दफ्तर है। वहीं प्रशासनिक जांच के खुलासे के बाद अब इन पर भी शिकंजा कसा जा सकता है।

अब सख्ती, पहले क्यों नहीं हुई : निबंधन विभाग के रिकॉर्ड रूम में अब सख्ती लागू कर दी गई है। बिना रसीद कटवाए किसी को मुआयना की अनुमति नहीं दी जा रही है। ढाई साल पहले लगे सीसीटीवी कैमरों से पहले की हेराफेरी पर कोई जानकारी नहीं है। गुरुवार को अधिवक्ता रसीद कटवाकर मुआयना करते दिखे।

निबंधन दफ्तर में बैठते हैं यह अधिकारी : तहसील सदर में पांच रजिस्ट्री दफ्तर हैं। इसके अलावा रिकॉर्ड रूम, एआईजी एवं डीआईजी के कार्यालय भी हैं। तहसील सदर के निबंधन कार्यालय में ऐसे निजी कर्मचारियों की संख्या एक दर्जन से अधिक बताई जा रही है।

बी.एस.ए इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन

मथुरा। बी.एस.ए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में ह्लविरासत एवं विकासः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशह्ल थीम पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासन द्वारा नामित मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री / राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत मंत्री सन्दीप सिंह बेसिक शिक्षा विभाग, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की गरिमामयी उपस्थिति में उपकरण वितरण समारोह आयोजित कर जनपद मथुरा के 14 पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, 35 पात्र दिव्यांगजनों को व्हील चेयर तथा 12 पात्र दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए, जिसमें मौके पर विमलेश, ओम प्रकाश, अशोक तथा ओम प्रकाश को ट्राइसाइकिल, सिया उपाध्याय, मेघा बंसल, विनीता, सुरेन्द्र तथा नैतिक को व्हील चेयर एवं अंजली, आहिल, आमिर, राधा बल्लभ तथा अभय को श्रवण यंत्र वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के उपरांत मंत्री जी ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिनमें महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, बाल विकास, पुलिस विभाग, महिला कल्याण, उद्योग, सेवायोजन, पंचायती राज, खादी ग्राम उद्योग, समाज कल्याण सहित अन्य कई विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अधिकारियों एवं भारी संख्या में जन सामान्य ने अवलोकन किया। समारोह में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसे उपस्थित युवाओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सुना। इस लाइव प्रसारण में प्रदेश सरकार की नई योजनाओं और विशेष कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी ने उद्यमी विकास योजना का शुभारंभ भी किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश दिवस की थीम ह्लविकास और विरासतः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशह्ल पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली विद्यार्थियों एवं गीता शोध संस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

महाकुम्भ में पहुंचे शारदा पीठ शंकराचार्य स्वामी सदानंद

आगरा। प्रयागराज महाकुम्भ में आज सायं श्रीमनकामेश्वर नाथ मंदिर के शिविर में श्री शारदा पीठ द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज का आगमन हुआ। महंतश्री योगेश पुरी ने पादुका पूजन कर शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महंतश्री योगेश पुरी के साथ स्वामी सदाशिव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने भी शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाकुम्भ में लगे बाबा मनकामेश्वर नाथ के शिविर में नियमित रूप से भक्तों के साथ ही अति विशिष्ट लोगों का आगमन हो रहा है। विगत गत रात्रि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल भी शिविर में पहुंचे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा प्रकल्प एक थाली एक थैला का अवलोकन किया। विहिप के अंतराष्ट्रीय संरक्षक बड़े दिनेश जी और अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास आचार्य श्री सलिल कृष्ण भी बाबा मनकामेश्वर नाथ के दर्शन के लिए शिविर में पहुंच चुके हैं। मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने सभी को शॉल ओढ़ाकर बाबा का श्रीचित्र भेंट किया। शिविर में ठहरे विजय गोयल (स्पीड कलर लैब) ने सभी विशिष्ट जनों को शिविर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। प्रयागराज में रह रहे आगरा के निवासी भी नियमित दर्शन को शिविर में पधार रहे हैं। भक्तों द्वारा नियमित बाबा मनकामेश्वर नाथ का रूद्राभिषेक भी किया जा रहा है। महाकुंभ में श्रीमनकामेश्वर नाथ मंदिर मठ का शिविर संगम स्थल प्लाट नंबर 50, सेक्टर 9 में लगा है। शिविर को 100 गुना 150 वर्गफीट में तैयार किया गया है। शिविर में 50 बिस्तर की डोरमेट्री के साथ बाबा का भव्य मंदिर भी है। सत्संग हॉल में मंदिर के श्रीमहंत योगेश पुरी विराजमान हैं और यहीं संत- महात्माओं के बैठने के स्थान के साथ आध्यात्मिक परिचर्चा होती है। भोजनालय भी बनाया गया है।

तहसील में फार्मर रजिस्ट्री कैंप लगा

टूंडला। फार्मर रजिस्ट्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में कृषकों के नाम में आ रही विसंगति को देखते हुए तहसील टूंडला में शुक्रवार को विशाल कैंप लगाकर किसानों के नाम और उनके गाटे खाते में अंश की गलतियों को दुरुस्त कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का कार्य किया गया। कैंप में सभी लेखपाल कानून तथा अन्य अधिकारी गण तहसील सभागार में उपस्थित रहकर खातेदारों के नाम और उनके गाटा खाते में आ रही विसंगति को दूर करने के लिए उपस्थित रहें। तहसील प्रांगण में फार्मर रजिस्ट्री कैंप में किसानों की बड़ी संख्या में भीड़ देखने को मिली जहां किसान सुबह से ही प्रार्थना पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज बैनामा की कॉपी परिवार रजिस्टर की नकल आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड आदि लेकर तहसील में पहुंचे और सभी कृषकों का खाता दुरुस्त किया गया वहीं कुछ किसानो का अंश गलत होने पर उस किसान को बैनामा की कॉपी या अपने सह खातेदारों की सहमति शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने को निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीएम डॉ.गजेंद्र पाल सिंह तहसीलदार राखी शर्मा सभी क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

बाइक स्टंट करने पर किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में रेसर बाइक से स्टंट करने वालों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी यातायात व प्रभारी निरीक्षण दक्षिण मय पुलिस टीम द्वारा फैजान पुत्र असलम निवासी हाजीपुरा जाटवपुरी थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को जैन मंदिर चौराहे के पास से स्पोर्ट बाइक जो मोडिफाइड़ साइलेंसर लगाए हुए है एवं जिससे हैवी आवाज निकल रही थी, को हिरासत लेकर उक्त बाइक को सीज करते हुए 27,500 रुपए का चालान किया गया है साथ ही फैजान के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लाई गयी।

कैंटर ने कार में मारी टक्कर, दो की मौत लेकर परिजनों ने डॉक्टरों से की मारपीट

मथुरा। आगरा-दिल्ली हाईवे पर जैत क्षेत्र में कैंटर ने एक कार में टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को केडी मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गये। बताया जा रहा है कि घायलों के साथ आए ग्रामीण आक्रोशित हो गए और डाक्टरों से अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। जिससे अस्पताल में जमकर हंगामा होता रहा। हंगामे की सूचना पर कई थाना को पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। इस मामले में थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया है। छाता थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर निवासी 24 वर्षीय गिरधर सिंह निजी कंपनी में बाहर काम करता था। वह इन दिनों अपने घर आए हुए थे। गुरुवार की रात करीब 10 बजे वह अपने गांव के ही साथी 21 वर्षीय देवेंद्र सिंह एवं रामकिशन के साथ अपनी कार से किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मथुरा आ रहे थे। तभी जैंत थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे स्थित केएफ्सी फूड कोर्ट के पास छाता की ओर से आ रहे एक कैंटर ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद पुलिस ने घायलों को केडी मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती करा दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद गिरधर व देवेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामकिशन की हालत गंभीर बनी है। घटना की जानकारी मिलते ही रात करीब 12 बजे परिजन हॉस्पिटल की इमरजेंसी पहुंचे और दोनों युवकों के शव देख हंगामा करने लगे। चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट कर दी और जमकर हंगामा करने लगे। इस मामले में अस्पताल प्रशासन की तरफसे छाता थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया है कि डॉ. धनंजय सिंह, कृष्णकांत व आशीष रात को इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे थे।

बदलते उत्तर प्रदेश के समृद्ध बनते मथुरा का निवासी होना सभी का सौभाग्यः प्रभारी मंत्री

मथुरा। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उत्तर प्रदेश जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र के निवासी है। उन्होंने राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आयुष्मान योजना और पीएम आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने प्रदेश को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए हर स्तर पर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा, ह्लआज का उत्तर प्रदेश बदलते भारत का बदलता प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, और औद्योगिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। एक जनपद एक उत्पाद जैसी योजनाओं को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाएं आम जनता तक पहुँच रही हैं और उन्हें इनसे लाभान्वित भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है और हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। विधायक मांट राजेश चैधरी ने कहा कि हम सबका सामूहिक उद्देश्य जनपद का समग्र विकास करना है। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेशबनाने में मथुरा की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जनपद के लोगों की मेहनत और प्रयास प्रदेश के विकास में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि वे प्रदेश के निर्माण, विकास, उन्नति, समृद्धि, सशक्तिकरण और इसे देश के उत्तम प्रदेश के रूप में विकसित करने में अपना सक्रिय योगदान दें। डीएम ने उन सभी व्यक्तियों की सराहना की, जिन्होंने अपने प्रयासों से मथुरा का नाम विभिन्न क्षेत्रों में गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सांसद के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, डीडीओ गरिमा खरे, पीडी डीआरडीए अरुण कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चैधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, लाभार्थी एवं जन सामान्य उपस्थित रहे।

गौशाला में गायों के रखरखाव के लिए लोग करते हैं लाखों का दान, गायों की हो रही दुर्दशा

आगरा। मामला श्री कृष्ण गौशाला का है जहां एक गाय की मौत हो गई वहीं दो गाय बीमार अवस्था में पड़ी हुई है जिसमें से एक गाय लहूलुहान अवस्था में मिली वहीं के पालतू कुत्ते ने हो सकता है गाय को किया हो घायल । श्री कृष्ण गौशाला में नरकीय हालात मैं जीवन जीने को मजबूर बेजुबान गाय घुटनों घुटनों तक की गंदगी में अपना जीवन यापन कर रही बेजुबान गाय । सफाई कर्मी के मुताबिक गौशाला के कार्यालय में कई बार गंदगी की शिकायत करने पर जिम्मेदारों ने नहीं लिया मामले को गंभीरता से लापरवाह जिम्मेदारों की वजह से गौशाला में आए दिन होती रहती है घटनाएं । सर्दियों के मौसम में गायो के लिए सर्दि से बचाव की नहीं है कोई व्यवस्था । गंदगी का अंबार इतना की एक ही पोजीशन में खड़े रहने को मजबूर गाय । लहूलुहान गाय के पास बह रहे खून को चाटता दिखाई दिया कुत्ता जो की फोटो में साफ दिखाई दे रहा है । जिम्मेदारों पर नहीं है इसका कोई जवाब । बड़ा सवाल जहां एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौशालाओं में गायों के रखरखाव को देते हैं प्राथमिकता का दर्जा वहीं दूसरी तरफ तस्वीर साफ बयां कर रही है की गौशालाओं में गायों की किस तरह हो रही है दुर्दशा । आगरा जनपद में बहुत से ऐसे गौशाला है जहां लोगों ने गौशाला के नाम पर गौशालाओं को बना रखा है अपने धंधे का जरिया ।

विभिन्न गतिविधियों के बीच मना राष्ट्रीय बालिका दिवस

- रेड टेप मूवमेंट, पौधरोपण व मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छ्ता, पर्यावरण टीबी मुक्त फिरोजाबाद और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश

फिरोजाबाद। अंतराष्ट्रीय शिक्षा दिवस राष्ट्रीय बालिका दिवस, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025 एवं चर्चित फाउंडेशन स्थापना दिवस के अवसर पर शासन प्रशासन की मंशा के अनुसार बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने,उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से सीएल जैन महाविद्यालय में महिला कल्याण विभाग जनआधार कल्याण समिति, नगर निगम व साइबर सेल टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,मिशन शक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत एक अनूठी पहल की शुरूआत करते हुए छात्रा प्रिंशी पाराशर को कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया और उसकी अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रजमोहन सिंह, पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार,कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल,संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ, साइबर सेल टीम से लखन वैष्णव संतोष कुमार,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वैभव जैन एवं प्रोफेसर जी.सी.यादव डॉ.सर्वेश यादव, डॉ.रश्मि जिंदल,डॉ.अरुण यादव, डॉ.उषा सिंह,डॉ.हेमलता यादव, डॉ.संजय सिंह डॉ.प्रदीप जैन डॉ. के.के.सिंह,डॉ.कुबेर सिंह,डॉ.एसपी सिंह,डॉ.राहुल चतुवेर्दी सहित दीपक कुमार,शिवानी गोयल,राहुल कुमार व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही छात्रा प्रिंशी पाराशर व शुभांगी जैन सहित वृक्ष पर रेड टेप मूवमेंट कर वृक्षारोपण किया व मानव श्रृंखला बनाते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ -भारत को टीबी मुक्त बनाओ के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण, वच्छ्ता व टीबी मुक्त फिरोजाबाद का संदेश दिया और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार व महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं तथा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं, हेल्प लाइन नंबरों तथा उनके अधिकारों,साइबर क्राइम टीबी आदि के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा ने किया।राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम,'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण₹ पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक शानदार पोस्टर बनाए।समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन व बनाए गए पोस्टरों की सराहना करते हुए महिला कल्याण विभाग संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व स्पॉन्सरशिप योजना एवं राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर डॉयल 112, एंबुलेंस सेवा 102,108 साइबर क्राइम 1930, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181,1090 के साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के विषय में विस्तार से समझाया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साइबर सेल टीम से लखन वैष्णव एवं संतोष कुमार ने आए दिन हो रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि, साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जा सकता है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रजमोहन एवं जिला पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार ने क्षय रोग के प्रति जागरूक करते हुए जनपद में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य मिशन 2025 टीबी मुक्त भारत के साथ साथ निक्षय पोषण योजना आदि के विषय में विस्तार से बताया।नगर निगम फिरोजाबाद के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल ने समस्त छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।सीएल जैन महाविद्यालय प्राचार्य वैभव कुमार जैन व डॉ. रश्मि जिंदल ने शिक्षा की शक्ति पर जोर देते हुए उसके महत्व व आवश्यकता के विषय में विस्तार से बताया और मिशन शक्ति के तहत जागरूक करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

संक्षेप

फ्लिपकार्ट ने की क्राफ्टेड बाय भारत के नौवें संस्करण की घोषणा

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने अपने फ्लैगशिप इवेंट क्राफ्टेड बाय भारत के नौवें संस्करण की घोषणा की है। फ्लिपकार्ट समर्थ के तहत इस सेल का आयोजन 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। यह सेल इवेंट भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं विविधता के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के विविध ब्रांड्स के विशेषरूप से चुने गए 1.2 लाख से ज्यादा हस्तशिल्प उत्पाद पेश किए जाएंगे। शॉपर्स को वरली, पटचित्र, मधुबनी, पिचवई व अन्य समेत 300 से ज्यादा पारंपरिक कलाओं से जुड़ी कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इन कलाकृतियों के माध्यम से देश के शिल्पकारों एवं कलाकारों के कौशल एवं उनकी कला को सभी के सामने रखने का मौका मिलेगा। फ्लिपकार्ट के क्राफ्टेड बाय भारत का नौवां संस्करण पेश करते हुए हम उत्साहित हैं, जो भारत की अद्वितीय एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। ज्यादा ग्राहकों को अनूठे हस्तनिर्मित उत्पाद एवं सांस्कृतिक महत्व की वस्तुएं खरीदने का मौका देंगे, जिन्हें हमारे फ्लिपकार्ट समर्थ पार्टनर्स ने तैयार किया है।

उज्जीवन स्माल बैंक ने की वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा

बंगलुरु। उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उज्जीवन स्मल फाइनेंस बैंक के व्यावसायिक प्रदर्शन का सारांश - प्रमुख विशेषताएं: ग्रस लोन बुक में सालाना 9.8प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही 0.4प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे यह 30,466 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। दिसंबर 2024 तक सिक्योर्ड बुक 39.3प्रतिशत रहा, जो दिसंबर 2023 में 28.3प्रतिशत और सितंबर 2024 में 34.9प्रतिशत था। सुरक्षित कर्ज खाते में तिमाही के हिसाब से 13.3प्रतिशत और सालाना 52.0प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही एक शानदार तिमाही रही, जिसमें लोन बुक के विविधीकरण में निरंतर सुधार देखा गया है। उन्होंने बताया कि उनकी रणनीति, जो अधिक सुरक्षित सिक्योर्ड बुक पर केंद्रित थी, ने जल्दी और प्रभावी परिणाम दिखाए हैं।

प्योर ईवी ने किया एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च

गुवाहाटी। प्योर ईवी ने आज एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूजर एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं।

हिसाब बराबर में वापस आ रहे हैं आर. माधवन

बंगलुरू। आर. माधवन के प्रशंसक पिछले साल मार्च में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फि ल्म शैतान में उनको आखिरी बार देखने के बाद से स्क्रीन पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि माधवन अपनी नई डायरेक्ट-टू-डिजिटल फिल्म हिसाब बराबर में वापस आ रहे हैं, जो अब जी5 पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीमिंग की जा रही है। यह फिल्म 2024 के आखिर में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ प्रदर्शित की गई थी, जिससे दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला है। हिसाब बराबर में माधवन एक साधारण व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं, जो सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू करता है।

उत्कर्ष एसएफबीएल ने किया बैंकिंग आउटलेट मजबूत

नई दिल्ली। उत्कर्ष एसएफबीएल अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। लखनऊ में लॉन्च के साथ, बैंक देश भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट और उत्तर प्रदेश राज्य में 215 तक पहुँच गया है।

सेंसेक्स में 330 अंकों की गिरावट

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और दो दिनों की तेजी के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में 330 अंक और निफ्टी में 113 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों ने रियल्टी, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में निवेश घटा दिया। विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 329.92 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 76,190.46 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 428.63 अंक गिरकर 76,091.75 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 113.15 अंक यानी 0.49 प्रतिशत गिरकर 23,092.20 पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयरों में पिछले दो दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबारी सप्ताह का भी समापन गिरावट के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 428.87 अंक यानी 0.55 प्रतिशत और निफ्टी में 111 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वाहन, तेल एवं गैस और रियल्टी शेयरों में बिकवाली के बीच बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आए तगड़े सुधार ने गिरावट को थामने का काम किया। तापसे ने कहा कि आगामी बजट की घोषणा के पहले निवेशकों के सतर्क रुख ही अपनाए रखने की संभावना दिख रही है। बीएसई के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, नेस्ले, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 2.23 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि तेल एवं गैस खंड में 2.30 प्रतिशत, औद्योगिक खंड में 2.22 प्रतिशत और वाहन खंड में 1.69 की गिरावट रही। बाजार में धारणा इतनी कमजोर है कि उम्मीदों के अनुरूप तिमाही नतीजे आने पर भी बिकवाली होने लग रही है। छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में दबाव के बावजूद बड़ी कंपनियों के शेयर थोड़ा प्रतिरोध दिखा रहे हैं।

ईएसआईसी ने नवंबर में 16.07 लाख नये सदस्य जोड़े

नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 16.07 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा। यह पिछले साल के इसी महीने की तुलना में लगभग एक प्रतिशत अधिक है।

श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ईएसआईसी ने नवंबर 2023 में 15.92 लाख नए सदस्य जोड़े थे। बयान के अनुसार नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में 0.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों (नियमित वेतनमान पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के आंकड़े) से पता चलता है कि नवंबर 2024 में 16.07 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। नवंबर 2024 में ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में 20,212 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं, जिससे अधिक श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बयान में कहा गया है कि समीक्षाधीन महीने में जोड़े गए कुल 16.07 लाख कर्मचारियों में से 7.57 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। यह आंकड़ा कुल पंजीकरण का लगभग 47.11 प्रतिशत है। पेरोल डेटा के स्त्री-पुरूष आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर 2024 में शुद्ध रूप से 3.28 लाख महिला सदस्य ईएसआईसी की योजना से जुड़े। बयान के अनुसार, नवंबर 2024 में ईएसआई योजना के तहत कुल 44 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को भी पंजीकृत किया गया है, जो समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। बयान के अनुसार पेरोल आंकड़े अस्थायी है, क्योंकि आंकड़ों का संग्रह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

बैंक ऑफ जापान ने की ब्याज दर बढ़ाकर 0.50 प्रतिशत

एजेंसी

तोक्यो। बैंक ऑफ जापान (बीओजे) ने अपनी प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.50 प्रतिशत कर दिया है।

बैंक के अनुसार, मुद्रास्फीति को वांछनीय लक्ष्य स्तर पर बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया। केंद्रीय बैंक का यह निर्णय शुक्रवार को तोक्यो में दो दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिया गया। बैंक ऑफ जापान के गवर्नर काजुओ उएदा के दिन में पत्रकारों के साथ बातचीत करने की उम्मीद हैं। हालांकि वह पहले कई मौकों पर इस बात के संकेत दे चुके थे कि यह कदम उठाया जा रहा है। हालही में जारी मूल्य आंकड़ों से पता चलता है कि मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य के आसपास बनी है। बैंक ऑफ जापान ने पिछले वर्ष मार्च में 17 वर्षों में पहली बार ब्याज दर में वृद्धि की थी। जापान का रुख अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय सेंट्रल बैंक से अलग है, जो मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए दरें बढ़ाने के बाद अब उन्हें कम कर रहे हैं। अमेरिकी फेडरल ने हाल ही में संकेत दिया था कि वह दरों में कटौती की गति धीमी करेगा।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.88 अरब डॉलर घटकर 533.13 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.63 लाख डॉलर बढ़कर 68.95 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10 लाख डॉलर घटकर 17.78 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.12 अरब डॉलर रहा।

जीएसटी के तहत अस्थायी पहचान संख्या प्राप्त करने वाली संस्थाओं के लिए नियम किये अधिसूचित

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि जिन संस्थाओं को जीएसटी पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जीएसटी अधिनियम के प्रावधान के तहत कर भुगतान करना आवश्यक है, वे अब अस्थायी पहचान संख्या (टीआईएन) प्राप्त कर सकती हैं।

सीबीआईसी ने जीएसटी नियमों में संशोधन को अधिसूचित किया है, ताकि उन संस्थाओं को टीआईएन जारी किया जा सके, जिन्हें जीएसटी अधिनियम के तहत पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उन्हें कुछ विशिष्ट प्रावधानों के तहत भुगतान करने की आवश्यकता है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र में क्रमशः 40 लाख रुपये और 20 लाख रुपये वार्षिक कारोबार वाले व्यवसायों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है।

सीबीआईसी ने केंद्रीय जीएसटी नियमों में नियम 16ए पेश करते हुए कहा कि जहां कोई व्यक्ति अधिनियम के तहत पंजीकरण के लिए उत्तरदायी नहीं है, लेकिन उसे अधिनियम के प्रावधान के तहत कोई भुगतान करना आवश्यक है, वहां उचित अधिकारी उक्त व्यक्ति को एक अस्थायी पहचान संख्या प्रदान कर सकता है। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में ऐसी संस्थाओं को टीआईएन जारी करने का निर्णय लिया था।

डब्ल्यूटीओ ने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की मजबूती पर दिया जोर

दावोस। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने शुक्रवार को बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, खंडित आर्थिक परिवेश और एकतरफा कदमों से जुड़े खतरों को ध्यान में रखते हुए नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने की वकालत की।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की यहां आयोजित सालाना बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित अनौपचारिक मंत्रिस्तरीय बैठक में मौजूदा आर्थिक परिदृश्य से जुड़े खतरों को लेकर आगाह किया गया। इस बैठक में डब्ल्यूटीओ के 23 सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्विट्जरलैंड के संघीय पार्षद गॉय पर्मेलिन ने इस अनौपचारिक बैठक की मेजबानी की। इसमें डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला और निजी क्षेत्र के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। बैठक में डब्ल्यूटीओ और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के साथ मौजूदा चुनौतियों और संगठन की गतिविधियों में प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपने दृष्टिकोण से वैश्विक व्यापार की मौजूदा चुनौतियों को पेश किया। स्विस सरकार ने एक बयान में कहा कि निजी क्षेत्र के साथ बातचीत में डब्ल्यूटीओ द्वारा समर्थित नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के महत्व पर बल दिया गया। इसमें कहा गया कि व्यापारिक तनाव की अवधि में स्थिर नियामकीय स्थितियां और कानूनी निश्चितता अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोपरि हैं। बैठक के दूसरे भाग में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ के सबसे जरूरी कार्यों और 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की प्राथमिकताओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। यह सम्मेलन कैमरून की राजधानी याउंडे में लगभग एक साल बाद आयोजित किया जाएगा।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे चढ़कर 86.22 पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 22 पैसे चढ़कर 86.22 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कमजोर कीमतों ने भी रुपये को समर्थन दिया, जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला।

व्यापारियों ने आगे कहा कि आगामी केंद्रीय बजट बाजार की धारणा और रुपये की दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.31 पर मजबूती के साथ खुला। सत्र के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.16 के उच्च तथा 86.36 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में यह 86.22 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो डॉलर के मुकाबले 22 पैसे की बढ़त है। बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 86.44 पर रहा था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.44 पर रहा। डॉलर सूचकांक हाल ही में ट्रंप प्रभाव के इर्द-गिर्द बढ़ती अनिश्चितता के कारण 110 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कम होने और ट्रंप से जुड़े जोखिम कम होने के कारण डॉलर सूचकांक में यह तेजी बरकरार रहने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में तत्काल कटौती का आह्वान किया, जिससे डीएक्सवाई (डॉलर सूचकांक) के लिए नकारात्मक धारणा उत्पन्न होगी। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.47 प्रतिशत चढ़कर 78.66 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 329.92 अंक टूटकर 76,190.46 अंक पर बंद हुआ।

सिग्निफाई ने यात्रा का मार्ग रोशन किया

अयोध्या। भव्य स्तर के आध्यात्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। इस साल इस विशाल धार्मिक समागम में 45 करोड़ लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। महाकुंभ 2025 के इस आध्यात्मिक सफर में लाइटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई अपने इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधानों द्वारा श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव बेहतर बना रही है। अपने इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने विमान मंडपम, शास्त्री ब्रिज को रोशन किया है, तथा कुंभ मेला ग्राउंड्स में सोलर लाइटें लगाई हैं।

पाँच कॉइन डिस्ट्रीब्यूशन वैन का शुभारम्भ

लखनऊ। आज पंकज कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, लखनऊ और शरद चांडक, मुख्य महाप्रबन्धक, एसबीआई, लखनऊ मण्डल एवं दीपक कुमार दे, मुख्य महाप्रबन्धक, एसबीआई के द्वारा आम जन को सिक्के वितरण हेतु पाँच कॉइन डिस्ट्रिब्यूशन वैन का शुभारम्भ किया गया। ये पाँच वैन बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर एवं वाराणसी जिलों के शहरी, उपनगरीय, ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों मे चलाई जाएँगी। उक्त वैन द्वारा आम जनता के मध्य सिक्के वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा वैन द्वारा आम जनता को साइबर अपराध धोखाधड़ी के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, उप महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष

पूर्व सरकारों ने

किया। आदित्यनाथ ने महाकुंभ का हवाला देकर जातिवाद पर प्रहार किया और कहा कि महाकुंभ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती होने के साथ विकास की राह में बाधा है। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र के डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सभा में कहा, समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। आदित्यनाथ ने कहा यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने देख सपाई, बिटिया घबराई नारा देकर कहा कि दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। उन्होंने कहा कि बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है।

योगी सरकार

अवैध प्रवासियों की समस्या पर भी बात की और कहा कि करोड़ों लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। ये लोग चुनाव में भूमिका निभाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध लोग दुनिया भर में बड़ी समस्या हैं लेकिन इससे निपटने की जरूरत है। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 7 सालों में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना, यह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में कोई बाधा नहीं आयेगी। यह एक अच्छी स्कीम है। मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के उत्तम प्रदेश बनाने के लिए चमत्कारिक कार्य किया है। एक समय पहले यूपी बीमारू राज्य की श्रेणी में आता था। जब से मुख्यमंत्री पद की बागडौर योगी आदित्यनाथ ने संभाली है तब से यूपी ने एक लम्बी छलांग लगाकर 19वें स्थान से दूसरे स्थान पर आ गया है। अपराध में भारी गिरावट आयी है, आप अपराध का प्रतिघात करते है और जो कुठाराघात होता है उसका संदेश उत्तर प्रदेश के बाहर तक जाता है।

राज्य को

जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे 'नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध' और 1937 में 'यूनाइटेड प्रोविंसेज' नाम दिया गया। अंततः 24 जनवरी 1950 को इसे 'उत्तर प्रदेश' के नाम से पहचाना गया। आज यह प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस दौरान कई योजनाओं की शुरूआत की। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। अलग-अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया। सीएम ने कहा कि आज के इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के कर कमलों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में 5 लाख तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और 254 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो अब 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। अगले 4 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर के इकोनॉमी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के शासन की योजना को पहुंचाने का काम चल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिला प्रत्येक के विकास के लिए उत्तर प्रदेश में योजनाएं संचालित हो रही हैं। सभी जनजातीय बंधुओं तक हंड्रेड परसेंट सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। कानून व्यवस्था, निवेश, टूरिज्म और आधारभूत संरचना में सुधार कर उत्तर प्रदेश आज देश के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम जाति, भाषा या क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर हर गरीब और वंचित को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाकर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य बनाया गया है। यह देश का फूड बास्केट बन चुका है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और मेट्रो नेटवर्क के मामले में यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की ऐतिहासिक यात्रा, सांस्कृतिक धरोहर और उपलब्धियों को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रदेश तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ रहा है। सरकार की योजनाएं और प्रयास उत्तर प्रदेश को 'उद्यमियों का प्रदेश' और देश के विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस तीन दिवसीय समारोह ने न केवल प्रदेशवासियों को अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व करने का अवसर देगा, बल्कि भविष्य के लिए नए सपनों और उम्मीदों का संचार भी करेंगा। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 6 विशिष्ट व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जयवीर सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, जयदेवी, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य व अधिकारीगण मौजूद रहे।

महाराष्ट्र : आयुध

में सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ। जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट के समय एलटीपी सेक्शन में 14 कर्मचारी काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें से एक की मौत हो गई तथा अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीबीआई ने

पता चला है कि इन योजनाओं से प्राप्त अवैध आय को क्रिप्टोकरेंसी में परिवर्तित किया जा रहा था ताकि उनकी उत्पत्ति को छिपाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि आरोप है कि इन योजनाओं में 350 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया गया। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को दिल्ली, झारखंड, पंजाब, मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान, सीबीआई ने आरोपी व्यक्तियों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में कुल 38,414 अमेरिकी डॉलर (लगभग) की डिजिटल आभासी संपत्ति जब्त की, जिसे जांच के लिए डिजिटल रूप से सुरक्षित कर लिया गया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, तलाशी के परिणामस्वरूप 34.20 लाख (लगभग) रुपये नकद राशि बरामद हुई। इसके अलावा महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ, जिसमें सात मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, तीन हार्ड डिस्क, 10 पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, एटीएमाडेबिट कार्ड, ईमेल खाते और कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया है। सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में कहा, यह आरोप लगाया गया कि आरोपी व्यक्ति आपराधिक षड़यंत्र के तहत सक्रिय रूप से विभिन्न पोंजी और धोखाधड़ी योजनाएं चला रहे हैं, जिनमें क्रिप्टोकरेंसी निवेश के आधार पर अधिक लाभ का वादा किया जा रहा था। उन पर इन अनियमित जमा योजनाओं में निवेशकों को लुभाने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी को बढ़ावा देने, वादा करने और प्रसारित करने का भी आरोप है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसे नियामक प्राधिकरणों से अपेक्षित अनुमोदन के बिना संचालित होते हैं।

राष्ट्रीय खेलों

के संबंध में आधिकारिक मेल प्राप्त हुआ है। इसके बाद, आईओसी अब राष्ट्रीय खेलों का ब्रॉन्ज स्पॉन्सर होगा। राष्ट्रीय खेलों के लिए स्पॉन्सरशिप जुटाने के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मोर्चे पर खुद जुटे। केंद्र सरकार में मजबूत पैरवी की, तो बात बन गई। दरअसल, कुछ दिन पहले अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से मुलाकात की थी। उन्होंने पुरी को राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया था। साथ ही, आईओसी व ओएनजीसीसी से सीएसआर में स्पॉन्सरशिप दिलवाने का अनुरोध किया था। इस पर मंत्री ने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया था। किसी बड़े कार्यक्रम में प्रायोजक से मिलने वाली स्पॉन्सरशिप की राशि के हिसाब से उसकी श्रेणी तय की जाती है। आईओसी के स्तर पर राष्ट्रीय खेलों में हमेशा स्पॉन्सरशिप दी जाती रही है। राष्ट्रीय खेल सचिवालय से जुडे. अधिकारी प्रतीक जोशी के अनुसार-पिछले अनुभवों का अध्ययन करने के बाद आईओसी को ब्रॉन्ज कैटेगरी में स्पॉन्सर बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कैटेगरी के हिसाब से ही राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार में आईओसी नजर आएगा।

डॉ.अखिलेश

मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का काम किया। शहर में जगह-जगह अलाव जलायेजाने से आस-पास के जिलों से काम करने लखनऊ आए मजदूरों, अपने परिजनों का इलाज कराने आए तीमारदारों, रिक्शा-ऑटो रिक्शा चालकों, ट्रेनों और बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को सर्द रात काटने में काफी सुविधा हो रही है।

वक्फ विधेयक

अब्दुल्ला (द्रमुक), असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम), मोहिबुल्लाह (सपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) शामिल हैं। विपक्षी सदस्यों का निलंबन उस दिन हुआ जब मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर का एक प्रतिनिधिमंडल वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के समक्ष मसौदा कानून के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करने के लिए उपस्थित हुआ। समिति की बैठक हंगामेदार ढंग से शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष पर कार्यवाही में बाधा डालने और मनमानी से बैठक का एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। एक संक्षिप्त स्थगन के बाद दोबारा बुलाई गई समिति की बैठक में विरोध और हंगामा जारी रहने के कारण 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। बनर्जी ने कहा, 21 जनवरी को हमारी बैठक के बाद, अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया था कि अगली बैठक 24-25 जनवरी को होगी। विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया और ए राजा ने भी पत्र लिखकर 30 या 31 जनवरी के बाद बैठक निर्धारित करने का अनुरोध किया।

मंधाना-दीप्ति आईसीसी की महिला वनडे टीम में शामिल

पुरुष टीम में किसी भारतीय को जगह नहीं, मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाये

दुबई। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली। भारत की इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा महिला वनडे टीम में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो दो तथा श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट को महिला वनडे टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। वह आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर बनने की दौड़ में भी शामिल हैं।

दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले जिसमें उन्होंने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए। उन्हें ऑलराउंडर के रूप में आईसीसी की वर्ष की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है। इस बीच भारत का वर्ष 2024 में 50 ओवरों से प्रारूप में कम मैच खेलने का असर आईसीसी की वर्ष की पुरुष वनडे टीम में देखने को मिला जिसमें किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं दी गई है।

आईसीसी की वर्ष की पुरुष वनडे टीम में श्रीलंका के चार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन तथा वेस्टइंडीज का एक खिलाड़ी शामिल है। भारत ने पिछले साल केवल तीन वनडे खेले थे। श्रीलंका में खेले गए इन तीन मैच में से भारतीय टीम को दो मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच टाई समाप्त हुआ। श्रीलंका के कप्तान चैरिथ असलांका को आईसीसी वनडे टीम की कमान सौंपी गई है। उन्होंने पिछले साल 16 वनडे मैच में 50.2 की औसत से 605 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं।

आईसीसी की वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम:

स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

आईसीसी की वर्ष 2024 की पुरुष वनडे टीम :

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ़ (पाकिस्तान), एएम ग़ज़नफ़र (अफगानिस्तान)।

बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

दुबई। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है।

टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया।
बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट हासिल किए। बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय

बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 712 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए दबदबा बनाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जायसवाल ने पर्थ में पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वह 391 रन के साथ श्रृंखला में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए। रूट को भी आईसीसी की ऑल स्टार टीम में जगह मिली है।

संक्षेप

ऑस्ट्रेलिया की गैडेकी और पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब

मेलबर्न। ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी। दिलचस्प बात यह है कि फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाली दोनों जोड़ियों को वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया था। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

रणजी ट्रॉफी में जडेजा के अलावा बाकी सितारा क्रिकेटरों ने किया निराश

मुंबई। रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे जबकि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में सौराष्ट्र के लिये 12 विकेट चटकाये जिसमें पांच पहली और सात दूसरी पारी में लिये। उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके। भारतीय टीम के परिप्रेक्ष्य में जडेजा का प्रदर्शन ही सकारात्मक रहा क्योंकि गत चैम्पियन मुंबई के लिये रणजी क्रिकेट में वापसी करने वाले रोहित शर्मा का बल्ला खामोश ही रहा। रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन 19 गेंद में तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में तीन छक्के लगाये और पहले विकेट के लिये अपने टेस्ट जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल के साथ 54 रन की साझेदारी की। वह 35 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने जम्मू कश्मीर के गेंदबाजों को कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये और टुकड़ों में अपने पुराने फॉर्म की झलक दिखाई। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ रन बनाने वाले इकलौते भारतीय बल्लेबाज जायसवाल रणजी मैच की दो पारियों में चार और 26 रन बना सके। रणजी ट्रॉफी के पहले चरण के पांच मैचों में शानदार फॉर्म में रहे श्रेयस अय्यर मुंबई की दूसरी पारी में 16 गेंद में 17 रन ही बना पाये। पहले चरण में उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ 233 और ओडिशा के खिलाफ शतक बनाया था। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम में चुने गए अय्यर ने पहली पारी में सात गेंद में 11 रन बनाये। भारतीय टीम से बाहर तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने लगातार दूसरी पारी में अर्धशतक बनाया।

शेल्टन को हराकर सिनर लगातार दूसरे साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में

मेलबर्न। गत चैंपियन यानिक सिनर तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद शुक्रवार को यहां बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई और तीसरे ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर पहले सेट में पिछड़ गए थे और शेल्टन जब 6-5 के स्कोर पर सर्विस कर रहे थे तो दो बार पहला सेट गंवाने से सिर्फ एक अंक दूर थे। इटली के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि शेल्टन की सर्विस तोड़ी और फिर टाईब्रेकर जीतकर पहला सेट अपने नाम किया। सिनर ने दूसरे सेट की शुरुआत में भी शेल्टन की सर्विस तोड़कर अपना पलड़ा भारी किया। तीसरे सेट में हालांकि सिनर मुसीबत में दिखे। उन्हें पहले अपने बाएं पैर की मांसपेशी और फिर दाएं पैर की जांघ को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनर ने इसके बाद सिनर का उपचार किया और ब्रेक के दौरान उनके दोनों पैरों की मालिश की। सिनर ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन खिताब भी अपने नाम किया। उनकी नजरें अब रविवार को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर टिकी हैं। शुक्रवार को नोवाक जोकोविच के पैर में चोट के कारण सेमीफाइनल मुकाबले के बीच से हटने पर ज्वेरेव ने फाइनल में जगह बनाई।

खेल मंत्री ने शारीरिक रूप से दिव्यांग भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया।मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया। मांडविया ने एक बयान में कहा कि यदि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने कठिन चयन प्रक्रिया से लेकर श्रीलंका में अपने प्रदर्शन तक जो जुनून दिखाया है, वह आपके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत सहित छह में से पांच मैच जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। भारतीय टीम का चयन उदयपुर में हुआ जहां 28 राज्यों के 450 से अधिक क्रिकेटरों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस खिलाडयिों में से 56 खिलाड़ियों का चयन जयपुर में चैलेंजर ट्रॉफी के लिए किया गया और अंत में 17 खिलाड़ियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े मन्नी को विदाई दी

नयी दिल्ली। भारत के एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता राइडर अनुष अग्रवाला ने शुक्रवार को अपने घोड़े मन्नी के साथ सात साल पुरानी सफल साझेदारी के अंत की घोषणा की।

यह घोड़ा प्रतिस्पर्धी खेलों से रिटायर हो गया है। हांगझोउ एशियाई खेल 2023 ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने अपने घोड़े को भावुक विदाई दी। अनुष ने कहा कि मन्नी रिटायर होंगे और अब प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। अनुष ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो में कहा, मन्नी ने मुझे पहली बार कई उपलब्धियां दिलाईं- पहली बार ग्रां प्री में खेलना, पहली बार अंतरराष्ट्रीय ग्रां प्री में खेलना और पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोडियम पर जगह। वह मुझे उन बड़े अंतरराष्ट्रीय शो में ले गया जिनके बारे में मैंने केवल सपने देखे थे। उन्होंने कहा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, उसने मुझे सिखाया कि जब घोड़ा और सवार एक-दूसरे पर पूरी तरह भरोसा करते हैं तो यह कितना खूबसूरत होता है। उन्नीस साल के मन्नी ने अनुष को घुड़सवारी की दुनिया में चमकाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित ग्रां प्री स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल कराने तक, अनुष के करियर को आकार देने में मन्नी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। पिछले साल कोलकाता के 25 वर्षीय अनुष पेरिस खेलों के दौरान ओलंपिक में ड्रेसेज स्पर्धा में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बने थे।

38वें राष्ट्रीय खेल दल की रवानगी

अवनीश कुमार अवस्थी ने झंडी दिखाकर यूपी के दल को किया रवाना

लखनऊ। उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की रवानगी शुरू हो गई है। इसकी शुरूआत शुक्रवार को भव्य विदाई के साथ हुई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी (सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश) ने ओलंपिक ध्वज दिखाकर उत्तर प्रदेश के दल को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के

महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने मौजूद खिलाड़ियों को किट प्रदान कर उत्तर प्रदेश दल को किट वितरण की शुरूआत की। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेलों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि बेहतरीन तैयारियों के चलते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने प्रेषित शुभकामना संदेश में कहा कि आप सभी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें। हम सभी को आप पर गर्व है और हमें विश्वास है कि आप अपनी प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अब तक उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू, ट्रायथलॉन, हैंडबॉल, बीच हैंडबॉल, योगासन, बास्केटबॉल, साइकिलिंग, तीरंदाजी व बाक्सिंग टीम को किट प्रदान की चुकी है। आज समारोह में उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी, उत्तर प्रदेश दल के डिप्टी चीफ डि मिशन विनय कुमार सिंह (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) और डा.सुधर्मा सिंह (बीबीडी ग्रुप) व लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना भी उपस्थित रहे।
इस अवसर पर खिलाड़ियों और अधिकारियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने बेहतर प्रदर्शन के संकल्प के साथ विदाई ली।

भारत की निगाह शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर

चेन्नई। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी।

भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने

की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे। भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे। असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाए हैं। भारत की अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी की जगह टीम में लिया जाएगा। इंग्लैंड ने गस एटकिंसन की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्से को शामिल करके टीम में एक बड़ा बदलाव किया है।

पाकिस्तान और नेपाल ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते

कुआलालंपुर। पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते। युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया। दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से हनिया ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। एक अन्य मैच में नेपाल ने मलेशिया को केवल 45 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11 ओवर में तीन विकेट पर 47 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान पूजा महतो ने चार और रचना चौधरी ने तीन विकेट लिए। सुपर सिक्स के मैच शनिवार से खेले जाएंगे। पहले दिन अमेरिका का न्यूजीलैंड से, इंग्लैंड का नाइजीरिया से, दक्षिण अफ्रीका का आयरलैंड से और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज को ग्रुप एक में रखा गया है ।

लोगों को जमीन पर भी काम करने की जरूरत

विज्ञान के सहकारी क्षेत्र से जुड़ने पर कृषि हो जाती है लाभदायक व्यवसायः अमित शाह

एजेंसी

मालेगांव। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विज्ञान के सहकारी क्षेत्र का हिस्सा बनने पर कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन जाती है।

इसके साथ ही शाह ने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहते हुए उनके योगदान पर सवाल उठाया। उत्तर महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में सहकारिता क्षेत्र की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, सिर्फ नेता बनना ही काफी नहीं है, आपको जमीन पर भी काम करने की जरूरत होती है। शाह ने कहा कि विज्ञान के महत्व पर जोर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान के मशहूर नारे में जय विज्ञान को भी शामिल किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले शाह ने कहा कि जब विज्ञान सहकारी क्षेत्र का हिस्सा होता है तो कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन जाती है। उन्होंने कहा कि जैविक कृषि उत्पादों की पैकेजिंग एवं विपणन के लिए सहकारिता मंत्रालय के तहत एक अलग इकाई भारत सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड) की स्थापना की गई है। शाह ने कहा कि एक मजबूत सहकारी क्षेत्र सही मायने में आत्मनिर्भर होने का संकेत देता है। इस क्षेत्र में 1.18 लाख सदस्य हैं और उनकी सरकार ने जुलाई, 2021 में स्थापित सहकारिता विभाग के कई लंबित मुद्दों को हल किया है। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों का 46,000 करोड़ रुपये का कर घटा दिया गया है। नए गोदाम बनाए गए हैं, ऋण वितरित किए गए हैं, एथनॉल मिश्रण के लिए कदम उठाए गए हैं। गन्ना प्रसंस्करण के उप-उत्पाद एथनॉल को पेट्रोल में मिलाया जा सकता है जिससे ईंधन की लागत में कमी आएगी और हानिकारक कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। शाह ने महाराष्ट्र राजनीति के पुराने दिग्गज पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि संप्रग सरकार के समय दस साल तक केंद्रीय कृषि मंत्री रहते समय सहकारी क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में ही था। शाह ने मंत्री के तौर पर पवार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपने इस क्षेत्र के लिए क्या किया है... क्या आपने कर मुद्दों को हल किया, कर के संबंध में मॉडल उपनियम बनाए? मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय को एक अलग इकाई के रूप में बनाया। मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए, जेलेंस्की बातचीत के लिए तैयारः ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति के साथ यथाशीघ्र मुलाकात करेंगे।

इससे पहले उन्होंने अपने रूसी समकक्ष को यूक्रेन के साथ बेवकूफी भरी जंग खत्म करने या फिर ऊंचे शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी थी। 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले ट्रंप ने बुधवार को अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर यह बात कही। बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि रूस पर प्रतिबंध पुतिन को बातचीत करने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा कि रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वे समझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऐसा कोई युद्धक्षेत्र नहीं देखा गया... और मेरे पास ऐसी तस्वीरें हैं जिन्हें आप नहीं देखना चाहेंगे। हर दिन इतनी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं, जैसा हमने दशकों में नहीं देखा। इस युद्ध को समाप्त करना अच्छा होगा। यह एक हास्यास्पद युद्ध है। एक अन्य सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन समझौता करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने कहा, वह (वोलोदिमिर जेलेंस्की) समझौता करने के लिए तैयार हैं। वह रुकना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने बहुत सारे सैनिक खो दिए हैं। रूस ने भी ऐसा ही किया।

संक्षेप

आपका वोट है अमूल्य : केजरीवाल

नयी दिल्ली। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को मतदाताओं से पैसों और उपहारों के जरिये उनके वोट हासिल करने की कथित रूप से की जा रही कोशिश से बचकर रहने की अपील की। उन्होंने भाजपा पर चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सोने की चेन, साड़ियां, जूते एवं नकदी बांटने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में लोगों से कहा, यह आपका पैसा हैअ पैसे ले लीजिए। लेकिन अपना वोट।,100 रुपये या एक साड़ी के लिए मत बेचिए। आपका वोट अमूल्य है। उन्होंने उनसे इन चीजों के बजाय लोकतंत्र को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। उन्होंने मतदाताओं को उनके वास्ते वोट का अधिकार हासिल करने के लिए बी आर आंबेडकर के संघर्ष की याद दिलाई। आप संयोजक ने कहा, अगर हमारे वोट खरीदे जा सके, तो हमारा लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। केवल अमीरों का शासन होगा। किसी को भी वोट दें, लेकिन पैसे बांटने वालों को नहीं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्तारूढ़ आप सत्ता बरकरार रखने को लेकर जद्दोजहद कर रही है। वर्ष 2013 में आप दिल्ली में 49 दिन के लिए सत्ता में रही। इसके बाद वर्ष 2015 में विधानसभा चुनाव हुए।

पीएम ने रुपये का शतक लगवाने की ठान ली है : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि वह रुपये का शतक लगवाकर ही मानेंगे। पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में रुपये के मूल्य में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है तथा रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार से अरबों डॉलर खर्च करने के बावजूद रुपया संभल नहीं रहा है।

सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार और अमेरिकी मुद्रा सूचकांक में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 18 पैसे की बढ़त के साथ 86.26 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया बृहस्पतिवार को नौ पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.44 पर बंद हुआ था। श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में मैग्निफाइंग ग्लास दिखाते हुए कहा, मैं ढूंढ रही हूं कि रुपया कहां तक गिरता चला गया है? इसी के साथ यह भी ढूंढ रही हूं कि प्रधानमंत्री की गरिमा कहां तक गिरी है? आज रुपया ढूंढने पर भी नहीं मिल रहा है, गिरता ही चला जा रहा है, संभाले नहीं संभल रहा। रुपया 87 पर गोते लगाने को तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी को कोई बताए कि रुपये का शतक नहीं लगवाना है, रुपये को संभालना है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की एक पुरानी टिप्पणी का हवाला देते हुए कटाक्ष किया, एक बड़े महान अर्थशास्त्री ने कहा था कि जैसे-जैसे रुपया गिरता है, प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा गिरती है। सुना है प्रधानमंत्री आवास पर खुदाई चल रही है और ढूंढा जा रहा है कि प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा आखिर कौन से गड्ढे में जाकर गिर गई है।

ऐसा इसलिए क्योंकि रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर 87 पार जाने की कोशिश में है। श्रीनेत के अनुसार, जब नरेन्द्र मोदी मई 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बने थे, तब डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 58 थी। उन्होंने कहा कि मई, 2014 में एक डॉलर 58 रुपये का था और जनवरी 2025 में। डॉलर की कीमत 87 रुपये है।

श्रीनगर में पारा माइनस 3.3 डिग्री पहुंचा

श्रीनगर। कश्मीर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने महीने के अंत तक मुख्यतः शुष्क मौसम रहने का अनुमान लगाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में बृहस्पतिवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बृहस्पतिवार की रात के तापमान से दो डिग्री सेल्सियस कम था। दक्षिण कश्मीर की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में से एक पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पिछली रात शून्य से नीचे 5.6 डिग्री सेल्सियस था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक रात पहले की तुलना में एक डिग्री अधिक है। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.5 डिग्री सेल्सियस, पांपोर के कोनिबल में शून्य से नीचे 5 डिग्री सेल्सियस, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे चार डिग्री सेल्सियस और कोकेरनाग में शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर में इस समय चिल्लई-कलां का दौर चल रहा है, जो 21 दिसंबर से शुरू होता है और 30 जनवरी को समाप्त होता है। इस दौरान हिमपात की संभावना सबसे अधिक होती है और पारा काफी गिर जाता है। चिल्लई-कलां के बाद 20 दिन का चिल्लई-खुर्द (हल्की ठंड) और फिर 10 दिन का चिल्लई-बच्चा (नरम ठंड) होता है। मौसम विभाग ने कहा कि 29 जनवरी तक बादल छाए रहने की संभावना है। 29 जनवरी की रात या 30 जनवरी की सुबह के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात होने की संभावना है जिसके बाद मौसम आंशिक रूप से सामान्य तौर पर बना रहेगा।

सीबीआई ने मृत्युदंड की मांग के साथ अपील की

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर अस्पताल बलात्कार एवं हत्या मामले के दोषी संजय रॉय के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में अपील की।

रॉय के लिए मृत्युदंड की मांग अधीनस्थ अदालत से खारिज हो जाने के बाद सीबीआई ने उच्च न्यायालय का रूख किया है। रॉय को नौ अगस्त, 2024 को आरजी कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या कर देने का दोषी पाया गया है न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि वह 27 जनवरी को सीबीआई की अपील पर सुनवाई करेगी और साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार की उस प्रार्थना पर भी सुनवाई करेगी जिसमें इसी तरह की याचिका के साथ उसकी अपील को स्वीकार करने का अनुरोध किया गया है। उप सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने खंडपीठ के सामने इस मामले का उल्लेख करते हुए उससे सीबीआई की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया। सीबीआई का प्रतिनिधित्व करते हुए मजूमदार ने कहा कि मामले की जांच कर चुकी इस केंद्रीय एजेंसी को सजा की अपर्याप्तता के आधार पर अधीनस्थ अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का अधिकार है। सियालदह की एक अधीनस्थ अदालत ने 20 अगस्त को रॉय को जीवन की आखिरी सांस तक के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने 22 जनवरी को कहा था कि राज्य सरकार की अपील को स्वीकार करनोन करने पर निर्णय लेने से पहले वह सीबीआई, मृत चिकित्सक के परिवार वालों एवं दोषी का पक्ष सुनेगी। सीबीआई ने इस मामले में अपील करने के पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकार का विरोध करते हुए यह दावा किया था।

बंधुआ मजदूरों के रूप में तस्करी किये गये लोगों से जुड़ी याचिका पर मतभेद नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि बंधुआ मजदूर के रूप में तस्करी किये गए लोगों के मूल अधिकारों को लागू करने की याचिका पर कोई मतभेद नहीं है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने यह टिप्पणी की। इससे पहले, अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि शीर्ष अदालत के 21 नवंबर 2024 के निर्देश के अनुपालन में एक समिति गठित की गई और इस मुद्दे पर सिफारिशें की गईं। शीर्ष अदालत ने नवंबर 2024 के अपने आदेश में, केंद्र से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक बैठक बुलाने को कहा था ताकि बंधुआ मजदूरों की अंतर-राज्यीय तस्करी के मुद्दे का समाधान किया जा सके। शुक्रवार को वेंकटरमणी ने कहा कि केंद्र ने एक हलफनामा दाखिल किया है और कहा है कि इस मुद्दे पर एक समिति गठित की गई है और कुछ सिफारिशें की गई हैं। पीठ ने कहा कि यह किसी मतभेद वाला मुकदमा नहीं है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि वे इस मामले में अपने सुझाव देंगे, जिसके बाद पीठ ने सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए निर्धारित कर दी। नवंबर 2024 के अपने आदेश में, पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील की इन दलीलों पर गौर किया कि मुक्त कराये गए बच्चों सहित बंधुआ मजदूरों को तत्काल वित्तीय सहायता देने के संबंध में विभिन्न कठिनाइयां पेश आईं।

इंटरटेनमेंट...

ऑस्कर के लिए नामित हुई लघु फिल्म अनुजा



नयी दिल्ली। अभिनेत्री एवं निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस, मिंडी कलिंग और ऑस्कर विजेता गुनीत मोंगा ने अपनी लघु फिल्म अनुजा के 2025 ऑस्कर में लाइव एक्शन शॉर्ट श्रेणी में नामित किए जाने पर खुशी जाहिर की है। एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई द्वारा निर्देशित अनुजा नौ साल की एक प्रतिभाशाली अनुजा की कहानी है, जिसे अपनी बहन के साथ फैक्टरी में काम करने और शिक्षा में से किसी एक को चुनना पड़ता है। यह एक ऐसा फैसला है जो उन दोनों के भविष्य को आकार देगा। इसमें सजदा पठान और अनन्या शानबाग मुख्य भूमिका में हैं।

गुनीत मोंगा फिल्म की कार्यकारी निर्माता तथा मिंडी कलिंग इस की निर्माता हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा भी कार्यकारी निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ी थीं। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा अनुजा 2025 ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शॉर्ट की श्रेणी में नामित हुई है। यह अविश्वसनीय है। इस सम्मान के लिए अकादमी (पुरस्कार) का शुक्रिया, हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। कलिंग ने लिखा हम ऑस्कर 2025 में सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शॉर्ट की श्रेणी में नामित होकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। गुनीत मोंगा ने लिखा कहा यह फिल्म उन बच्चों के साहस को सलाम करती है जो कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराने का कारण ढूंढ़ लेते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म का ऑस्कर के लिए चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि कैसे दिल से बनाई गई कहानी सभी सीमाओं को पार कर सकती है।

साथ ही शिक्षा, बाल श्रम अधिकारों और हर जगह छोटे बच्चों के सपनों के बारे में सार्थक चर्चा शुरू कर सकती है। अनुजा का निर्माण सलाम बालक ट्रस्ट (एसबीटी) के सहयोग से किया गया है। एसबीटी फिल्म निर्माता मीरा नायर के परिवार द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो सड़क पर रहने वाले और काम करने वाले बच्चों की सहायता करती है। इसके अलावा फिल्म के निर्माण में शाइन ग्लेबल और कृष्ण नाइक फिल्म्स ने भी सहयोग किया है। अकादमी पुरस्कार 2025 समारोह दो मार्च को अमेरिका के लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होगा। हाल में, अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास इस परियोजना में कार्यकारी निर्माता के रूप में शामिल हुईं। अनुजा के अलावा, आई एम रेडी, वार्डन एक और फिल्म है जो भारत से जुड़ी हुई है।

10 अप्रैल को रिलीज होगी सनी देओल की जाट

नयी दिल्ली। अभिनेता सनी देओल की फिल्म जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की। मैथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी द्वारा निर्मित यह एक्शन फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

डॉन सीनू, बॉडीगार्ड, बालूपू और वीरा सिम्हा रेड्डी जैसी फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी ने जाट फिल्म का निर्देशन किया है। निर्माण कंपनी पीपल मीडिया फैक्टरी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, अभिनेता सनी देओल बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। फिल्म जाट हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। देओल ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा की।

पिता की विरासत की अनदेखी से था बेचैन : राकेश रोशन



मुंबई। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने कहा है कि वृत्तचित्र-श्रृंखला द रोशन्स उनके दिवंगत पिता एवं संगीतकार रोशन लाल नागरथ की उपलब्धियों को बयां करती है। राकेश के अनुसार, उन्होंने जब पाया कि उनके पिता के गीत कई संगीत संकलन में शामिल नहीं हैं, तो उन्होंने यह श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा वर्तमान में (ओटीटी प्लेटफॉर्म) नेटफ्लिक्स पर प्रसारित द रोशन्स, संगीतकार रोशन की विरासत पर आधारित है, जिन्होंने मोहम्मद रफी, मुकेश और तलत महमूद जैसे प्रतिष्ठित गायकों के साथ काम किया था। यह श्रृंखला उनके परिवार के सदस्यों, उनके बेटों, राकेश और राजेश तथा पोते ऋतिक के फिल्म उद्योग में योगदान को रेखांकित करती है। राकेश को सात साल पहले एक पुराना ट्रांजिस्टर मिला था।

सच्चाई दिखाने वाली फिल्में हो जाती हैं बैन



कोझिकोड (केरल), 24 जनवरी (भाषा) अभिनेता नसीरुद्दीन शाह का मानना है कि सिनेमा अपने समय के समाज का चित्रण करता है, लेकिन उन्हें चिंता है कि अगर भविष्य की पीढ़ियां आज के भारत को समझने के लिए बॉलीवुड फिल्मों को देखेंगी तो यह एक बड़ी त्रासदी होगी।

निशांत, आक्रोश, स्पर्श और मासूम जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए चर्चित शाह केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के आठवें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा मुझे लगता है कि गंभीर सिनेमा का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य दुनिया में बदलाव लाना नहीं है। मुझे नहीं लगता कि एक फिल्म देखने के बाद किसी की सोच बदल जाती है, चाहे वह कितनी भी शानदार क्यों न हो। हां, यह आपको कुछ सवाल उठाने में मदद कर सकती है। शाह (74) ने अभिनेत्री पार्वती तिरुवोतु के साथ बातचीत में कहा, लेकिन मेरे विचार से सिनेमा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य अपने समय का रिकॉर्ड बनाना है। ये फिल्में 100 साल बाद देखी जाएंगी और अगर 100 साल बाद लोग जानना चाहेंगे कि 2025 का भारत कैसा था और उन्हें कोई बॉलीवुड फिल्म मिल जाए, तो मुझे लगता है कि यह एक बड़ी त्रासदी होगी। शाह ने उन कठिनाइयों को भी उजागर किया जो फिल्मकारों को समय की वास्तविकताओं को दर्शाने वाली ईमानदार फिल्में बनाने में आती हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई को दिखाने की कोशिश करने वाली फिल्मों को अक्सर प्रतिबंध का सामना करना पड़ता है या उसे दर्शक नहीं मिलते हैं क्योंकि उनमें सफल फिल्मों के समान व्यावसायिक तत्वों की कमी होती है। शाह का कहना है कि उनके लिए किसी फिल्म की सफलता या असफलता कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण बात यह है कि फिल्म उन चंद लोगों तक पहुंचे जो इसे देखते हैं। अगर मेरा काम दुनिया के एक भी व्यक्ति को प्रभावित करता है, तो मेरे लिए यह काफी है।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA National Board of Accreditation
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Pharmacy • Dental Science • Education
• Architecture • Applied Sciences • Legal Studies • Hotel Management
• Computer Applications • Humanities & Social Sciences • Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFG tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com